

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 अडानी ग्रुप के शेयरों पर फिर संकट, हप्ते भर में डूबे 10 बिलियन...

नवीन पटनायक को है भरोसा, 2024 में मोदी ही बनेंगे पीएम ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 09 | पटना, शनिवार, 20 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 40°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे चला रहा है 380 स्पेशल ट्रेन

विशेष ट्रेनें 80 हजार से अधिक डिब्बों के साथ 6369 फेरे लगायेंगी

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों को अपने घर या पर्यटक स्थलों पर जाने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिए भारतीय रेलवे 380 समर स्पेशल ट्रेन चला रहा है।

रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गर्मी के मौसम में रेलयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को क्लियर करने के लिए भारतीय रेलवे ने कुल 6,369 फेरों वाली 380 विशेष ट्रेनें शुरू की हैं। बयान में कहा गया है कि गत वर्ष गर्मियों में चलाई गई 348 ट्रेनों के 4,599 फेरों की तुलना में भारतीय रेलवे इस साल 1,770 अधिक फेरे चला रहा है। पिछली गर्मियों में औसतन 13.2 फेरे प्रति ट्रेन चलाई गई थी, चालू वर्ष में प्रति विशेष ट्रेन 16.8 फेरे लगाए जा रहे हैं। रेलवे के अनुसार इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करते हुए ट्रेन सेवाओं की अतिरिक्त मांग को पूरा करना है। कुल मिलाकर, 6369 फेरों वाली इन 380 विशेष ट्रेनों में 25794 सामान्य डिब्बे और 55243 शयनयान डिब्बे हैं। सामान्य कोच में 100 यात्रियों की क्षमता होती है जबकि स्लीपर कोच में आईसीएफ में 72 और एलएचबी में 78 यात्रियों की क्षमता होती है। इसमें जुड़े प्रमुख गंतव्यों में पटना-सिकंदराबाद, पटना-यशवंतपुर, बरौनी-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-पटना, नई दिल्ली-कटरा, चंडीगढ़-गोरखपुर, आनंद विहार-पटना, विशाखापत्तनम-पुरी-हावड़ा, मुंबई-पटना, मुंबई-गोरखपुर शामिल हैं। गर्मियों की भीड़ को पूरा करने के लिए देश भर में फैले सभी जोनल रेलवे ने

विशेष फेरे चलाने की तैयारी कर ली है। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली जैसे विभिन्न राज्यों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य रूप से कर्नाटक क्षेत्र के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे पिछले साल 779 फेरे की तुलना में इस गर्मी के मौसम में अधिकतम 1790 फेरे चला रहा है, जबकि पश्चिम रेलवे मुख्य रूप से गुजरात राज्य के लिए कैटरिंग कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा 784 फेरे चलाए जा रहे हैं जो पिछले वर्ष की तुलना में 80 फेरे अधिक हैं। देश के उत्तरी हिस्से में भारी भीड़ से निपटने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे 400 फेरे, पूर्व मध्य रेलवे 380 फेरे चला रहा है। उत्तर रेलवे ने भी इस साल 324 फेरे चलाने की योजना बनाई है।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिले में कमला बलान नदी के तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य फेज-2 का किया कार्यारंभ

विरोधी दलों को एकजुट होना देशहित में : नीतीश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सारे विरोधी दल जब एकजुट हो जाएंगे तो ये देश के हित में होगा और उसके लिए प्रयास चल रहा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जिले के कोठराम में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 296.89 करोड़ रुपये की लागत से कमला बलान नदी के बायां एवं दायां तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य फेज-2 का कायार्रंभ करने के बाद संवाददताओं से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही।

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत हुई है। वहां जो मुख्यमंत्री बननेवाले हैं उनसे मेरा पहले से संपर्क है। उन्होंने मुझे शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया है और फिर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी फोन कर कहा कि आप शपथ ग्रहण समारोह में आइए, हमने वहां जाने की सहमति दे दी है। सारे विरोधी दल जब एकजुट हो जाएंगे तो ये देश के हित में होगा। उसके लिए प्रयास चल रहा है। जाति आधारित गणना को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद हम कोई कमेंट नहीं करते हैं। ये उचित नहीं होगा। कानून बनाने की बात पर अभी कुछ भी कहना उचित नहीं होगा। पहले हम बता चुके हैं कि जाति आधारित गणना क्यों की जा रही है। वर्ष 2011 में राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना भी हो चुकी है। हमलोगों ने केंद्र सरकार से इसको लेकर मांग की थी और प्रधानमंत्री से मिले भी थे लेकिन जब वो तैयार नहीं हुए और कहा गया कि आपलोग अपने यहां कीजिए हमलोगों ने यहां पर सभी पार्टियों की राय से यह काम शुरू करवाया। जाति आधारित गणना से लोगों की आर्थिक स्थिति का भी पता चल जाएगा चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या समुदाय के हो, दलित-महादलित, बैकवर्ड, हिंदू-मुस्लिम कोई डॉ सरकार का उद्देश्य है कि सबों की स्थिति को बेहतर करना। जब जाति आधारित गणना की बात हुई थी उस समय भाजपा साथ में थी, उसी समय उसने क्यों नहीं कहा था कि इसके लिए कानून बनाएं।

तटबंध की मजबूती को लेकर सारे काम तेजी से करें पूरा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिले के कोठराम में जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत 298.89 करोड़ रुपये की लागत से कमला बलान नदी के बायां एवं दायां तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढीकरण एवं पक्कीकरण कार्य फेज-2 का शिलापट्ट अनावरण कर कायार्रंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि कमला बलान नदी के दोनों तटबंधों के ऊँचीकरण, सुदृढीकरण एवं पक्कीकरण का कार्य बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। इससे संबंधित लघु फिल्म भी यहां दिखाई गई। वर्षा के दिनों में नेपाल से काफी मात्रा में पानी आने के कारण बिहार की विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है और बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे काफी नुकसान होता है।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों के समक्ष संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले फेज के तहत काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज दूसरे फेज का भी शिलान्यास हो गया है। अगले साल तक इस दूसरे फेज का काम भी तेजी से पूरा करें। यहां तटबंध पर जो काम चल रहा है उसके संबंध में भी हमने कहा है कि इसकी चौड़ाई का ध्यान रखिएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सहुलियत हो। यह काम पूरा हो जाएगा तो लोगों को संकट का सामना नही करना पड़ेगा। आज हमने एरियली भी देखा है और जाकर स्थल निरीक्षण भी किया है। उन्होंने कहा कि नेपाल से बहुत कुछ उम्मीदें थीं लेकिन उपर से कुछ हो नहीं रहा है। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि आज जो कार्य की शुरूआत की गई है इसको तेजी से पूरा करा दीजिए, इस बात से हमको खुशी होगी। लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका आपलोग ध्यान रखें। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित कुमार यादव, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री ने कमला बलान नदी के बायां एवं दायां तटबंध की वर्तमान स्थिति एवं फेज-1 के तहत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति का एरियल सर्वे के पश्चात स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन विभाग द्वारा जल प्रबंधन, बाढ़ की समस्या से निजात, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल आदि पर आधारित तैयार कराई गई लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई।

देश का रक्षा उत्पादन पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। देश का रक्षा उत्पादन पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का अस्थायी आंकड़ा 1,06,800 करोड़ रुपये रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा उत्पादन बढ़ाने के सतत प्रयासों से वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का कुल मूल्य पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक रहा। मंत्रालय ने कहा, बीते वित्त वर्ष में रक्षा उत्पादन का मूल्य फिलहाल 1,06,800 करोड़ रुपये आंका गया है। निजी क्षेत्र की कुछ रक्षा इकाइयों से आंकड़ा मिलने के बाद इस मूल्य में अभी बढ़ोतरी होगी। इस तरह रक्षा उत्पादन में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 में रक्षा उत्पादन 95,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

रक्षा मंत्रालय ने उत्पादन मूल्य में बढ़ोतरी के लिए सरकार के प्रोत्साहक कदमों को श्रेय देते हुए कहा, सरकार लगातार रक्षा मंत्रालय और उससे जुड़ी इकाइयों के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि चुनौतियों को दूर कर देश में रक्षा उत्पादन बढ़ाया जा सके। बयान के मुताबिक, रक्षा विनिर्माण में कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के साथ एमएसएमई एवं स्टार्टअप की भागीदारी के जरिये रक्षा उत्पादों के स्वदेशी डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले सात-आठ वर्षों में उद्योगों को दिए गए रक्षा लाइसेंस में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस तरह के प्रयासों से मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 तक 25 अरब डॉलर (1.75 लाख करोड़ रुपये) का रक्षा उत्पादन लक्ष्य रखा है जिसमें 35,000 करोड़ रुपये के सैन्य उत्पादों का निर्यात करने का लक्ष्य भी शामिल है। भारत दुनिया भर में सैन्य उत्पादों का बड़ा आयातक है। एक अनुमान के मुताबिक अगले पांच वर्षों में भारतीय सैन्यबल 130 अरब डॉलर मूल्य के रक्षा उपकरण खरीदने वाले हैं।

संक्षिप्त खबरें

अंडमान सागर, निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ा मानसून : आईएमडी

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम मानसून शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व हिस्से, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर की ओर पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि केरल में मानसून के आने में एक जून की सामान्य तिथि से थोड़ा समय लगेगा। आईएमडी ने कहा, दक्षिण पश्चिम मानसून आज बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व हिस्से, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। विभाग ने कहा कि अगले तीन-चार दिनों में बंगाल की दक्षिण खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम कार्यालय ने मंगलवार को अनुमान जताया था कि केरल में मानसून की शुरूआत चार दिनों की देरी से (चार जून से) होने की संभावना है। केरल में मानसून पिछले वर्ष 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को पहुंचा था। भारत की 3500 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 15 प्रतिशत है और एक अच्छा मानसून खेतों को पानी देने के अलावा जलाशयों के पुनर्भरण में मदद करता है।

सिद्धरमैया के शपथ ग्रहण समारोह में विपक्षी दलों का होगा जुटान

बेंगलुरु। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों में मिली जीत के ठीक एक सप्ताह बाद सिद्धरमैया शनिवार को यहां दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में दिग्गजों का जुटान होगा। कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे ने समान विचारधारा वाले कई दलों के नेताओं को शपथ-ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया है। खरगे ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को आमंत्रित किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य लोगों को भी निमंत्रण भेजा गया है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल को दोपहर साढ़े 12 बजे कांतीरवा स्टेडियम में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसी स्टेडियम में सिद्धरमैया ने 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देश में 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले के लिए एकता के प्रयासों के बीच यह आयोजन विपक्षी दलों के लिए शक्ति प्रदर्शन का अवसर बन सकता है। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को सिद्धरमैया को अगले मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार को एकमात्र उपमुख्यमंत्री के रूप में नामित किया। बाद में कांग्रेस विधायक दल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में सिद्धरमैया को औपचारिक रूप से उसका नेता व मुख्यमंत्री चुन लिया गया। इसके बाद सिद्धरमैया (75) ने राज्यपाल के पास दावा पेश किया और जिन्होंने सरकार गठन के लिये उन्हें आमंत्रित किया। सिद्धरमैया 2013 में पांच साल के कार्यकाल के बाद कल दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं पूर्व में सिद्धरमैया की सरकार में मंत्री रहे 61 वर्षीय शिवकुमार अगले वर्ष संसदीय चुनावों तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने रहेंगे।

दो हजार रुपये के नोट का प्रचलन हुआ बंद 30 सितंबर तक बैंको में कर सकेंगे जमा

प्रात : किरण

मुंबई/ एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नोटबंदी के बाद नवंबर 2016 में चलन में आये दो हजार रुपये के नोट के प्रचलन को बंद करने की शुक्रवार को घोषणा की। लेकिन 30 सितंबर तक यह मुद्रा बदली या जमा की जा सकेगी। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में एक बयान जारी करके कहा कि नवंबर 2016 में प्रचलित 500 रुपये और एक हजार रुपये के बैंक नोट के प्रचलन को बंद करने के बाद अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए दो हजार रुपये के नोट जारी किये गये थे। वर्ष 2018-19 में ही दो हजार रुपये के नोट की छपाई बंद कर दी गयी थी और जो प्रचलन में हैं उनमें से 89 प्रतिशत नोट मार्च 2017 से चलन में आये थे। इन नोटों की लाइफ चार से पांच वर्ष बतायी गयी थी। बयान में कहा गया है कि मार्च 2018 में 6.73 लाख करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार रुपये के नोट प्रचलन में थे जो कुल प्रचलित नोटों का 37.3 प्रतिशत था। यह संख्या मार्च 2023 में घटकर 3.62 लाख करोड़ रुपये पर आ गयी और कुल प्रचलित नोट में इसकी हिस्सेदारी भी घटकर 10.8 प्रतिशत हो गयी। वर्तमान में जो

बैंक नोट प्रचलन में है वे अर्थव्यवस्था की मांग पूरी करने में सक्षम है इसलिए केन्द्रीय बैंक की स्वच्छ नोट नीति के तहत दो हजार रुपये के नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। उसने कहा कि दो हजार रुपये के नोट हालांकि 30 सितंबर तकवैद्य मुद्रा बने रहेंगे। वर्ष 2013-14 में भी इसी तरह से प्रचलन के रुपये वापस लिये गये थे। उसने कहा कि दो हजार रुपये के नोट 30 सितंबर तक लोग बदल सकते हैं या जमा करा सकते हैं। 23 मई से एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये बदले जा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों को दो हजार रुपये के नोट तत्काल प्रभाव से जारी नहीं करने की सलाह दी गयी है। उसने कहा कि बैंकों के लिए अलग से निदेशानिर्देश जारी किये गये हैं और 20 हजार रुपये तक के दो हजार रुपये के नोट बदलने की व्यवस्था उसके 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी की गयी है।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन के चारो ओर रिंग बांध के पुनस्थापन कार्य का किया उद्घाटन

सीएम ने दरभंगा हवाई अड्डा के सौदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल संसाधन विभाग द्वारा बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने हेतु दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन के चारो ओर 14 करोड़ 19 लाख 22 हजार रुपये की लागत से निर्मित 11.84 किलोमीटर की लम्बाई में रिंग बांध के पुनस्थापन कार्य का उद्घाटन किया तथा मोजाइक आर्ट में मिथिला पेंटिंग का प्रदर्शन एवं हवाई अड्डा के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन परिसर के अंदर जमा होने वाले वर्षा के पानी की निकास हेतु बांध पर स्लुईस गेट का निर्माण भी कराया गया है। वहीं रिंग बांध के सतत निगरानी हेतु इसके ऊपर पूरी लम्बाई में पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। दरभंगा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को मिथिला की संस्कृति एवं क्षेत्रीय कला से परिचय कराने हेतु विभिन्न पैनलों में मिथिला पेंटिंग का प्रदर्शन बड़ी बारीकी से

मोजाइक आर्ट में किया गया है। रिंग बांध की पूरी लम्बाई में पी०सी०सी० सड़क निर्माण तथा एयरफोर्स स्टेशन परिसर भाग में बांध के स्लोप में 2 किलोमीटर लम्बाई में पेभर ब्लॉक पिचिंग का निर्माण कराया गया। साथ-साथ दरभंगा एयरपोर्ट के अंदर रनवे मुख्य द्वार के बाएं एवं दाएं भाग में बांध के स्लोप वाले भाग पर विभिन्न 10 पैनलों में मोजाइक आर्ट में मिथिला पेंटिंग को उकेरा गया है। मुख्यमंत्री ने इनमें से सात पैनलों का अवलोकन किया साथ ही एयरफोर्स स्टेशन को बाढ़ से सुरक्षा हेतु निर्मित रिंग बांध का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल द्वारा बांध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को आनंद मोहन को छूट से संबंधित रिकॉर्ड पेश करने को कहा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार सरकार को पूर्व सांसद आनंद मोहन को दी गई छूट के संबंध में मूल रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया, जिन्हें 1994 में गोलापगंज के जिलाधिकारी जी. कृष्णया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस सूर्यकांत और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने बिहार सरकार के वकील को मोहन को दी गई छूट से संबंधित मूल रिकॉर्ड अदालत के अवलोकन के लिए पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई अगस्त में निर्धारित की है। 8 मई को, सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस अधिकारी जी. कृष्णया की विधवा की याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिन्हें 1994 में सिंह के नेतृत्व वाली भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था, आनंद मोहन की जेल से समय से पहले रिहाई के खिलाफ। उमादेवी कृष्णया द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, मौत की सजा के विकल्प के रूप में एक दोषी को दी गई आजीवन कारावास की सजा को अलग तरह से देखा जाना चाहिए और पहली पसंद की सजा के रूप में दिए गए सामान्य आजीवन कारावास से अलग किया जाना चाहिए। मौत की सजा का एक विकल्प, अदालत द्वारा निर्देशित सख्ती से किया जाना चाहिए और छूट के आवेदन से परे होगा। कहा, आजीवन कारावास का अर्थ है पूरा जीवन। इसकी 14 साल की व्याख्या नहीं की जा सकती है। इसका मतलब है कि अंतिम सांस तक कारावास।

शिखर सम्मेलन जापान, पापुआ न्यूगिनी एवं ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रवाना होने के पहले दिये एक साक्षात्कार में बोलें पीएम

पाक, चीन से सामान्य संबंध के लिए सीमा पर आतंक मुक्त माहौल जरूरी : मोदी

प्रात : किरण

हिरोशिमा/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान एवं चीन के साथ सामान्य पड़ोसी देशों जैसे संबंध रखने की की इच्छा का इजहार करते हुए कहा है कि इसके लिए सीमा पर शांति स्थिरता और आतंकवाद एवं शत्रुता की भावना से मुक्त वातावरण जरूरी है। श्री मोदी ने जापान, पापुआ न्यूगिनी एवं ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रवाना होने के पहले नई दिल्ली में जापानी अखबार निक्केई एशिया को दिये एक साक्षात्कार में यह बात कही। आज यहां प्रकाशित इस साक्षात्कार में श्री मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष, रूस भारत कारोबार, क्वॉड और शंघाई सहयोग संगठन, चीन एवं पाकिस्तान, भारत में चुनावों एवं अमृतकाल में भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य पर भी बात की। श्री मोदी जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर आज रात जापान के ऐतिहासिक नगर हिरोशिमा पहुंचे जहां वह शनिवार एवं रविवार को जी-7 शिखर सम्मेलन और क्वॉड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। हिरोशिमा पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जी-7 के शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के 125 विकासशील देशों की आवश्यकताओं एवं चिंताओं को प्रतिध्वनित करने और वह इसवर्ष की भारत की अध्यक्षता वाले जी- 20 समूह के साथ तालमेल बढ़ाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में वैश्विक परिवर्तनों एवं चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं इन चुनौतियों से निपटने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर

जोर दूंगा। बैठक में भारत का अनुभव दृढ़ता से प्रतिध्वनित होगा। श्री मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ के एक सदस्य के रूप में, किसी भी बहुपक्षीय सेटिंग में हमारी रुचि विविध आवाजों के बीच एक सेतु के रूप में काम करना और रचनात्मक और सकारात्मक एजेंडे में योगदान देना है। उल्लेखनीय है कि भारत ने दिसंबर में इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। इसके तुरंत बाद, जनवरी में, इसने 125 देशों को आकर्षित करते हुए वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का ऑनलाइन आयोजन किया जिसमें अधिक संतुलित प्रतिनिधित्व के लिए अंतरराष्ट्रीय निकायों में सुधार के लिए कई देशों की इच्छा पर जोर दिया गया। साक्षात्कार में श्री मोदी ने भारत के अपने दो निकटतम पड़ोसियों - चीन और पाकिस्तान के साथ खराब संबंधों पर भी बात की। चीन के साथ हिमालयी सीमा पर जारी गतिरोध के बीच उन्होंने कहा, भारत अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। सीमा पर तनाव ने समूचे द्विपक्षीय संबंधों को तनावपूर्ण कर दिया है, खासकर 2020 की झड़प के बाद से जिसमें 20 भारतीय और बड़ी संख्या में चीनी सैनिक मारे गए थे - दशकों में परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पहली घातक लड़ाई हुई थी। श्री मोदी ने कहा, चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है। भारत-चीन संबंधों का भविष्य का विकास केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत चीन संबंधों को सामान्य करने से व्यापक क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। पाकिस्तान के बारे में श्री मोदी ने कहा कि नई दिल्ली सामान्य और पड़ोसी संबंधह्लचाहती है। हालांकि, आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण बनाना उनके लिए आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।जापान के साथ भारत के संबंधों के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जापान और भारत के लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्य स्वाभाविक रूप से उन्हें करीब लाए हैं। अब हम अपने राजनीतिक, सामरिक, सुरक्षा और आर्थिक हितों में एक बढ़ता हुआ सामंजस्य देखते हैं।

संक्षिप्त खबरें

सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

पटना सिटी (प्राकि)। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य कामना के साथ वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा का अनुष्ठान किया। इस दौरान खासकर लाल-पीला छींटदार साड़ी पहन, श्रृंगार कर हाथ में पूजा की दाल ले आसपास के वटवृक्ष के पास पहुंची। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर भी महिलाओं की भीड़ पूजा-अर्चना से पहले स्नान के लिए जुटी थी। मौसमी फलों व पूजन सामग्री के साथ महिलाओं ने पूजा कर और वटवृक्ष को धागा बांध कर अखंड सौभाग्य की कामना की। वट वृक्ष की पूजा पूजा के लिए महिलाओं की सुबह से ही भीड़ लगी थी।

24 को चार घंटा बंद रहेगा राजाघाट फीडर

पटना सिटी (प्राकि)। पावर सब-स्टेशन गायघाट से जुड़े 11 केबी राजाघाट फीडर की बिजली बुधवार को चार घंटा बंद रहेगी। 24 भी को पूर्वाह्न 10 बजे से लेकर अपराह्न दो बजे तक रख रखरखाव का काम कराया जाना है। इसी कारण से राजाघाट फीडर को बंद रखा जाएगा। कार्यपालक अभियंता सज्जाद अंसारी ने बताया कि गायघाट सब-स्टेशन से जुड़े 11 केवी राजाघाट फीडर की बिजली बंद रहने से बबुआगंज, काली बाबू की गली, घोष गली, पीरवैश गली, लोहरवा घाट, मंदिर घाट, मछुआ टोली, पठान टोली, मठ केदारनाथ, त्रिपोलिया अस्पताल, गायघाट ऑटो स्टैंड और अशोक राजपथ सहित अन्य जगहों पर बिजली बाधित रहेगी।

मनाई गई शनि जयंती

दानापुर खगौल। नगर के नेऊरा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के प्रागण में शुक्रवार को शनि जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालु भगवान शनिदेव को प्रसन्न करने के जतन करते दिखाई दिए। इस अवसर पर जम कर दान पुण्य भी हुआ। सुबह से ही शनि मंदिर व हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिर में हुई भव्य सजावट की गई। किसी ने शनिदेव का तेल से अभिषेक तो किसी ने शनि देव के प्रिय पकवानों का भोग लगाया। इसी के साथ ही अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य भी किए गए। इस मौके पर शनि मंदिर के पुजारी सोमनाथ उपाध्याय उर्फ महाराज जी ने कहा कि आज के भगवान शनिदेव की पूजा करने से सुख शांति और समृद्धी के साथ न्याय की प्राप्ति होती है।

दोषियों को आजीवन कारावास व जुर्माना की सजा

पूर्णिया। अपर न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह ने मरंगा थाना के लालगंज गांव के एक बुजुर्ग दंपती हत्याकांड के अभियुक्त अजीत कुमार भगत को हत्या का दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा के साथ-साथ 25000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाया। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को 6 माह अतिरिक्त कारावास होगी। उक्त कांड के सूचक उपेंद्र कुमार सिंह ने 13 अगस्त 2019 को कांड थाना में दर्ज कराया था। पुलिस अनुसंधान के क्रम में मामला सही पाया गया। पुलिस द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान कर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र में दोनों की हत्या का अभियुक्त अजीत कुमार भगत को दोषी पाया गया।

फाइनेंस कर्मी से लूट मामले में पुलिस ने पांच लुटेरे को किया गिरफ्तार

गया। जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र में पिछले दिनों चैतन्य इंडिया क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी से 1 लाख 26 हजार लूट मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 8 अपराधियों में से 5 अपराधी को दबोच लिया गया है। वही, अपराधियो के पास से 12 हजार तीन मोटरसाइकिल व कई मोबाईल बरामद किया गया है। फिलहाल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गयी है। एसएसपी आशीष कुमार भारती ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गुरुआ थाना क्षेत्र के मांडा पहाड़ के समीप 4 बाइक पर सवार 8 अपराधियों ने प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी सिद्धार्थ कुमार के साथ मारपीट कर रुपए से भरा थैला छीनकर फरार हो गया था। बैग में 1 लाख 26 हजार रुपए में कलेक्शन का पैसा रखा हुआ था, सहित अन्य कागजात को भी लेकर फरार हो गया है। वही, इसको लेकर सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसके आधार पर गुरुआ थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वही इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मीटर का फिक्स्ड चार्ज दोगुना करने व किराया बढ़ाने पर निकाला आक्रोश मार्च

दोनों निर्णय वापस लेने व 300 यूनिट बिजली फ्री देने की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जन समस्या निवारण मंच के द्वारा बिहार विद्युत विनायक आयोग के द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं पर फिक्स्ड चार्ज को दोगुना करने और मीटर का किराया 86.23 रुपया प्रति माह लेने का प्रस्ताव, विद्युत उपभोक्ताओं को दूसरे राज्य की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली फ्री देने एवं स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग को लेकर आक्रोश मार्च गुरहट्टा मोड़ से अशोक राजपथ के पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। यहां चार सूत्री मांग के समर्थन में एक प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसका नेतृत्व पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद, देवरत्न प्रसाद, राम भजन यादव, मो जावेद, उदयन राय, अजीत सिंह कुशवाहा, रघुनाथ प्रसाद यादव, मोनू कुमार आदि ने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर

मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सबसे बड़ा पिछड़ा राज्य है। इसे नीति आयोग ने भी अपने सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि बिहार में 52 प्रतिशत गरीब लोग हैं। ऐसे में बिहार विद्युत विनियामक आयोग के द्वारा प्रीपेड मीटर लगाना जनविरोधी कदम है। फिक्स्ड चार्ज दोगुना करने एवं मीटर किराया 86.23 रुपया प्रति माह लेने के प्रस्ताव से महंगाई की मार से परेशान आम जनता पर अतिरिक्त बोझ है। इससे आम नागरिकों में काफी आक्रोश व्याप्त है। नेताओं ने मांग की है कि जल्द बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा लिए गए फैसले को रद्द करने एवं दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर बिहार में भी 300 यूनिट बिजली फ्री देने की मांग की गई। आक्रोश मार्च में शामिल एजाजुद्दीन उर्फ सानू, मनोज सिंह, सुनील कुमार, रमेश कुमार, विजय कुमार, त्रिभुवन यादव, शशि कुमार, प्रमोद यादव आदि शामिल थे।

शनि जयंती पर पूजा कर दीया जलाने की होड़

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। शनि जयंती शुक्रवार को परंपरात तरीके से मनाई गई। बाहरी धवलपुरा स्थित श्री शनिदेव महाराज जन्मोत्सव समिति की ओर से शनि जयंती पर धार्मिक आयोजन वृहद पैमाने पर किया गया। सुबह में जजमान बने राहुल कुमार बब्बू कुमार निक्की प्रशांत आनंद पुरुषोत्तमानंद दीपांशु मनोज सहित 11 लोगों को पुरोहित सूर्यकांत तिवारी, अशोक भार्गव व संजय भार्गव ने विधि विधान के साथ पूजा कराया। करीब चार घंटा से अधिक पूजा के बाद भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में प्रबंधक विनोद कुमार बिन्नी, सर्वेश कुमार, रघुवीर मेहता, अजय मेहता, अमित कुमार, रवि कुमार आदि सक्रिय थे। वहीं सेवादार की भूमिका में डब्बू महतो, शिवा मेहता, अमित कुमार, रवि कुमार सेवा दे रहे थे। पार्षद तारा देवी, सुनीता देवी, प्रतिनिधि मनोज कुमार, उमेश मेहता समेत अन्य भी दर्शन को पहुंचे। अपराह्न में जागरण किया गया। प्रबंधन से जुड़े लोगों ने बताया कि कल शनिवार को भी पूजा और जागरण का आयोजन होगा। वहीं चौकी के मिरचाई गली स्थित शनिदेव मंदिर में भी श्री शनिदेव की जयंती मनाई गई। यहां भी आसपास के भक्तों की भीड़ उनकी पूजा-अर्चना और तिल का तेल का दिया जलाने के लगी रही। बजरंगपुरी व संदलपुर के पास स्थित शनिदेव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया।

अमावस्या पर दादी जी का हुआ सामूहिक मंगल पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

धोए धोए अंगना मा आओ म्हारा दादी जी। सरब सुहागन मिला मंदरिया में आई तो दादी जी का हाथ रचाई जि या मेहंदी। मेहंदी ओ मेहंदी तू इतना बता दे तूने कौन सा काम किया है... जैसे अनेक भजनों से श्री राणी सती दादी मंदिर का परिसर भक्तिमय हो गया।

मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल एवं श्री नारायणी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रांगण में सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन किया गया। श्री दादी जी का अलौकिक श्रृंगार और मेहंदी उत्सव प्रसाद के साथ सामूहिक मंगल

पाठ अपने आपमें अलग छटा बिखेर रहा था। भक्त भाव विभोर होकर नाच-नाच कर दादी जी को रिझा रहे थे।

मंगल पाठ को स्वर दे रही थीं उर्मिला शाह, कविता पोद्दार, तारा झुनझुनवाला, उमा लाडिया, इंदु अग्रवाल, सीमा शर्मा, मंजू झुनझुनवाला, अर्चना देवड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मंगल पाठ कर रही थीं। मंगल पाठ को सफल बनाने में संयोजक चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, पप्पू मोदी, दिलीप बूबना, संजीव देवड़ा, राजाराम शर्मा, पवन बूबना, प्रभात भरतिया, अखिलेश बूबना, अशोक झुनझुनवाला, राजेश चौधरी के साथ अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पटना सिटी शाखा भी सक्रिय भूमिका निभा रहे थी।

24 को अपराह्न 5 तक लिखित में करें दावा आपत्ति

-तख्तश्री कमेटी के 5 चुनाव क्षेत्रों का वोटर लिस्ट प्रकाशित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी ।तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी का चुनाव कराने के लिए पुरानी और नए मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षर से पटना साहिब की मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित कार्रवाई करते हुए हलका संख्या 1, हलका संख्या 2, हलका संख्या 3, उत्तरी बिहार एवं दक्षिणी बिहार की पुरानी मतदाता सूची चुनावी वर्ष 2017-18 एवं नई प्रारूप मतदाता सूची चुनाव वर्ष 2023 का प्रकाशन किया जा चुका है। तख्तश्री कमेटी के कार्यालय के भूतल में इसे आम लोगों के अवलोकन के लिए टांगा गया है।

महासचिव के द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि पुरानी मतदाता सूची चुनाव वर्ष 2017-18 एवं नई प्रारूप मतदाता सूची चुनाव वर्ष 2023 से संबंधित आपत्ति दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन 24 मई को अपराह्न पांच बजे तक चुनाव कार्यालय तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में जमा कराया जा सकता है। इसके बाद संबंधित अगली कार्रवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। टंगी लिस्ट के अनुसार हलका एक से 1245, हलका दो से 769, हलका तीन से 1029, दक्षिण बिहार से 112 और उत्तरी बिहार से 38 वोटर हैं। विदित हो कि बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान के द्वारा बार-बार बिना अनुमति लिए मतदाता सूची तैयार करने के लिए बढ़ाई जाने वाली तिथि से नाराजगी जताई गई थी और 20 मई तक मतदाता सूची का प्रकाशन रूप से किए जाने की बात कही गई थी।

पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्रि व्रत रखा

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नजर के अंतर्गत शुक्रवार को ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्रि का व्रत रखा । इस दौरान सभी सुहागिन व्रती महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा व अर्चना की और अपने पतियों के लिए लंबी आयु की भगवान से प्रार्थना की। इस क्रम में व्रती महिलाओ ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना करने के बाद उसकी परिक्रमा भी की और अपने लिए अखंड सौभाग्य की कामना भी की। कोतमा गांव में सावित्री बट पूजा परिक्रमा करने के लिए सुबह से ही महिलाओं में भीड़ रही वही नारियल घाट मंदिर में स्थित वट वृक्ष पर पूजा व परिक्रमा करने

वाली व्रती महिलाओं की भीड़ सुबह चार बजे भोर से ही लगी रहीं । इस दौरान व्रत का पारण करने वाली महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा को सुनकर अपने व्रत को पूर्ण किया। पूराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास होता है। इसलिए इस दिन सुहागिन महिलाओं अखंड सौभाग्य के लिए पूजन करती हैं। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री व्रत बेहद खास माना जाता है। इस पुण्यकारी व्रत के लिए शुक्रवार को भोर पहर से ही सुहागिन महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी थी। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन किया। दरअसल पुराणों में वट सावित्री व्रत की कथा का वर्णन है। पुराणों के अनुसार वट सावित्री व्रत कथा में राजर्षि अश्वपति की एक ही संतान थीं सावित्री। सावित्री ने वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को अपने पति रूप में चुना था। लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान अल्पायु हैं तो भी सावित्री ने अपना निर्णय नहीं बदला। वह समस्त राजवैभव त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगीं। सत्यवान लकड़ियां काटने जंगल गए। वहां वह मूर्छित होकर गिर पड़े। सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने गोद में पति का सिर रख उसे लेटा दिया। उसी समय यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। यमराज सत्यवान के जीव को दक्षिण दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं। सावित्री भी यमराज के पीछे-पीछे चल देती हैं। इस पर यमराज के कई बार मना करने पर वह नही मानी तो इस पर यमराज ने सावित्री पर खुश होकर तीन वरदान मांगने के लिए कहा। तब सावित्री ने उन तीनों वरदान में यमराज से अपनी

पति के लिए जीवन मांगा था जिसके बाद तभी से इस व्रत का प्रारंभ हुआ है ।

जागरण में भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, जगदंबा घर में दियरा बार अइली हो के अलावा श्री गणेश, बाबा भोलेनाथ, भगवती, श्री हनुमान जी, श्री श्याम बाबा आदि के गीत की प्रस्तुति पर भक्तगण झूमते और नाचते रहे। इसका आयोजन खाजेकलां के सिंधी दालान स्थित कॉलोनी में किया गया था। माता का जोत जलाने और पूजा दीपक उर्फ विक्की क्याल और नैनसी क्याल ने किया। पुरोहित धीरेन्द्र बाबा ने पूजा का विधान पूरा कराया। इसके बाद विक्की जोशी और जूही ने एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति कर मौजूद भक्तों को भक्ति की रसधारा में डुबोने का काम किया। आगतों का स्वागत उमाशंकर क्याल, उषा देवी क्याल और विक्की क्याल ने किया। आयोजन में वार्ड पार्षद तरुणा राय, प्रभाकर मिश्र, राकेश पाठक, रवि अरोड़ा, रश्मि जुनेजा, पूजा जुनेजा, प्रकाश कोठारी, रेणु पाठक, उषा केसरी, रेखा केसरी, रुबी केसरी, शैलेश रस्तोगी, विनोद जोशी, सुनील केसरी, कमल बरमेचा, मुकेश पाठक, राजेश राय, संतोष कुमार ठाकुर आदि ने भाग ले माता के दरबार में हाजिरी लगाई। बच्ची परी को लोगों ने टीका कर आशीष पाया और दिया। अंत में माता का भंडारा और भगवती की आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

चंद्रभूषण व श्लोक कुमार छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत

पालीगंज। राष्ट्रीय जनता दल छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के द्वारा पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा एवं छात्र हित के लिए किए गए संघर्स को देखते हुए, अरवल जिले के चंद्र भूषण कुमार एवं श्लोक कुमार को छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। दोनों मनोनीत छात्र नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि राजद छात्र नौजवानों मजदूर किसानों महिलाओं की हक और अधिकार की बात करती है। छात्र हित की रक्षा के लिए हमेशा पार्टी सबसे आगे खड़े होकर आवाज उठाती रही है वर्तमान में महागठबंधन की सरकार छात्रों की छोटी सी छोटी समस्या को गम्भीरता से सुनती और उसके समाधान करने का प्रयास कर रही है इस मौके पर सैकड़ो छात्र नौजवान ने नए पदाधिकारियों के गठन को सराहा और हर्ष व्यक्त किये जिसमे पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रविंदर कनौजिया, बादल कुमार नीतीश कुमार सोनू कुमार, सोनू कुमार एवं विकाश कुमार उर्फ विक्की ने फूल माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए बधाई दिया।

पालीगंज में महिलाओं ने पति की दीर्घायु को लेकर वटवृक्ष की पूजा कर कथा सुनी

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज। में महिलाओं ने पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर वटवृक्ष के समीप वट सावित्री का पूजा अर्चना किया इस दौरान महिलाओं ने प्रातः काल से ही मंदिरों में विभिन्न देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर वटवृक्ष के समीप वट सावित्री का पूजा अर्चना कर विद्वान पंडितों द्वारा सावित्री सत्यवान की कथा सुनकर वटवृक्ष के चारों तरफ धागे बांधकर घूम- घूम कर परिक्रमा किया . वहीं श्रद्धालु, भक्त महिलाओं ने मौसमी फलों आस्था ,विश्वास के साथ घी के दीपक जलाकर पूजा अर्चना किया . महिला भक्तों ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वटवृक्ष के समीप महिलाओं द्वारा

वटवृक्ष सावित्री सत्यवान की पूजा की जाती है . इस दौरान महिलाएं अपने पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर पूजा अर्चना करती है . महिला ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं ने वटवृक्ष के समीप वट सावित्री सत्यवान की कथा सुनकर महिलाओं ने वट वृक्ष का पूजा अर्चना किया . महिलाओं ने अपने- अपने पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर वटवृक्ष के समीप पूजा अर्चना किया . वटवृक्ष के समीप सत्यवान सावित्री की विद्वान पंडितों द्वारा कथा सुनने के उपरांत शिक्षा प्राप्त होता है कि विपत्ति एवं विकट परिस्थिति में मनुष्यों को धैर्य, साहस, आस्था व विश्वास, के साथ दृढ़ संकल्पित होने की आवश्यकता है . ऐसे तो पालीगंज अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने सुबह से ही वटवृक्ष के समीप स्नान ध्यान कर वट सावित्री की पूजा अर्चना किया . पालीगंज मठ चंनठोस मोड़ शिव मंदीर देवी मंदीर सहित , सहित दर्जनों स्थानों में महिलाओं ने बट सावित्री का पूजा वटवृक्ष के समीप प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया।

ठेला लगाने के विवाद में हुई थी गोलीबारी, पूर्व पार्षद गिरफ्तार

कुमोद व अवधेश यादव के बीच हुई थी गोलीबारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी । अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार गुमटी के पास गुरुवार की सुबह गोलीबारी की घटना में पुलिस ने पूर्व पार्षद कुमोद नारायण चौधरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सड़क पर ठेला लगाने के विवाद में कुमोद नारायण चौधरी एवं अवधेश यादव के बीच गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें ठेला पर फल बेचने वाला 50 वर्षीय डोमन मालाकार गोली लगने से घायल हो गया था।

घटना में पूर्व पार्षद कुमोद की मां लालती देवी भी जख्मी हुई थी। पुरानी बाइपास के कुम्हरार मोड़ के समीप ठेला लगाने को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था।

इसे लेकर दबंगता एवं वर्चस्व की लड़ाई भी चल रही थी। गुरुवार की सुबह वर्चस्व का ही कारण रहा कि कुम्हरार गुमटी के पास बीच सड़क पर दो गुटों के बीच अंधाधुंध गोलीबारी की घटना हुई। अगमकुआं थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष कुमारी उषा ने बताया कि कुम्हरार गुमटी पर ठेला लगाने का लेकर विवाद को ले गोलीबारी की घटना हुई थी। इसी मामले में पूर्व पार्षद और कुमरार मोड़ के पास के रहने वाले कुमोद नारायण चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 35 मामले की हुई सुनवाई

6 उजड़े घर के सदस्यों को समझा-बुझाकर फिर से बसाया

प्रात :किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 6 उजड़े हुए घरों को समझा-बुझाकर फिर से बसा दिया गया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 35 मामले सुनवाई हुई जिसमें से 10 मामलों को निष्पादित किया गया। डगरूआ थाना क्षेत्र से आयी एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पति ने बताया कि उसकी बीबी बार-बार मायके चली जाती थी। इससे तंग आकर उसने दूसरी शादी कर ली है। फिर भी पहली पत्नी अपने पति के साथ रहना चाहती है, लेकिन सौतन के साथ नहीं रहना चाहती है।

इस पर पति ने तीन महीने का समय मांगते हुए कहा कि नया घर बनाने के बाद वह पहली पत्नी को अपने साथ लेकर जाएगा। तब तक 3 हजार रूपए प्रति महीना गुजारा भत्ता के रूप में दूंगा। इसका बाउंड बनाया गया। वहीं मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा बस्ती से आयी एक महिला ने केन्द्र के सदस्यों को बताया कि उसके पति हमेशा गाली गलौज व मारपीट करता रहता है। इसको लेकर पंचायत भी बैठी फिर भी कोई फैसला नहीं हो सका। केन्द्र के सदस्यों के समझाने बुझाने के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए। बंध पत्र बनाकर खुशी-खुशी अपने घर को विदा हुए। कसबा थानाक्षेत्र के मजगामा बस्ती से आयी एक पति की दो बीबीयां का मामला भी केन्द्र के सदस्यों ने सुनकर निदान किया। केन्द्र के सदस्यों के समझाने के बाद छोटी बीवी ने केंद्र को विश्वास दिलाया की वह अपनी बड़ी सौतन को बड़ी दीदी की तरह मानेगी और कभी कोई शिकायत का मौका नहीं देगी। इसके बाद पति ने दोनों बीबी को रखने को तैयार हो गया। इस मौके पर पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की संयोजिका सह महिला थानाध्यक्ष किरण बाला, सदस्य दिलीप कुमार दीपक, स्वाती वैश्यंत्री, प्रमोद कुमार जायसवाल, रविन्द्र साह आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अनु जाति आयोग के अध्यक्ष व टीम ने तख्श्री में मत्था टेका

पटना सिटी (प्राकि)। भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला एवं उनके साथ विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में मत्था टेका। उन सबों ने गुरु महाराज के जीवन से जुड़े धरोहरों का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी बलदेव सिंह ने आशीर्वाद रूप में सिरोपा दिया एवं गुरु महाराज के जीवन एवं इतिहास की जानकारी दी। इसके उपरांत तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के महासचिव इन्द्रजीत सिंह एवं उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने उन्हें गुरु जी के जीवन से जुड़ी पुस्तक भेंट की एवं आए हुए सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद प्रकट किया।

ग्रामीण विकास मंत्री ने की पटना जिले की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : श्रवण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने ग्रामीण विकास विभाग की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। वे शुक्रवार को पटना समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले की विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं जीविका के पदाधिकारियों को मंत्री ने निदेशित किया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जीविका, जल-जीवन-हरियाली अभियान सहित सभी लोक-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर पटना के उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया ने कहा कि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जीविका के अधिकारी सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध हैं। लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने के लिए सम्पूर्ण तंत्र क्रियाशील है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), जल-जीवन-हरियाली अभियान एवं जीविका योजनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने सभी योजनाओं में अद्यतन प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने योजनाओं में प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से कार्य करने का निदेश दिया। मंत्री ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि आवास योजना के लाभार्थियों को विभिन्न किस्तों के भुगतान में नियमानुसार तेजी लाएं तथा लाभार्थियों को जीविका से जोडें.। मंत्री ने पटना जिला में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस तथा जीविका में बेहतर कार्य हेतु प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमसब को जनहित के मामलों में संवेदनशील रहना चाहिए। डीडीसी ने कहा कि मंत्री के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा। कार्यक्रमों एवं योजनाओं का पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में निदेशक, डीआरडीए, सभी प्रखण्डों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी तथा अन्य भी उपस्थित थे।

प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करके ही उच्च शिक्षा को बेहतर किया जा सकता है : राज्यपाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने होटल मौर्या पटना में एक चैनल द्वारा आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करके ही उच्च शिक्षा को बेहतर किया जा सकता है।

उन्होंने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालयों को भी विचार करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि मानव जीवन के प्रारंभ से ही सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती आ रही है तथा वह धीरे-धीरे विकसित होती गई। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की प्रथम पाठशाला परिवार होता है और उसकी प्रारंभिक शिक्षा यहीं से शुरू होती है जो अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में बिहार की शिक्षण व्यवस्था उच्च स्तर की थी और हमें इसपर गर्व है। बिहार में विकसित शिक्षा पद्धति ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आरके सिंह, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अनेक शिक्षाविद्, जी-मीडिया के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

मेहनत की कमाई से ही भौतिक सुख संभव : जायसवाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। इंटरनेट मीडिया के जरिये भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने शुक्रवार को राजद द्वारा किये हमले का करारा पलटवार किया। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि 1996,1998,1999, में लगातार तीन बार लोकसभा के चुनाव हुए थे। एक चिकित्सक के रूप में जितना पैसा कमाता था वह सब मेरे पिताजी के चुनाव में खत्म हो जाते थे। उन्होंने लिखा कि 1999 चुनाव के पहले मैंने नाराज होकर पिताजी को कहा कि आज तक हम सुनते हैं कि कोई सांसद बनता है तो उसके तीन खानदान को कमाने की जरूरत नहीं पड़ती है पर आप कैसे विधायक और सांसद रहे हैं कि जब भी चुनाव लड़ते हैं तो मेरा और मां का सारा डॉक्टरी से कमाया हुआ पैसा खत्म हो जाता है। पिताजी ने पूरे धैर्य से मुझसे कहा था कि तुम किसी ऐसे सांसद को जानते हो जिसका बेटा पटना मेडिकल कॉलेज से पढ़ा हो, एमडी मेडिसिन भी हो और 2 सब्जेक्ट में ऑनर्स एवं गोल्ड मेडल लाया हो ? डॉ जायसवाल ने आगे लिखा कि उसके बाद मैंने जीवन में कभी उनसे कुछ नहीं कहा और यही पूंजी अपने पास भी रखी जिसका नतीजा है कि आज मेरे दोनों बच्चे डॉक्टर हैं और सफल हैं। आगे उन्होंने लिखा कि आप भौतिक सुख तो बढ़ा लेते हैं लेकिन सुख, शांति और परिवार का आगे बढ़ना समाप्त हो जाता है । कभी मानसिक शांति नहीं मिल सकती अगर आपके पास मेहनत का पैसा न हो।

गरीब छात्रों के हित में काम करें : पप्पू यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना । जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम पर तंज कसार है।

शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि राम के नाम पर जो भीड़ लगती है वह विश्व हिंदू परिषद या बजरंग दल की भीड़ नहीं होती, वह लोगों की आस्था की भीड़ होती है। उन्होंने कहा कि नौबतपुर में आयोजित इस कार्यक्रम की 1 महीने तक ऐसी मार्केटिंग की गई कि लोग भगवान को ढूंढने के लिए निकल पड़े, क्योंकि इस देश में गरीबी इतनी है, बेरोजगारी इतनी है और लोगों के बीच अशिक्षा है कि वह बहकावे में आ जाते हैं। पप्पू यादव ने कहा कि पैसे वालों के परिवार के लोग कलश लेकर इस बाबा की यात्रा में क्यों नहीं चले? किसी गरीब की ही बेटी क्यों? मिडिल क्लास की बेटी क्यों? किसी पैसे वाले के परिवार ऐसे बाबाओं की कलश यात्रा में क्यों नहीं चलता है? अगर इतनी ही शक्ति है तो भारत के हर परिवार के लोगों को एक-एक लाख दे दो।

लाखों लोग बीमारी, एक्सीडेंट से मरते हैं। बोलो कि एक भी आदमी भारत में न मरे। प्रेस वार्ता के अंत में पप्पू यादव ने छात्र विंग के कार्यकताओं से अपील की कि वे स्टूडेंट के हित में काम करें। यूनिवर्सिटी में गरीब छात्रों के हित में काम करें ताकि उनका भला हो और अपने जिम्मेवारी को अच्छी तरह से निभाएं। मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मनीष यादव, छात्र नेता रौशन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

सूबे में दलितों की बडे पैमाने पर हो रही हत्या : जनक राम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री जनक राम ने केरल में राजेश मांझी की पीट-पीटकर हुई हत्या मामले पर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा राजेश मांझी केरल में कमाई करने गये थें और वहां इसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसके बावजूद यहां सरकार अब तक खामोश है। उन्होंने कहा कि बिहार में बडे पैमाने पर दलितों की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि 16 मई को रोहतास में नंदन पासवान की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार दलितों और शोषितों की बात करती है, लेकिन कुछ होता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगो की अपराधियों द्वारा हत्या के बाद मृतक के परिजनों को तीन डिसमिल जमीन दिया जाएगा, लेकिन अभी तक किसी को यह जमीन नहीं दी गई। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के किसी की हत्या होती है तो सरकार मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा दे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुरेश रुंगटा प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह एवं राजेश कुमार झा उपस्थित थे।

डिग्री लेने से कोई ज्ञानी और संस्कारी नहीं बन जाता : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद संजय जायसवाल द्वारा किए गए एक ट्वीट पर तंज कसा है।

गगन ने आगे कहा कि राजद के एक ट्वीट में पिछड़े और दलित समाज के लोगों को अंध विश्वास से हटकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की नसीहत दी गई थी।

जिसे भाजपा सांसद हजम नहीं कर सके। वे नहीं चाहते कि दलित और पिछड़ी जाति के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करे । उनकी मंशा यही रहती है कि दलित और पिछड़ी जाति के बच्चे अंधविश्वास में पड़ कर भाजपा के लिए राजनीतिक खाद बनते रहें। और उनकी राजनीति चमकती रहे साथ हीं उनके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करते रहें।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि मात्र डिग्री ले लेने से कोई ज्ञानी और संस्कारी नहीं बन जातां। डिग्री तो मैनेज भी किया जाता है और खरीदा भी जाता है। पर संस्कार और ज्ञान न तो खरीदा जा सकता है और न मैनेज किया जा सकता है।

मिशन चकाचक अभियान : शहर वासियों को किया जा रहा जागरूक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निहम द्वारा मिशन चकाचक अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां दिन में अभियान के माध्यम से आम जनों को कचरे को अलग करने एवं उसके निस्तारण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ रात्रि में कर्मियों द्वारा सीएनडी वेस्ट के निष्पादन एवं अवैध बैनर पोस्टर हटाने का कार्य भी किया जाता है। गौरतलब है कि चकाचक केन्द्रों पर रात्रि में कर्मियों के रहने एवं खाने की व्यवस्था भी की गई है। जिसके कारण वह अभियान से लगातार जुड़े हुए है। केन्द्रों पर उपलब्ध है चार कार्यों की पंजी : सभी चकाचक केन्द्रों पर अभियान के अतिरिक्त घर घर घूमने एवं आमजनों को जागरूक करने के लिए चार प्रकार की पंजी भी रखी गई है जिसे वहां रहने वाले कर्मियों द्वारा भरा जाता है। पहली पंजी- चकाचक सेंटर पर रहने वाले कर्मियों के अटेंडेंस की है। दूसरी पंजी : सुखा एवं गीला कचरा अलग अलग करने के लिए प्रतिदिन 100 घरों का लक्ष्य दिया गया है। कर्मियों द्वारा जीतने घरों का भ्रमण किया जाता है उसे दूसरी पंजी में अंकित किया जाता है। तीसरी पंजी- होम कंपोस्टिंग के माध्यम से आमजन गीले कचरे को खाद के रूप में उपयोग कर सकते है। इसकी जानकारी घरों में जाकर दी जा रही है। तीसरी पंजी में इसका उल्लेख किया गया है। चौथी पंजी- सिटीजन फीडबैक के तर्ज पर इसमें नगर निगम के कार्यों का फीडबैक कर्मियों द्वारा लिया जाता है। आमजन इसमें निगम के कार्यों के अनुसार अपना फीडबैक देते है। रात्रि में दिपोत्सव का किया जा रहा है आयोजन : पटना नगर निगम की चकाचक टीम द्वारा रात्रि में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके बाद के दिनों में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चाय पार्टी का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि जोन के अनुसार चकाचक अभियान वार्डों में चलाया जा रहा है।

जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति पूरी तरह सजग : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र जमुई एक सभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 9 सालों से लगातार उन्हें जमुई की जनता का आशीर्वाद और प्यार मिलता रहा है। कई कार्य ऐसे हैं जिनमें उपलब्धि हासिल हुई लेकिन कई कार्य अभी भी अधूरे हैं जिन्हें पूरा करने के लिए पूरी तत्परता और ईमानदारी से प्रयासरत रहा हूं।

श्री चिराग ने कहा कि यह जमुई की जनता का प्यार और विश्वास की शक्ति ही है कि पिछले दो साल जो व्यक्तिगत और राजनीतिक दोनों तौर बेहद कठिन थे उसके बावजूद भी पूरी मजूती से खड़ा हू और तमाम उतार-चढ़ाव से जूझते हुए बिहार और बिहारियों की अस्मिता की लड़ाई लड़ पाने में सक्षम हूं। मेरी इस लड़ाई में सबसे बड़ा योगदान और साथ जमुई की जनता का है, जिसके लिए मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। जहां एक तरफ मेरे परिवार और पार्टी के सदस्यों ने धोखा देने का काम किया।

वहीं आप लोगों ने उस कठिन परिस्थिति में भी मेरा साथ नहीं छोड़ा। श्री चिराग ने कहा कि एक सांसद के तौर पर इन 9 सालों में मैंने जमुई के लिए क्या किया क्या नहीं किया यह कहने और गिनाने की बात नहीं है।

नीति आयोग का जिक्र करते हुए श्री चिराग ने कहा कि आज नीति आयोग तक जमुई को पहचानता है। जो जमुई कभी 99वें पायदान पर था हम सब की मेहनत से आज 9वें पायदान पर है, लेकिन सफर यहीं खत्म नहीं होता यह लक्ष्य है कि आगे यह 9वें पायदान से पहले पायदान पर पहुंचे। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी

नोटबंदी पर सच साबित हुई राहुल गांधी की भविष्यवाणी : राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि केंद्र सरकार ने जब नोटबन्दी का फैसला लिया था और 2000 के बड़े नोटों को लायी थी तब से राहुल गांधी इसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर आत्मघाती कदम बताया था और शुक्रवार को रिजर्व बैंक के मार्फत जब 2000 के नोटों पर पाबंदी का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है तो यह साबित करता है कि नोटबन्दी का फैसला पूरी तरीके से गलत था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता राहुल गांधी बार-बार 2000 के नोटों को चलन में लाना काला धन जमाखोरों के लिए वरदान बताकर केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने तत्कालीन फैसले को जनहित और राष्ट्रहित में बताकर जबरन लागू किया। देश में न जाने कितने लोगों को नोट बदलने के लिए लाइन में लगना पड़ा। श्री राठौड़ ने कहा कि केन्द्र द्वारा कई ऐसे फैसले लिए गए जिससे देश के लोगों का ही नुकसान हुआ। लेकिन आज उनका यूटर्न लेना साबित करता है कि उनके फैसले अदूरगामी है। राजेश राठौड़ ने कहा कि केन्द्र को देश की जनता के माफी मांगनी चाहिए और जिन परिवारों के लोग इस नोटबन्दी के कारण मौत के आगोश में गए उनसे सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

डॉ कुणाल कुंदन को संजीव मिश्रा ने श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की

पटना । बिहार के सुप्रसिद्ध प्रख्यात डायबेटोलॉजिस्ट डॉ कुणाल कुंदन को बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमद्भगवद्गीता आपके द्वार अभियान के संस्थापक तथा पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने गोरखपुर गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित श्रीमद्भगवद्गीता को सप्रेम भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। श्री मिश्र ने डॉ कुणाल को जानकारी दी कि विगत 03 वर्षों से घर-घर गीता, जन-जन गीता अभियान चलाया जा रहा है और बिहार समेत भारत के लोगों के बीच अबतक करीब डेढ़ लाख श्रीमद्भगवद्गीता लोगों को निःशुल्क सप्रेम भेंट किया किया जा चुका है।

वंचित व शोषित वर्गों के साथ हो रहा अन्याय : गौतम

- बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होकर राज्य सभा सांसद इंजिनियर राम जी गौतम ने कहा कि बिहार और केंद्र की सरकार लगातार दलित, वंचित,शोषित और पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय कर रही है। दलितों की हत्या हो जाती है और अपराधियों के ऊपर कार्यवाही नहीं होती। वहीं, प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के साथ मिलकर हमलोग पूरी ताकत के साथ लोकसभा का चुनाव लडेंगे और निश्चित रूप से बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने में बिहार से ज्यादा से ज्यादा सांसद बनाकर बिहार की भूमिका को अग्रणी करेगें। आज बिहार और केंद्र की सरकार लगातार लोगों को धर्म और जातियों में लड़ा रही है। इनकी सोच जगजाहिर हो चुकी है। हमलोग अगर मेहनत करें तो ये सरकार को उखाड़ फेकेंगे। बहुजनों के साथ लगातार इनके हक और अधिकार को छीनते रही है। आए दिन दलितों को सताया जा रहा है, उनका घर उजाड़ा जा रहा है। ये सरकार दलितों और पिछड़ों के बच्चों के पढ़ने के अधिकार को भी छिन रही है। इससे पहले बैठक में राज्य सभा सांसद ई राम जी गौतम, बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी लाल जी मेधानकर, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी भीम राजभर, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो सहित सैकड़ों की संख्या में बिहार के हर जिले से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बसपा के कुछ समर्पित कार्यकर्ताओ को नई जिम्मेदारियां दी गई। इसमें डा रंजन कुमार, संजय मंडल , अमर आजाद पासवान और साजिद हुसैन को प्रदेश महासचिव एवं प्रेम प्रकाश पटेल, दीपक कुमार पटेल, विनोद कुमार पटेल, अशोक कुमार मांझी, प्रिंस श्रीवास्तव और देवेन्द्र प्रसाद प्रदेश सचिव की ज़िम्मेदारी दी गई।

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा समर स्पेशल का किया जा रहा परिचालन

मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर के लिए वन-वे स्पेशल का परिचालन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन मुजफ्फरपुर से केवल एक दिन 22 मई को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05228 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर वन-वे स्पेशल 22 मई को मुजफ्फरपुर से 15.30 बजे खुलकर 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर एवं 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए 24 मई को 16.30 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 07 कोच एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

फतुहा और हिलसा के बीच एक नई पैसेंजर ट्रेन का परिचालन

पटना। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 21 मई से फतुहा और हिलसा स्टेशनों के बीच एक नई ट्रेन 03238/03237 फतुहा-हिलसा-फतुहा मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । गाड़ी संख्या 03238 फतुहा-हिलसा मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 मई से 13.00 बजे फतुहा से खुलकर 13.05 बजे गोकुलनगर हाल्ट, 13.09 बजे मछरियावां हाल्ट, 13.13 बजे नयका रोड हाल्ट, 13.16 बजे दनियावां बाजार हाल्ट, 13.22 बजे दनियावां जं., 13.28 बजे सिग्रियावां हाल्ट, 13.34 बजे डियावां हाल्ट, 13.40 बजे लोहंडा हाल्ट 13.44 बजे कामता हाल्ट रूकते हुए 13.50 बजे हिलसा पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03237 हिलसा-फतुहा मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21.05.2023 से 15.00 बजे हिलसा से खुलकर 15.04 बजे कामता हाल्ट, 15.10 बजे लोहंडा हाल्ट, 15.16 बजे डियावां हाल्ट, 15.22 बजे सिग्रियावां हाल्ट, 15.29 बजे दनियावां जं., 15.32 बजे दनियावां बाजार हाल्ट, 15.38 बजे नयका रोड हाल्ट, 15.42 बजे मछरियावां हाल्ट, 15.46 बजे गोकुलनगर हाल्ट रूकते हुए 16.00 बजे फतुहा पहुंचेगी ।

बरौनी से आनंद विहार के लिए वन-वे स्पेशल का परिचालन

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर बरौनी से आनंद विहार के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन बरौनी से केवल एक दिन 21 मई को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05267 बरौनी-आनंद विहार वन-वे स्पेशल दिनांक 21 मई (रविवार) को बरौनी से 21.30 बजे खुलकर 22.30 बजे समस्तीपुर, 23.35 बजे मुजफ्फरपुर, 00.45 बजे हाजीपुर, 02.25 बजे छपरा रूकते हुए 22 मई को 20.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 10 कोच एवं साधारण श्रेणी के 10 कोच होंगे।

ग्रामीण विकास मंत्री ने 220वां नीरा कैफे का किया उद्घाटन

बोलें- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने हरिनिवास काम्प्लेक्स के नजदीक स्थायी नीरा विपणन क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने जीविका दीदियों से वार्ता की तथा उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य व्यक्तियों के साथ अमृत तुल्य रस नीरा एवं नीरा से बने हुए व्यंजनों का स्वाद चखा । मंत्री ने कहा कि नीरा स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक प्राकृतिक पेय है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। पहले लोग नीरा का नाम सुनते थे पर अब ये सभी इलाकों में मिलना शुरू हो गया है। जीविका के द्वारा पटना जिला के प्रमुख चयनित जगहों पर उत्पाद समूह बनाकर लक्षित समुदाय के टैपर्स के द्वारा नीरा का स्थाई विपणन केंद्र के माध्यम से नीरा एवं उससे बने उत्पादों का विपणन हो रहा है। मंत्री ने कहा यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जबसे बिहार में शराबबंदी हुई है और जब से ताड़ी का कारोबार बंद करने का निर्णय लिया है तब से नीरा का खपत काफी बढ़ गया है। कैफे के माध्यम से नीरा पेय के अतिरिक्त नीरा से बने विभिन्न उत्पाद जैसे नीरा बर्फी, नीरा लड्डू, नीरा पेड़ा, नीरा आईस्क्रीम, आदि का उत्पादन सह बिक्री की जा रही है। जीविका नीरा कैफे का संचालन बिहार में सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। कैफे स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनने का अवसर प्रदान करती है। पटना जिला के अन्तर्गत जीविका प्रोत्साहित सामुदायिक संगठनों के माध्यम से वर्तमान वर्ष में 220 नीरा कैफे के अन्तर्गत 2,94,738 लीटर नीरा की बिक्री की जा चुकी है। पटना जिला में प्रतिदिन औसतन 14000 हजार लीटर नीरा की खपत है। मंत्री ने डीपीएम, जीविका को निदेश दिया कि विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नीरा बिक्री केन्द्र खोलने के साथ-साथ इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके एवं इनसे जुडी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनने का अवसर प्रदान करे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, पटना तनय सुल्तानिया, डीपीएम, जीविका मुकेश कुमार सासमल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

पटना महावीर मंदिर की आमदनी में इजाफा

पटना। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर की आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। सालाना 11 हजार की आमदनी वाले पटना महावीर मंदिर की प्रतिदिन की आय 10 लाख पहुंच गई है। महावीर मंदिर प्रशासन ने इसकी जानकारी दी है। वहीं महावीर मंदिर ने राम मन्दिर निर्माण में 10 करोड़ का सहयोग का संकल्प लिया है। जिसमें से 6 करोड़ रुपए का सहयोग किया जा चुका है। दरअसल वर्तमान महावीर स्थान न्यास समिति के पास महावीर मन्दिर का प्रबन्धन मिलने के पूर्व इसकी अधिकतम आय पूरे साल में ग्यारह हजार दिखलायी जाती थी। अब इस मंदिर की आय प्रतिदिन दस लाख रुपये से ज्यादा है। इस आय में मन्दिर के भेंटपात्रों से निकली चढ़ावे की राशि, कर्मकाण्ड शुल्क, नैवेद्यम की बचत राशि, स्वैच्छिक चन्दे से प्राप्त राशि, विक्रय केन्द्रों की बचत राशि और बैंक ब्याज सम्मिलित है। विशेषज्ञ इसे असाधारण उपलब्धि बताते हैं। इसमें अस्पतालों और अन्य संस्थाओं की आय-व्यय राशि का समावेश नहीं है। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने शुक्रवार को महावीर मन्दिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर पोखर के समीप विगत बुधवार की सुबह मजदूरी करने जा रहे अधेड़ व्यक्ति को पीछे से परणा की ओर जा रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे ठोकर लगने से उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी व्यक्ति को ईलाज के लिए समस्तीपुर निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान धर्मपुर गांव निवासी सुखदेव सहनी के 42 वर्षीय पुत्र अरविंद सहनी के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद गांव के लोग शोकाकुल हैं। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार के निर्देश पर एसआई राजकिशोर राम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को जब्त कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

पत्नी की अपहरण को लेकर पति ने दर्ज की प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली डुमरिया वार्ड 06 निवासी सोने लाल दास के पुत्र मंटून दास ने अपनी पत्नी के अपहरण का प्राथमिकी दर्ज करवाया है। पीड़ित ने दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से बताया कि 2009 में हमारी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सरायरंजन किशनपुर निवासी गणेश दास की पुत्री गीता देवी के साथ हुई। दोनों पति-पत्नी का दांपत्य जीवन खुशी-खुशी बीत रहा था। दो पुत्र और एक पुत्री भी हुई है। 14 मई को मेरी पत्नी मेरी छोटी पुत्री व घर से पैसा जेवर लेकर बहन के घर जाने के बहाने निकल गई। लेकिन बहन के यहां नहीं गई। अपने अस्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने अपनी पत्नी व पुत्री की अपहरण की शंका जाहिर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

पंचायत उपचुनाव हेतू बुथ स्तर पर सेक्टर पदाधिकारी की गई नियुक्त

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत उपचुनाव 2023 के शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु बूथ स्तर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सेक्टर पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के बूथ संख्या 354 से 358 एवं 362, 363, 365 एवं 366 के लिए कृषि समन्वयक अभिजीत, बुथ संख्या 359, 360, 361, 364 एवं 367 के लिए प्रखंड सांख्यिकी प्रबंधक शशी रंजन तथा खास टभका उत्तर के बुथ संख्या 131, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर के बुथ संख्या 376 एवं आलमपुर कोदरिया प्राथमिक विद्यालय गिरी टोल बुथ के लिए प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद को सेक्टर पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

पुत्री के अपहरण की मां ने दर्ज करवायी प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर अपहृत लड़की की मां ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें मुकेश कुमार पर शंका जाहिर करते हुए आरोपित किया है। प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताई कि मेरी पुत्री 14 मई को घर से निकली। अभी तक वापस नहीं आई है। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला। 2 महीना पहले मुकेश पासवान मेरी पुत्री से फोन पर बात कर रहा था। मुकेश पासवान और मेरी पुत्री एक स्टूडियो में गाना गाने का काम करते थे। फिलहाल मुकेश कुमार दिल्ली में रहता है। अपहृत लड़की की मां ने शंका जाहिर करते हुए मुकेश कुमार एवं उनके दोस्तों पर लड़की अपहरण करने का आरोप लगाया है।

स्वच्छता कार्यपालक सहायक का दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक, काटा गया 5 दिन का मानदेय

जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उप विकास आयुक्त ने प्रखंड कार्यपालक सहायक अशोक कुमार के द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यों में बरती जा रही लापरवाही एवं अनियमितता को लेकर दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाते हुए मई 2023 का 5 दिन का मानदेय कटौती किया है। बताया गया कि विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता कार्यपालक सहायक के विरुद्ध कई शिकायत मिलने के बाद स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश जारी किया गया था। निर्देश के आलोक में समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा में शिकायत की पुष्टि होने के कारण स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत की पुष्टि होने के कारण कार्यपालक सहायक के दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक लगाई गई। पुनः दंड स्वरूप मई 2023 के मानदेय से 5 दिन की मानदेय कटौती करते हुए कड़ी चेतावनी देते हुए बताया कि आगे शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आपकी अनुबंध रद्द कर दी जाएगी।

विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के हेतनपुर धमौन में एक विवाहिता की दहेज को लेकर गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। मृतक महिला की पहचान पटोरी थाना क्षेत्र के हेतनपुर धमौन निवासी नाथू राय के पुत्र गजेंद्र राय की पत्नी रेणु देवी (22 वर्ष) के रूप में बतायी गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि वैशाली जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत की रहने वाली रेणु की शादी हेतनपुर धमौन के गजेंद्र राय के साथ पूरे हिंदू रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही गजेंद्र के द्वारा ससुराल वालों से मोटरसाइकिल की मांग को लेकर अपनी पत्नी पर दबाव बनाया जा रहा था। जिस कारण अक्सर दोनों के बीच काफी अनबन होती रहती थी। बीते 4 मई को गजेंद्र अपने ससुराल किसी रिश्तेदार की शादी में गया हुआ था, वहां भी उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। ससुराल वालों के द्वारा किसी तरह समझा-बुझाकर दोनों को वापस घर भेज दिया गया। वहीं, बताया गया कि 19 मई को होने वाली वट सावित्री की पूजा को लेकर रेणु ने फोन पर अपनी मां से बात की थी और बाजार से पूजा सामग्री की भी उसने खरीद की थी। बताया गया कि फोन पर ही रेणु की बहन ने रेणु से उसके किसी बीमारी की जांच डॉक्टर से करा लेने को कहा था। उसने यह भी कहा था कि अगर जांच कराने में पैसे की कोई दिक्कत होगी तो वह रेणु को पैसे दे देगी लेकिन वह जांच करा ले। इसी बात को लेकर 18 मई की रात गजेंद्र अपनी पत्नी के साथ लड़ने-झगड़ने लगा। जिस कारण काफी शोर-शराबा हो रहा था। शोर सुनकर जब गजेंद्र के चाचा ने अपने भाई शोर-शराबा के संबंध में पूछताछ की तो बताया गया कि अक्सर दोनों पति-पत्नी के बीच में ऐसे ही मारपीट होते रहता है। बताया गया कि कुछ देर के बाद शोर-शराबा शांत हो गया और पता चला कि रेणु देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना उपरांत रेणु के मायके वाले भी पहुंच गए। जहां गजेंद्र और उसके परिवार वाले शव पास विलाप कर रहे थे। जहां मौत को लेकर बहसबाजी के बाद मायके वालों के साथ गजेंद्र की हाथापाई भी हुई। रेणु देवी के मायके वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही रेणु देवी का पति गजेंद्र राय, उसके ससुर नाथू राय और उसकी सास शोभा देवी फरार हो चुके थे। पुलिस के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर जिला अस्पताल भेज दिया गया था। वहीं, इस मामले को लेकर रेणु के मायके वालों ने गजेंद्र राय के चाचा दहाऊ राय पकड़ के रखा हुआ था।

बाइक और पिकअप के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत, मां घायल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बसढ़िया के पास एनएच-28 पर शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति और उसके मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, इस घटना में उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका दलसिंहसराय स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल महिला के बयान के आधार पर मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के बबलू कुमार दास (22 वर्ष) और उसके पुत्र कार्तिक कुमार (तीन वर्ष) वर्ष के रूप में हुई है। हादसे में घायल महिला का नाम सुमन कुमारी बताया गया है। घटना की सूचना उपरांत पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक पिता-पुत्र के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि बबलू कुमार दास अपनी पत्नी सुमन कुमारी को वट सावित्री पूजा कराने को लेकर बाइक से अपनी बहन के यहां दलसिंहसराय लेकर जा रहा था। साथ में उसका तीन वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार भी था। बसढ़िया के पास एनएच-28 पर विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप के द्वारा बाइक को रौंद दिया गया। जिसमें बाइक पर सवार बबलू कुमार दास और उसके पुत्र कार्तिक कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जुटे लोगों के द्वारा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल उसकी पत्नी सुमन कुमारी को अनुपालन में दलसिंहसराय के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। वहीं, इस बाबत दलसिंहसराय थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था। जहां पुलिस टीम के द्वारा पिता पुत्र के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया है। घर महिला का निजी क्लीनिक में इलाज कराया जा रहा है और घटना और घटना के संबंध में मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं, पुलिस ने पिकअप को जब्त कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की हुई बैठक, पंचायत स्तर पर कमेटी का हुआ गठन

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के बैनर तले हसनपुर प्रखंड के हरिपुर गांव स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को बैठक हुई। अध्यक्षता मौलाना मीनतुल्लाह कासमी ने की। बैठक में पंचायत स्तर पर कमेटी का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मौलाना कासमी ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद का गठन अंग्रेजी सत्ता और ईसाई राष्ट्र बनाने के षडयंत्र के विरुद्ध आवाज बुलंद करने के लिए की गई हैं। सर्वप्रथम 1919 में जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने अंग्रेजों के खिलाफ मुकम्मल आजादी का नारा दिया था। जब अंग्रेजों के जुल्म से धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभ्यताओं को बचाने के लिए पूरे भारत के मुस्लिम विद्वानों ने इस संगठन के जरिए तहरीक चलाई थी। उसी दौर में सियासी लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस की भी स्थापना हुई थी। उस वक्त से लेकर आज तक इस तंजीम के बैनर तले मुल्क की तरक्की, हिफाजत और विभिन्न समस्याओं में इसने खुलकर रचनात्मक एवं सकारात्मक भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमीरूल हिंद मौलाना अरशद मदनी की दूर-दृष्टि की वजह से आज मुल्क में हमारी तंजीम फलाही कामों पर विशेष रूप से काम कर रही है। मौके पर हाफिज नजमुल हौदा, डॉ इकबाल सिरसिया, पत्रकार आजाद इदरीसी, मौलाना सलीम उद्दीन रहमानी, मौलाना रुस्तम, हाफिज सईद, मास्टर इसराफिल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

समर कैंप 2023 का एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के तिरहुत अकादमी के सभागार में शिक्षा विभाग के साक्षरता संभाग द्वारा महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ावर्ग अक्षर आँचल योजनान्तर्गत प्रथम संस्था तथा जन शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित कार्यक्रम कोई बच्चा पीछे नहीं, माता भी छूटे नहीं के तहत समर कैंप 2023 के सफल आयोजन हेतु प्रखंड स्तरीय नोडल प्वाइंट पर्सन्स की एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन जि ला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता रोहित रौशन किया। उन्होंने कार्यशाला का प्रारंभ समर कैंप पोस्टर एवं कमाल का कैंप मैनुअल पोस्टर के विमोचन से किया। सर्वप्रथम डीपीओ साक्षरता श्री रौशन के द्वारा जिला स्तरीय नोडल प्वाइंट पर्सन, प्रखंड स्तरीय नोडल पर्सन्स, प्रथम संस्था के प्रमंडल, जिला तथा प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए समर कैंप के संबंध में आवश्यक जानकारी तथा दिशा निर्देश दिया। इस कार्यक्रम की अवधि, रिपोर्टिंग, होने वाली गतिविधि, स्थानीय लोगों की सहभागिता तथा कार्यक्रम की समय सारणी के संबंध में संक्षेप में अवगत कराया।

प्रोजेक्टर के माध्यम से छह सप्ताह के इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रथम के डिविजनल को-ऑर्डिनेटर हेमंत कुमार के द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी एक जून से 30 जून तक जिला में कार्यरत 15 सौ से अधिक शिक्षा सेवकों के द्वारा प्रत्येक दिन एक से दो घंटे कक्षा छह एवं सात में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। मौके पर डीपीओ मानवेंद्र कुमार राय, एसआरपी सह जिला स्तरीय नोडल प्वाइंट पर्सन मधुरेंद्र दत्त शर्मा, प्रथम के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, केआरपी देव कुमार, प्रधान लिपिक राकेश कुमार दुबे, रजनीश कुमार, अजीत कुमार एवं साक्षरता कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

बकाया रुपए मांगने पर बदमाशों ने युवक को गोली मारकर किया घायल, हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र के धोबगामा में रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने एक युवक को गोली मार मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि गोली युवक की जांघ में लगी है। जिसे सूचना उपरांत पहुंची पुलिस के द्वारा पूसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। गोली लगने से घायल युवक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लक्षरामपुर निवासी ललित ठाकुर के पुत्र विक्रम के रूप में बतायी गई है। घायल युवक ने बताया कि पूसा के धोबगामा के एक युवक ने उससे पूर्व में 17 हजार रुपए कर्ज लिया था। जिसमें उसने मात्र तीन हजार रुपए लौटाए और बाकी रुपए वापस देने में वह आनाकानी कर रहा था। उसने बताया कि वह अपनी भाभी को लेकर पूसा किसी काम से आया हुआ था। रास्ते में वह अपने रुपए का तगादा करने उसके घर चला गया था। जहां कुछ युवकों के द्वारा उसे पकड़कर जबरन एक कमरे में बंद कर मारपीट की गई और दो फायरिंग करने के एक गोली उसके जांघ में मार दी गई। घर के बाहर खड़ी उसकी भाभी के द्वारा घटना की की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने विक्रम को वहां से मुक्त कराया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार के बरामद किया है। पुलिस के द्वारा हिरासत में लिए गए बदमाशों से पूछताछ की जा रही थी। इस संबंध में पूसा थानाध्यक्ष चन्द्रकांत गौरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

युवक की अर्धनग्न अवस्था में मिली लाश, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर ओपी के दसौत पंचायत के रविटोल गांव के होमपाईप पुलिया में एक युवक की अर्धनग्न अवस्था में लाश बरामद की गई। आशंका जतायी गई कि गुरुवार की रात में ही युवक की गला दबाकर हत्या की गई होगो और शव को छुपाने के उद्देश्य से पुलिया में घुसा दिया गया। शव पर गले में निशान देखेगा है और मुंह से खून निकला हुआ प्रतीत हो रहा था। मृतक की पहचान रहियार उत्तर पंचायत के बेला गांव निवासी रामस्वार्थ मंडल के पुत्र रंजीत कुमार मंडल उर्फ छोटू कुमार (32 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया गया कि रंजीत गायत्री इंटरप्राइजेज नाम की मोबाइल दुकान चलाता था। बताया गया कि गुरुवार की शाम ही अपनी दुकान बंद कर वह बेला चौक से निकला था। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिवार वालों को किसी अनहोनी का अंदेशा होने लगा। जिसके बाद रात में कई जगहों पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार की अहले सुबह रबीटोल गांव के पास शौच जाने के दौरान लोगों की नजर युवक के शव पर पड़ी। जिसके बाद परिजनों और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे जहां परिजनों ने शव की पहचान की। परिजन पूर्व कि आपसी दुश्मनी में गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का आरोप लगा रहे थे। बताया गया कि रंजीत ही अपने घर में इकलौता कमाने वाला शख्स था, जिसके भरोसे परिवार के छह सदस्यों का भरण-पोषण चल रहा था। रंजीत अपने पीछे अपनी पत्नी, मां और दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। ओपी अध्यक्ष कमल राम ने बताया कि मृतक के परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

एसआरपी हॉस्पिटल ने बचाई एक और जिंदगी, महिला ने कहा भगवान

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। एक डॉक्टर को धरती का दूसरा भगवान यूं ही नहीं कहा जाता, जरूर ईश्वर अपना दूसरा स्वरूप इन्हीं के रूप में भेज देते हैं। कुछ ऐसा ही कार्य अक्सर करते दिखते हैं रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक सह मुख्य संचालक डॉ. सुजीत कुमार, जो अक्सर कई ऐसे मरीजों का सफल ऑपरेशन कर जिंदगी बचाते हैं, जो जीने की आश छोड़ चुके रहते हैं। फिर एक बार डॉ. सुजीत कुमार ने एक कैंसर मरीज का सफल ऑपरेशन कर एक नई जिंदगी को बचाया है। इस संबंध में मरीज नेपाल के महुवल गांव निवासी बिंदवादिनी देवी ने बताया कि उसकी हालत खराब थी, वह नेपाल के कैंसर अस्पताल भरतपुर सहित काठमांडू में भी दिखा ली थी, परंतु सभी चिकित्सक उसे जवाब दे दिए थे, तब किसी माध्यम से एसआरपी हॉस्पिटल में पहुंची और आज खुशी पूर्वक ईलाज के बाद घर लौट रही है, उसने कहा कि डॉक्टर साहेब मेरे लिए भगवान हैं। वहीं डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि उसके बच्चेदानी में कैंसर हो गया था, जिसका सफल ऑपरेशन कर दिया गया है, अब मरीज बिल्कुल ठीक है। मौके पर डॉ. संजय मिश्रा, पवन कुशवाहा, प्रवीण कुमार, रीमा, शर्मिला एवं नबीउल्लाह आदि उपस्थित थे।

पंचायत उपचुनाव के सफल संचालन के लिए विभिन्न कोषांग का किया गया गठन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव के पत्रांक पं नि० 30-11/2023-1291 व समस्तीपुर उप निर्वाचन पदाधिकारी के पत्रांक 496/ निर्वाचन दोनों दिनांक 26 अप्रैल 2023 के आलोक में पंचायत उप निर्वाचन 2023 के सफल संचालन एवं निर्वाचन से जुड़े कार्यों के ससमय संपादित करने के उद्देश्य विभिन्न कोषांगो का गठन किया गया है। जिसमें कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्णदेव महतो, सामग्री कोषांग एवं वाहन कोषांग के लिए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राम कुमार, मतपत्र/पेपर सील कोषांग एवं इवीएम कोषांग के लिए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चंदन कुमार, विधि व्यवस्था/आदर्श आचार संहिता कोषांग के लिए अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव, प्रेक्षक सह आवासन कोषांग के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा जितेंद्र कुमार एवं मीडिया कोषांग एवं मतदाता जागरूकता कौशल के लिए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी उत्तम कुमार, हेल्पलाइन कोषांग के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार को प्रभारी पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। ये सभी कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अपने सहयोगी पदाधिकारी के साथ पत्र प्राप्ति के साथ ही अपने-अपने कोषांग के कार्यों के निष्पादन में जुट जाएंगे।

सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को 24 घंटे का उपवास रखकर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना की। यह पूजा नवविवाहित महिलायें वट वृक्ष में 108 बार परिक्रमा करती हैं तथा वटवृक्ष में पीला धागा बांधकर सुहाग अपने की रक्षा की कामना करती हैं। क्षेत्र के तिसवारा, भगवतपुर, लाटबसेपुरा, उदापट्टी, बखरी, बीएलौथ, रूपौली बुजुर्ग, रायपुर बुजुर्ग, किशनपुर यूसुफ, झखड़ा, मनिका, मनिकपुर, मुसापुर, गंगापुर आदि गांव में महिलाओं ने टोली में एक साथ वट वृक्ष की पूजा की। इस पूजा में नवविवाहितायें चना एवं अन्य पकवान का वितरण करती हैं। यह व्रत महिलायें साल में एक बार करती हैं। इस व्रत को वट सावित्री व्रत कहां जाता है। यह बरसात से पहले मनाया जाता है।

शहर में जाम की समस्या से निजात को लेकर प्रशासन ने शुरू किया अतिक्रमण मुक्त अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर शहर के सड़को को अतिक्रमणमुक्त करने और जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान पुनः शुरू किया गया। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सड़क को अतिक्रमण किये जाने के कारण होने वाली कठिनाईयों के कारण अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने की अपील की जा रही है। प्रशासन ने लोगों को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। प्रशासन ने व्यवसायियों आम लोगों से सड़क पर अपनी दूकानें नहीं लगाने की अपील की है। सड़क के बजाय अपने दूकानों में सामान रखने की अपील की गई। फूटपाथ दूकानदारों से सड़क पर दूकान नहीं लगाने की अपील की गई। प्रशासन ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर दूकान लगाने से आवागमन अवरुद्ध होता है, दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, सड़क जाम होता है और इमरजेंसी सेवा प्रभावित होती है। प्रशासन ने लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील करते हुए कहा कि जो दूकानदार सड़क पर दूकान लगाएंगे विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप वैन की चोरी हो जाने को लेकर बिस्फी थाने में प्राथमिकी हुआ दर्ज

मधुबनी बिस्फी थाना क्षेत्र के लालपुर गांव से एक पिकअप वैन की चोरी हो जाने को लेकर बिस्फी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।स्थानीय निवासी गाड़ी मालिक दयाराम सहनी के द्वारा थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बिगत 12 मई को अन्य दिनों की भांति रात्रि में अपने दरवाजे पर बने गैरेज में गाड़ी को लगा सोने को चले गए ।सुबह तकरीबन पांच बजे सुबह उठे तो गाड़ी दरवाजे पर नही लगा देखा ।इसके पश्चात गाड़ी के खोजबीन में लग गए । काफी खोजबीन के पश्चात भी गाड़ी का कंही भी अतापता नही चला ।थानाध्यक्ष राजकुमार राय ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई शुरू कर दी गई है ।

शिवाजीनगर में पति के लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत कर पूजा अर्चना की। बंधार, राजौर रामभद्रपुर, बाघोपुर, रहटौली, दसौद, बेला व आसपास के इलाकों में भी महिलाओं ने तपती धूप और गर्मी के बीच पति की लंबी उम्र की कामना के लिए वट सावित्री का व्रत रखकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा की। फिर मौली धागे को लेकर 7 या 108 फेरे लेकर व्रत पूरा किया। जेष्ठ माह की कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री का व्रत रखा जाता हैं। महिलाएं व्रत पति की दीघार्यु अखंड सौभाग्य व परिवार की उन्नति के लिए रखती हैं। यह दिन वट वृक्ष की पूजा करना श्रेष्ठकर माना जाता हैं।

युवती की हत्या कर शव को घर के पीछे खेत में फेंका, जांच में जुटी पुलिस

- विधायक परिजनों से मिल दिए सांत्वना

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। रक्सौल अनुमंडल के दरपा थाना क्षेत्र के दुबहा पंचायत के बख्तौरा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह एक खेत में एक युवती की शव पर नजर पड़ते ही पूरे थाना क्षेत्र में सनसनी मच गई। शव को देख उसके परिजनों में कोहराम मच गया और चीख-पुकार सुन ग्रामीण इकट्ठा हो गए। मां रंजना सहित बहन अमृता व छोटे भाई का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृत युवती की पहचान उक्त गांव के किशोरी प्रसाद कुशवाहा की 18 वषीर्या पुत्री अमिशा के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार मृतिका के पेट में चाकू का निशान व गर्दन पर सिकुड़न दिखाई दे रहा था। घटना के बाद सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अपने दलबल के साथ घटनस्थल पर पहुंचे, उसके बाद डीएसपी धीरेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंच मृतिका की मां, पिता, बहन सहित अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की। पिता ने बताया सुबह जब बड़ी बहन अमृता की नींद खुली तो वह अमिशा को बिछावन पर न देख अपने माता-पिता को सूचना देकर जगाई, पर वह घर में कहीं दिखाई नहीं दी। बाद में किसी ने उसका शव घर के पीछे खेत में देखा। अब तक कहीं भी खुन के निशान पुलिस को नहीं मिला है। हत्या कैसे व किसने की इसका खुलासा नहीं हो सका है। घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें कही जा रही है। वहीं भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा भी अपने टीम के साथ पीड़ित के यहां पहुंच जायजा लिया। परिवार को ढाढस दिया व हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तारी के लिए डीएसपी श्री धीरेंद्र को कहा।

शराब मामले में दो को पांच-पांच साल की सजा और एक लाख जुर्माना

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना कांड संख्या 383/19 के अभियुक्त राजकुमारी देवी एवं रूपेश कुमार को धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत दोषी पाते हुए उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने प्रत्येक अभियुक्त को पांच-पांच वर्ष की सश्रम कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी है। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतने का निर्णय दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। बता दें कि अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) अविनाश राय एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेश्वर पासवान के द्वारा न्यायालय में अपना अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया।

संक्षिप्त खबरें

शराब के साथ तस्कर सहित तीन को किया गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने बुधवार की देर रात समकालीन अभियान चलाकर क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर एक शराब तस्कर से 37 बोतल देसी शराब के अलावे तीन को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर जटहाँ गांव के निवासी स्वर्गीय राजबली चैधरी का पुत्र स्वामीनाथ चैधरी है। जबकि दो अभियुक्तों में भोरे थाना क्षेत्र के गोसईसिया गांव के निवासी रामभरोसा मांझी का पुत्र चंदन मांझी तथा श्रीनगर गांव के निवासी पहवारी यादव का पुत्र लक्ष्मण यादव बताए जाते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

आपसी विवाद में मां बेटी को मारपीट कर किया जख्मी

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के ज्योतिषी टोला गांव में कुछ लोगों ने आपसी विवाद को लेकर मां बेटी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामले को लेकर पीड़िता के बयान पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि ज्योतिषी टोला गांव निवासी शिवकुमार शाह की पत्नी कुसुमावती देवी अपने दरवाजे पर बैठी हुयी थी। इसी दौरान गांव के मुन्ना गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, आशीष गुप्ता, चांदनी देवी, संध्या कुमारी और प्रभावती देवी सभी लोग एक साजिश एक राय के होकर मारपीट कर मां बेटी को जख्मी कर दिया। साथ ही गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

शराब पीने के आरोप में दूसरी बार गिरफ्तार, एक साल के लिए जेल

गोपालगंज प्रातः किरण संवाददाता जिले के भोरे थाने की पुलिस ने शराब पीने के आरोप में एक व्यक्ति को दूसरी बार गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्यवाही के बाद 1 साल के लिए जेल भेज दिया गया। बता दें कि बिहार सरकार द्वारा संशोधित उत्पाद कानून में पहली बार शराब पीने पर जुमार्ना देकर छूटने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार पीने पर एक साल के लिए जेल जाना होता है। इसी क्रम में फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजीरवां कला गांव निवासी रविंद्र यादव को पुलिस चैकी के पास से गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। रविंद्र यादव 31 जनवरी को भी शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका था। मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

36 बोतल शराब व बाइक के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव के समीप झरही नदी के किनारे से 36 बोतल शराब व बाइक के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि भोरे पुलिस को यह गुप्त जानकारी मिली थी कि मोतीपुर गांव के समीप झरही नदी से होकर शराब लेकर कुछ लोग गुजरने वाले हैं। पुलिस ने वहां वाहनों की चेकिंग शुरू की। जहां एक ही बाइक पर सवार दो लोगों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 36 बोतल देसी शराब बरामद किया गया। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के लाछपुर टोला तकिया बारी गांव के सुभाष साह और कटेया थाना के भगवती नगर गांव के राजकुमार गोंड के रूप में की गई है। दोनों को उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

होम डिलीवरी करते दो बोतल शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के मकसूदपुर नहर पुल के समीप पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर बाइक से होम डिलीवरी के लिए ले जा रहे दो बोतल देशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपित की बाइक को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के अजय राम के रूप में की गई है।

यूपी के गाजियाबाद में पलेगी गोपालगंज की बच्ची

गोपालगंज। यूपी के गाजियाबाद निवासी निः संतान दंपति ने गोपालगंज विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में पलने वाली मासूम बच्ची को गोद लिया है। शुक्रवार को डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने समाहरणालय कार्यालय कक्ष में दत्तक ग्रहण वाद की अंन्तिम रूप से सुनवाई कर दत्तक ग्रहण आदेश पारित किया। इसके बाद सभी आवश्यक कागजातों के साथ-साथ बच्चे के स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट आदि के जॉचोपरान्त बच्ची को दम्पति को सौंप दिया गया। बच्ची को सौंपने के बाद डीएम ने दंपति को बधाई के साथ भावी जीवन के लिए शुभकामनायें भी दी। बच्ची को पाकर निःसंतान पति पत्नी काफी खुश नजर आ रहे थे। इस मौके पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई कुमारी रूपा रानी, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार गोंड सहित अन्य मौजूद थे।

एसपी ने सीमावर्ती इलाके का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

एसपी स्वर्ण प्रभात गुरूवार की देर शाम हथुआ थाना अंतर्गत मछागर लछीराम रोड और यूपी के सीमावर्ती इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने हथुआ एसडीपीओ व थानाध्यक्ष को कई दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने थानाध्यक्ष को सीमावर्ती इलाके में रात्रि गस्ती करने के साथ ही विशेष चैकसी बरतने का निर्देश दिया है। उन्होने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में यूपी की सीमा से शराब की तस्करी नही होने पाए। निरीक्षण के बाद एसपी ने बताया कि बार्डर इलाकों में शराब माफियाओं पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और शराब के धंधे में संलिप्त शराब माफियाओं के खिलाफ कारवाई की जा रही है। शराब माफियाओं पर सीसीए व प्रिवेंसिव ऑफ मनी लॉन्ड्रिग के तहत संपति जप्त करने का प्रस्ताव भेजकर कारवाई की जाएगी। इस दौरान हथुआ थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

हत्या समेत 61 आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेलः गोपालगंज पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हत्या के एक आरोपित समेत 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में हत्या के एक, हत्या के प्रयास के चार, एनडीपीए कांड में एक, शराब कांड के मामले में 31, अन्य कांड में आठ तथा 14 वारंटी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने 285 लीटर देशी व 425.34 लीटर विदेशी शराब को जप्त किया है। इस दौरान पुलिस के द्वारा 43 वारंट के मामलो का निष्पादन भी किया गया है। अभियान के दौरान दो मामले में इस्तेहार चस्पा किया गया। वही वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 4000 रुपएं जुमार्ने के रूप में वसूल किया है। इसके साथ ही नौ बाइक, एक मोबाइल, एक कार और 28 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होने बताया कि पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस के द्वारा लगातार चलाये जा रहे अभियान से शराब तस्करों के बीच भय व्याप्त है। वही पुलिस वारंट के मामलों का भी तेजी से निष्पादन करने में जुटी हुयी है। पुलिस के इस अभियान की लोग जमकर सराहना कर रहे है।

अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, चार गुर्गे गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात के द्वारा हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने चोरी की छह बाइक समेत गिरोह में शामिल चार अंतरराज्यीय चोरो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार चोरो से पूछताछ करने में जुटी हुयी है।

प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी की बाइक के साथ एक अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्विर कारवाई करते हुए विजयीपुर थाने के चैमुखा गावं में छापेमारी कर सिवान के मैरवा थाने से चोरी की गयी बाइक के साथ जे यादव (काल्पनिक नाम) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जे यादव के निशानदेही के आधार पर खुटहा गांव में छापेमारी कर दिल्ली के रोहिणी से करीब एक साल पूर्व चोरी की गयी बुलेट को बरामद कर लिया गया। जबकि विजयीपुर गांव में छापेमारी कर चोरी की एचएफ डिलक्स बाइक के साथ बब्लू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी दौरान भोरे थाने के खुशहाल छापर गांव में छापेमारी कर अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। अंकित की निशानदेही पर रामनगर गावं से संतोष यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान इनके द्वारा बताया गया कि नया शहर निवासी अनिल साह उर्फ जौहर जो वर्तमान में बाइक चोरी के मामले में यपी के कुशीनगर जेल में बंद है उसी से बाइक की खरीद की गयी थी। छापेमारी के क्रम में जिउतछापर गांव के पोखरा के समीप फेंकी गयी दो बाइक को भी बरामद कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोर गिरोह के गुर्गो से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी है। छापेमारी में हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के अलावे विजयीपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सहनी, भोरे थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव, भोरे थाने के पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार, विजयीपुर थाने के सहायक अवर निरीक्षक जैनेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

किसान सलाहकारों को मिला चयन पत्र, चेहरे पर दिखी खुशी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के 25 किसान सलाहकारों को शुक्रवार को चयन पत्र दिया गया। चयन पत्र मिलने के बाद किसान सलाहकारों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गयी। 25 नव चयनित किसान सलाहकार अभ्यर्थियों को डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी, जिला कृषि पदाधिकारी भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी एवं सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण गौतम कुमार की उपस्थिति में नियोजन पत्र दिया गया। जिन्हें विभिन्न पंचायतों में एक सप्ताह के अंदर अपना योगदान देना है। गौरतलब हो कि जिला कृषि पदाधिकारी गोपालगंज के कार्यालय से कृषि विभाग के पत्रांक 04/कृ०प्र० किसान सलाहकार 06/2014-533 दिनांक 9 अक्टूबर 2014 द्वारा किसान सलाहकार चयन हेतु विज्ञप्ति निकाली गई थी। परंतु कृषि विभाग के प्रधान सचिव के द्वारा चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। उक्त चयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण उच्च न्यायालय के सीडब्ल्यूजेसी नंबर 6320/2020 से उत्पन्न एमजेसी नंबर -686/2022 में पारित आदेश के अनुपालन में तत्तसमय सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को किसान सलाहकार के पद पर चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गयी। जिसके आलोक में सचिव, कृषि विभाग बिहार पटना के निर्गत पत्र एवं जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में किसान सलाहकार की चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में कुल पच्चीस कृषि सलाहकार के रिक्त पदों पर चयन किया गया था। जिन्हे शुक्रवार को चयन पत्र दिया गया। चयनित सभी किसान सलाहकारों को एक सप्ताह में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। नियोजन पत्र प्राप्त करने वाले कृषि सलाहकारों में रेखा कुमारी, राकेश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, दिवाकर प्रसाद, अर्जुन कुमार ठाकुर, अनु कुमारी, मुन्ना कुमार ठाकुर, अनिल कुमार शर्मा, सुधीर आनंद, प्रवीण कुमार साह, अश्वनी कुमार महतो, देवेंद्र कुमार, दीपक कुमार शर्मा, शमशाद हुसैन, प्रभात कुमार, नौशाद आलम, गुलाब प्रजापति, बबलू कुमार, विद्यासागर प्रसाद, प्रमोद कुमार यादव, शशिकांत प्रसाद, अजय कुमार, दुलारचंद राम और नीरज कुमार शामिल है। सभी किसान सलाहकारों को डीएम ने पंचायतों में विकास कार्यो के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करने का निर्देश दिया।

सफाई अभियान का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

छपरा। शहर के सभी वार्डो में नाली की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, सफाई कार्य का स्थल निरीक्षण करने स्वयं नगर आयुक्त नगर निगम, सुमित कुमार, वार्ड नम्बर-15 का निरीक्षण किया। इस क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सभी सफाई कर्मी को 2 बजे तक कार्य करने को आदेशित किया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निदेश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित सफाई कर्मी, सफाई जमादार एवं सफाई निरीक्षक पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर आयुक्त के द्वारा पूर्व में ही, मानसून आने से पहले सभी नाली की सफाई का आदेश जारी किया गया था। इसी आदेश के अनुपालन में नगर निगम छपरा द्वारा मिशन 40 दिन के अंदर सभी नालों की सफाई कराने को लेकर मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इस अभियान के तहत सफाई कार्य के लिए 9 टीम का गठन किया गया है।उन्होंने कहा कि सभी नालों की सफाई का कार्य अभियान के तहत किया जा रहा है। जिसका अनुश्रवण स्वयं नगर आयुक्त के द्वारा किया जा रहा है।

डीएम व एसपी के संयुक्त कर्रवाई में बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चला सघन छापेमारी अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलान्तर्गत बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला प्रशासन के द्वारा नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नियमित रूप से विशेष अभियान भी चलाकर अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार एवं शुक्रवार की रात्रि में जिलाधिकारी, अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक , डॉ गौरव कुमार मंगला के संयुक्त नेतृत्व में जिले के कुल छह छापेमारी दल का गठन कर अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वही भेल्दी थानान्तर्गत कटसा मोड़, दिघवारा थानान्तर्गत मधुकॉन कैम्प, सोनपुर थानान्तर्गत शिव बच्चन चौक, मशरख थानान्तर्गत राजापट्टी चौक, गरखा थाना अंतर्गत चिरांद रोड एवं मुफ्फसिल थानान्तर्गत मैथवलिया चौक पर छापेमारी की गई। छापेमारी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता मढ़ौरा एवं सदर, खनिज विकास पदाधिकारी, खान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सोनपुर, अंचलाधिकारी गरखा, दिघवारा एवं मशरख सहित लगभग 25 थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। छापेमारी में कुल 10 प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 41 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 66 अवैध वाहन तथा 2 ओवरलोडेड वाहनों को जब्त किया गया है। जिस पर खनन विभाग के द्वारा लगभग 1 करोड़ 25 लाख रूप दण्ड की राशि वसूलनीय है। 66 जब्त वाहनों में कुल 33.157 घनफीट अवैध पीला बालू भी जब्त किया गया है। साथ ही परिवहन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कुल 103 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 98 लाख रुपये का दण्ड अधिरोपित किया गया है। बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन, खनन एवं परिवहन विभाग द्वारा इस तरह से नियमित कार्रवाई की जाती रहेगी।

सड़क दुर्घटना में बाइकसवार एक युवक की मौत ,दो अन्य रेफर

छपरा । पानापुर थाना क्षेत्र के सतजोड़ा लखनपुर मुख्य मार्ग पर सतजोड़ा ब्रह्मस्थान के समीप शुक्रवार की दोपहर बाइक एवं ट्रैक्टर की सीधी टक्कर में बाइकसवार एक युवक की मौत हो गयी वही बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।मृत युवक रसौली गांव निवासी श्यामबिहारी सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार सिंह उर्फ भीम बताया जाता है ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक गुरुवार को अपने ननिहाल सेमराहा गया हुआ था ।शुक्रवार की दोपहर वह अपने दोस्त सेमराहा गांव निवासी युवराज उर्फ हैप्पी एवं संजीत कुमार के साथ बाइक से सतजोड़ा बाजार जा रहा था ।इसी दौरान शनिचरा ब्रह्मस्थान के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गयी जिससे तीनो गंभीररूप से घायल हो गए ।ग्रामीणों की सूचना पर सीएचसी पानापुर से पहुँची एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर पहुँचाई जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों को रेफर कर दिया ।सीएचसी से चंद कदम दूर जाते ही आदित्य ने दम तोड़ दिया।आदित्य की मौत होते ही ग्रामीण उग्र हो गए एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की जमकर पिटाई कर दी। हंगामे की खबर सुन थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सीएचसी पहुँचे एवं शव को कब्जे में कर काफी मशक्कत के बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया ।इस दौरान सीएचसी परिसर में कई बार हो हंगामा होता रहा ।घटना की सूचना पाकर एसडीओ योगेंद्र कुमार एवं डीएसपी नरेश पासवान के भी पानापुर पहुँचे एवं हालात की जानकारी ली।

शिक्षक नेताओं की बैठक सम्पन्न

छपरा ।शुक्रवार को अध्यापक नियमावली -2023 के विरुद्ध आयोजित होने वाली 20 मई के प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल छपरा के अनुमंडल कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण विस्तारित बैठक सदर अनुमंडल अध्यक्ष रहसूल एहरार खां की अध्यक्षता में संघ भवन छपरा में संपन्न हुई। जिसमें 09 प्रखंडों के अध्यक्ष/ सचिव एवं शिक्षकों के साथ जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी, राज्य मूल्यांकन परिषद सचिव कुमार अर्णज , राज्य प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ दीनबंधु मांझी, परीक्षा अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार के साथ-साथ प्रखंड सचिव मणिकांत तिवारी, श्री दिलीप कुमार रस्तोगी ,रमेश कुमार ,डॉक्टर कमलेश पाठक, शशि भूषण चौधरी, श्री ज्योति भूषण सिंह, राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे । अनुमंडल सचिव शिवजी राय एवं रसूल एहरार खां ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि कल जिला के सभी शिक्षक शत-प्रतिशत उपस्थिति देकर प्रतिरोध रैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं । सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने जिला के सभी शिक्षक संगठनों एवं उनके पदाधिकारियों से सादर अपील किया कि आप अपने सभी शिक्षक भाईयों एवं बहनों के साथ शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज.कराएं ताकि सरकार हमारी मांगों के प्रति झुके। डॉ रजनीश कुमार ने कहा कि हक हुकूक की लड़ाई में किसी को न्योता नहीं दिया जाता,इस आंदोलन में हर शिक्षक को नेता बनना पड़ेगा और करो या मरो की तर्ज पर इस आंदोलन में अपनी शक्ति को झोंकना होगा। कुमार अर्णज ने कहा कि अध्यापक नियमावली 2023 दोषपूर्ण है मेरा आंदोलन तब तक चलेगा जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मानेगी । डॉ दीनबंधु मांझी ने कहा कि संगठन तीन स्तरों पर अपनी लड़ाई जारी रखा है सड़क पर सदन में और न्यायालय में और तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार हमारी मांगों को नहीं मांग लेती।अंत में अध्यक्षीय भाषण रसूल एहरार खां ने दिया और सभा की कार्रवाई को स्थगित की ।

आखिर वन विभाग के पिंजड़े में कैद हुआ पागल बंदर

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के सिधवलिया प्रखंड के बुधसी पंचायत के बुधसीकुंड गांव में पिछले एक माह से करीब दर्जनों लोगो को अपना शिकार बना चुके पागल बंदर को वन विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को पकड़ लिया गया। बंदर के पकडे जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बुधसी पंचायत के आसपास के गांवों में बंदर का आतंक कई दिनों से चल रहा था।

पागल बंदर ने गांव के करीब दर्जनभर से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। जिसके बाद जिला परिषद सदस्य ज्योति भूषण कुंवर उर्फ प्रिंस नेता के द्वारा डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी से पागल बंदर को पकडवाने का आग्रह किया गया था। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपालगंज व बेतिया वन विभाग की टीम को अविलंब बंदर को पकडने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को बेतिया व गोपालगंज की वन विभाग की टीम ने काफी प्रयास के बाद खूंखार बंदर को पकड लिया गया। वन विभाग की टीम में मुख्य रूप से पशु चिकित्सक डॉ.संजीव रंजन, वनपाल मदन कुमार, महमद फैयाज आलम, विक्की कुमार आदि शामिल थे।

गोपालगंज में 39 शराबी और 14 तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में 39 और शराब के धंधे में संलिप्त 14 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों व शराबियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने गुरूवार की रात्री जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक तरफ जहां 14 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी तरफ यूपी से शराब की पार्टी कर आने वाले लोगों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान ब्रेथ एलेनाइजर मशीन से लोगों की चेकिंग की गई। जिसमें करीब 39 लोग शराब के नशे में धुत पाए गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग की इस कारवाई के बाद शराब तस्करों व शराब पीने वालों के बीच हडकंप मचा हुआ है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जिले भर में जारी रहेगी।

आर्केस्ट्रा के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में आधा दर्जन जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के पाखोपाली गांव में 15 मई की रात आए बारात में आर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद अगले दिन दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। मामले में एक पक्ष के घायल मनीष कुमार साह, उनके पिता राजेश साह और बहन अंजली कुमारी वहीं दूसरे पक्ष के घायल अजीमुल्लाह अंसारी, उनकी बेटी रूबी खातून सहित तीन लोगों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

जहां मनीष कुमार साह और उनकी बहन अंजली कुमारी की चिंताजनक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना 16 मई के शाम की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के पाखोपाली गांव के राजेश साह की बेटी की बारात बीते 15 मई की रात आई हुई थी। जिसमें फरमाइशी गीत बजाने को लेकर गांव के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शांत करा लिया गया था। इसी मामले को लेकर 16 मई की शाम फिर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव भी किया गया। घटना के बाद से दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है। मामले में एक पक्ष के घायल मनीष कुमार साह और बहन अंजली कुमारी के आवेदन पर गांव के रौशन अंसारी, उनके भाई बुलेट अंसारी, नेयाज अंसारी, अफताब अंसारी, शमशाद अंसारी, इरफान अंसारी, रेहान अंसारी सहित आठ लोगों के विरुद्ध वहीं दूसरे पक्ष के घायल अजमुल्लाह अंसारी के आवेदन पर राजेश गोंड, विशाल साह, तुफान उर्फ पंकज साह, जीतू साह, अमित साह, भरत साह, श्यामलाल साह, चोकट साह, केदार साह, रंजन साह, बलिस्टर साह, ललन साह, विरेश भगत सहित 20 नामजद और 30-35 अन्य के विरुद्ध मामले में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

अध्यापक नियमावली 2023 के खिलाफ माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया संघर्ष का ऐलान

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। माध्यमिक शिक्षक संघ सिवान ने राज्य संघ के निर्देश के आलोक में अध्यापक नियमावली 2023 के खिलाफ अपने धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम की घोषणा की है ।

जिला माध्यमिक शिक्षक संघ चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में अंबेडकर पार्क सिवान में दिनांक 22 मार्च 2023 से 3 जून 2023 तक लगातार धरना का कार्यक्रम चलाएगा। संघर्ष की रूपरेखा की घोषणा संघ के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। जिसमें माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वागिंद्र नाथ पाठक प्रमंडलीय सचिव संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनन प्रसाद सिंह ,परीक्षा सचिव मनोरंजन कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अजय कुमार पांडेय उपस्थित थे। इस आशय की सूचना जिला माध्यमिक शिक्षक संघ मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर दिया है। जिला अध्यक्ष वागिंद्र नाथ पाठक ने कहा कि अध्यापक नियमावली 2023 जब तक वापस नहीं लिया जाता है हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

डीपीओ ने वितरण सह स्मार्ट कक्ष का किया उद्घाटन

छपरा । शिक्षा के विकास के लिए शिक्षकों व अभिभावकों को एक दूसरे के संपर्क में रहना होगा ।जनसहयोग से ही सभी स्कूलों का संचालन सही ढ़ंग से चल पाएगा। उक्त बातें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र विकास धनंजय पासवान ने अमनौर प्रखण्ड के नवसृजित प्राईमरी स्कूल अपहर अनुसूचित टोला में गणवेश पूरक वितरण सह स्मार्ट कक्ष के उद्घाटन के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहीं ।उन्होंने सैकड़ों बच्चो के बीच बैच,टाई,बेल्ट व डायरी का वितरण किया ।डीपीओ ने एचएम निर्मल कुमार पाण्डेय के कार्यो की सराहना की। समारोह को मुख्य रूप से अमनौर बीडीओ मंजूल मनोहर मधूप,बीईओ विश्वनाथ प्रसाद मिश्र,इन्दु कुमारी,एचएम निर्मल कुमार पाण्डेय,पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित,शिक्षक नेता समरेन्द्र बहादुर सिंह,मुखिया आशा पासवान,सरोज पासवान,शिक्षिका अल्पना मिश्रा,जिला पार्षद आलोक राय,एचएम अजीत कुमार पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।

सम्पादकीय

चुनावी संघर्ष सोशल मीडिया के सहारे

देवदत्त दुबे

दरअसल अब आम हो या खास हर हाथ में मोबाइल है। सेकंड में सूचनाएं लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंचती है और राजनीतिक दलों को अपना पक्ष जनता के बीच पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया सबसे बड़ा माध्यम नजर आ रहा है। यही कारण है कि प्रदेश के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में अपनी सोशल मीडिया टीम को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उसके लिए अनुभवी लोगों की सेवाएं ली जा रही है और कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जैसे अब तक भाजपा सोशल मीडिया में सबसे मजबूत मानी जाती रही है लेकिन कांग्रेस ने तेजी से सोशल मीडिया में अपनी पकड़ बनाई है।

बहरहाल, गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया और आईटी विभाग की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं सोशल मीडिया वाह आईटी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक अमत मालवीय विशेष रुप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस दुष्प्रचार करेगी। इसका सोशल मीडिया के माध्यम से जवाब देना है। प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा की सोशल मीडिया और आईटी में युवा एवं महिलाओं की संख्या बढ़ाई जाए। 80 हजार से अधिक कार्यकताओं को हमने प्रशिक्षित किया है और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पार्टी की बढ़त बनाए रखना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2023 और 2024 में इतिहास बनाने के लिए सोशल मीडिया के कार्यकर्ता उत्साह से भरे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में गरीब कल्याण की सारी योजनाओं को बंद किया गया था। कांग्रेस के झूठ का जवाब देकर सच को उजागर करने में सोशल मीडिया के वीर योद्धा सक्रिय हो जाए।

प्रदेश संगठन महामंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि रील के माध्यम से रियल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है। सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने कहा पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को 2003 के पहले की स्थिति बताओ ना सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरी है।

बैठक में सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा एवं आईटी विभाग के प्रदेश सह संयोजक गौरव शर्मा ने प्रेजेंटेशन देकर सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के कार्यों को विस्तार से समझाया।

उधर दूसरी ओर विपक्षी दल कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जो सोशल मीडिया की टीम काम कर रही थी उसी को मध्यप्रदेश के मोर्चे पर तैनात किया है और पार्टी ने कम समय में फालोवर्स की संख्या भाजपा के बराबर करने में जो तत्परता दिखाई है उसके कारण भाजपा ने इस ओर ध्यान फोकस किया है। 2018 विधानसभा चुनाव के पहले तक भाजपा का सोशल मीडिया पर दबदबा रहता था लेकिन इसके बाद से कांग्रेस ने भी इस क्षेत्र में जमकर सेंध लगाई है और अब 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों ही दलों की ओर से चुनावी संघर्ष जीतने के लिए सोशल मीडिया को सशक्त बनाने का हर उपाय हो रहा है। भाजपा ने प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में आशीष अग्रवाल को इसी आधार पर नियुक्त किया है कि उनकी सोशल मीडिया पर बेहतर पकड़ है और उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद ही सोशल मीडिया और आईटी विभाग का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर दिया।

कुल मिलाकर भाजपा ने 2013 में ट्विटर पर काम शुरू किया और उसके 1.2 मिलीयन फॉलोअर्स हैं और कांग्रेस में 2015 पर ट्विटर पर आमद दर्ज कराई और उसके 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। जाहिर है सोशल मीडिया के प्रभाव को देखते हुए कांग्रेस में जहां तेजी से फालोअर्स की संख्या बढ़ाई है। वहीं अब भाजपा ने भी अपनी गति बढ़ा दी है। ऐसे में आगामी चुनाव सोशल मीडिया पर वार युद्ध के रूप में नजर आएंगे।

ग्रामीण अंचलों में भी टैक्स की मार

सनत जैन

पिछले कुछ वर्षों में बढ़े हुए टैक्स और शुल्क की वसूली आम जनता से लगातार की जा रही है। टेक्स दायरा भी निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। केंद्र सरकार ने अब राज्यों की ग्राम पंचायतों ने क्षेत्र में टैक्स वसूली का जो तरीका अख्तियार किया है, उसके बाद ग्रामीण अंचलों में अब शांति के साथ रहना संभव नहीं होगा। गांवों में भी अब संपत्ति कर को अनिवार्य कर दिया गया है। ग्राम पंचायतों में अब जलकर, स्वच्छता कर, संपत्ति कर, ग्राम पंचायत एरिया में दुकान लगाने पर, हाथ ठेला लगाने पर, पशुओं की खरीद-बिक्री पर, हर चीज में अब टैक्स एवं शुल्क को अनिवार्य किया गया है। अभी तक भारत की ग्रामीण अंचल की आबादी जिस तरह से रहना चाहती थी, कम आय और कम खर्च के बीच में शांति के साथ अपना जीवन व्यतीत करती थी। पिछले 20 वर्षों में टैक्स की मार गरीबों के घर तक पहुंचने लगी है। ग्रामीण अंचलों के गरीब अब टेक्स एवं शुक्ल को लेकर उद्देलित हो रहे हैं। टैक्स और शुल्कों की वसूली अब डंडे के बल पर हो रही है। जिसका असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। केंद्र सरकार की पहल पर राज्य सरकारों ने अब प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में मकानों, दुकानों और खुली जमीन का सर्वे शुरू करा दिया है। ग्रामीण अंचलों में भी अब टैक्स की वसूली की जाएगी। पिछले वर्षों में जीएसटी के रूप में हर गरीब को हजारों रुपए प्रतिमाह का टैक्स देना पड़ रहा है। पहले यह माना जाता था कि गरीबों को टैक्स नहीं लगता है। लेकिन अब 5% से लेकर 28 फीसदी टैक्स के दायरे में गरीब आ चुके हैं। शराब, सिगरेट-बीड़ी इत्यादि पर सबसे ज्यादा टैक्स लगता है। पेट्रोल-डीजल पर सबसे ज्यादा टैक्स है। भारत की अर्थव्यवस्था में अब गरीब से गरीब व्यक्ति जो कमाई करता है, उसका 50 से 60 फीसदी हिस्सा टैक्स में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जा रहा है। जिसके कारण अब गरीबों के नियमित खर्च पूरे नहीं हो पा रहे हैं। पिछले 20 वर्षों में जितने टैक्स की वसूली हुई है, उसने पिछले 50 सालों के रिकार्ड तोड़ दिये हैं। आम आदमी टैक्स के बोझ से लगातार कराह रहा है। लेकिन उसके बाद भी सरकार टैक्स कम करने की बजाय, टैक्स को बढ़ाती ही जा रही है। इसको लेकर आम आदमी का गुस्सा बढ़ जा रहा है। भारत में लोग जब अपने परिवार की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। हर दिन सामूहिक आत्महत्या करने के समाचार मिलने लगे हैं। जिसमें परिवार का मुखिया अपनी पत्नी और बच्चों को मारकर आत्महत्या कर रहा है। उसके बाद भी सत्ता में बैठे हुए लोग, गरीब व्यक्ति से भी टैक्स वसूल करने का कोई ना कोई मार्ग निकालकर सरकार की कमाई बढ़ाने का प्रयत्न कर रहे हैं। टैक्स और शुल्क की वसूली अब डंडे के जोर पर हो रही है। कुर्की डिग्री और पुलिस, टैक्स वसूली के काम में लग गई है। जिससे आम लोगों का गुस्सा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को समझना होगा कि वह आम जनता की पालक हैं। आम जनता को सुख सुविधाएं और उनकी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति सरकारें इतने भारी-भरकम टैक्स वसूल करने के बाद भी नहीं कर पा रही है। यह स्थिति आगे चलकर विस्फोटक हो सकती है। सरकार के खर्चे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकार जिन मदों पर पैसा खर्च कर रही है, उसका लाभ गरीब और मध्यम वर्ग को नहीं मिल रहा है। बड़े-बड़े कारपोरेट जगत के लोग फायदा उठा रहे हैं। आम आदमी टैक्स एवं शुक्ल से बुरी तरह प्रताड़ित होकर विद्रोह करने की स्थिति में आ गया है। शासन एवं प्रशासन में बैठे हुए लोगों को समझना होगा कि अब टैक्स बढ़ाने का नहीं, बल्कि टैक्स कम करने का समय है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी के कारण अपने परिवार की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। जीवन जीने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ रहा है। उसके बाद भी वह अपने परिवार का जीवन यापन नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में वह करो या मरो की स्थिति में खड़ा है, यह स्थिति सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था के लिए अत्यंत खराब है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को टैक्स का बोझ बढ़ाने के स्थान पर आम आदमी को राहत पहुंचाने की दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों से ग्राम पंचायतों से जो आर्थिक सहायता मिलती थी, पिछले वर्षों में वह घटती जा रही है। अब पंचायतों से कहा जा रहा है कि वह विकास एवं खर्च के लिये टैक्स की वसूली करें। पहले नगरीय निकायों की चुंगी प्रत्यक्ष रुप से की जाती थी। उसका अधिकार सरकार ने लेकर आम जनता पर नये टैक्स थोप दिये थे। अब चुंगी छतिपूर्ति की राशि नगरीय निकायों को नहीं दी जा रही है। इसी तरह पंचायतों को स्टाम्प शुल्क एवं खनिज से होने वाली कमाई राज्य सरकरें पंचायतों को ट्रांसफर नहीं कर रही है। उल्टे नये नये टैक्स और शुल्क लगाकर आम जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इससे सरकार के खिलाफ ग्रामीण अंचलों में भी नाराजी फैलने लगी है।

प्रधानमंत्री नेहरू के प्रशंसक थे अटल जी

वहां दंगे हुये थे। सोनिया ने मोदीजी को मौत का सौदागर बताया था। अटलजी ने मोदीजी को राजधर्म की अवहेलना का दोषी माना था। गुप्तचर संस्थारा के प्रमुख अमरजीत सिंह दुलाल ने अपनी पुस्तक कश्मीरी : दि वाजपेयी इयर्स में (जुलाई 2015) मोदीजी के बारे में प्रधानमंत्री के कथन का जिक्र किया था कि : गुजरात में हमसे गलती हो गई। यदि भाजपा की गोवा बैठक में आडवाणी मदद न करते तो अटलजी ने मोदी का त्यागपत्र ले लिया होता वरना बर्खास्त कर देते।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और समीक्षक

आज तक यह विवाद मिटा नहीं कि भारत में विपक्ष के कई नेता कांग्रेस पार्टी से नूरा कुश्ती लड़ते रहते थे। खास कर कम्युनिस्ट। मगर डॉ राममनोहर लोहिया और उनके सोशलिस्ट ही अपवाद रहे। अटल बिहारी वाजपेयी के बारे मे तो निश्चित राय है कि वे नेहरु के अथक प्रशंसक रहे। यह तथ्य गत सप्ताह फिर उजागर हुआ। वाजपेयीजी पर शोध पर आधारित एक पुस्तक (प्रकाशक : मैकमिलन, लंदन) बाजार में हाल ही आई है। इसमें वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष आचार्य जेबी कृपलानी की अटलजी पर राय छपी है। आचार्य जी ने कहा थाः यह अटल जनसंघ की खाल में नेहरूवादी हैं। लेखक बांग्ला पत्रकार अभिषेक चौधरी ने कृपलानीजी द्वारा स्वतंत्र पार्टी के सांसद मीनू मसानी से कथन का (7 नवंबर 1962) उद्धहरण दिया है। तब कृपलानीजी ने सचेत किया था कि : उस व्यक्ति पर विश्वास मत करना। वह हमारा नहीं, नेहरू का आदमी है। कारण था कि चीन द्वारा भारत की पराजय (1962) पर समस्त गैर-कम्युनिस्ट विपक्ष ने प्रधानमंत्री नेहरू का त्यागपत्र मांगा था। मगर अटलजी ने इसका विरोध किया था।

इस पुस्तक के अध्याय नेहरू वर्ष में अटलजी द्वारा नेहरू पर दिये गए कसीदों का जिक्र है। नेहरू ने युवा सांसद वाजपेयी को 1960 में संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए भारतीय प्रतिनिधि मंडल का सदस्य नामित किया था। यह अटलजी की प्रथम विदेश यात्रा थी। वे तब 36 वर्ष के थे। अविवाहित थे। विदेश सचिव एमके रसगोत्रा ने उन्हें कला संग्रहालय, म्यूजियम तथा नाइट क्लब दिखाया था। सुरापान भी किया गया था। अटल जी पर कई पुस्तकें छपी हैं। पर ताजा (मैकमिलन) किताब में यही दशार्या गया कि अटलजी नेहरु-कांग्रेस के करीबी थे। चेन्नई के दैनिक हिंदू को सरदार मनमोहन सिंह ने भी कुछ बताया था कि अटलजी कई मायनों में नेहरूजी से मिलते जुलते थे। अटलजी ने संसद में 29 मई 1961 के भाषण में कहा था : महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में भगवान राम के संबंध में कहा है कि वे असंभवों के समन्वय थे। जवाहरलाल नेहरू के जीवन में महाकवि के उसी कथन की एक झलक दिखाई देती है।

जब दिसंबर 1963 में पंजाब की कांग्रेस सरकार के गृहमंत्री मोहनलाल ने आरोप लगाया कि कुछ विरोधी दल विदेशी शक्तियों के सहयोग से नेहरू सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास कर रहे हैं तो अटलजी ने कहा कि यदि गृहमंत्री इस आरोप का खंडन या पुष्टि नहीं करते तो मैं आमरण अनशन करूंगा। उन्होंने कहा : कि मैं ऐसे किसी दल का सदस्य होना पसंद नहीं करूंगा जो किसी विदेशी शक्ति के सहारे वर्तमान सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास कर रही है। इस आरोप को स्वीकार करने के बजाय मैं मृत्यु को अधिक पसंद करूंगा।

मशहूर स्तंभकार (इंडियन एक्सप्रेस) श्रीमती कूमी (वीरेंद्र) कपूर ने (8 जनवरी 2020) को वाजपेयी जी पर प्रकाशित पुस्तक के जुगलबंदी के लेखक विनय सीतापति का जिक्र किया था श्रीमती राजकुमारी कौल का। वे अटलजी के आवास पर स्थाई रूप से रहती थीं। तब संघ के नेताओं ने सुझाया था कि प्रधानमंत्री उस महिला से पाणिग्रहण कर लें अथवा अलग हो जाएं। यह मसला 1965 में गुरु गोलवालकरजी के समक्ष भी उठा था। तब पार्टी कोषाध्यक्ष नानाजी देशमुख दोनों ने विवाह को सुझाया था।

अयोध्या के बारे में अटल जी कभी भी संघर्ष के पक्षधर नहीं रहे। आंदोलन के प्रारंभ (6 दिसंबर 1992) से ही। जब उनके आत्मीय डॉ एनएम घटाटे उनसे मिले थे तो अटलजी ने गहरी नाराजगी इन शब्दों में प्रकट की : अयोध्या में युद्ध नहीं होता है। मगर वहां महाभारत हो गया।ह्व उसके बाद देर शाम जब डा. घटाटे उनसे मिलने गए तो उनका पहला सवाल था : वहां क्या हुआ ? वे मीडिया से बात करने से पहले जानना चाहते थे कि वास्तव में वहां जो हुआ, वह कैसे हुआ और कौन थे सूत्रधार? अगले दिन संसद में अटलजी ने 6 दिसंबर को इतिहास में काला दिवस करार दिया।

भारतीय जनता पार्टी का निर्णय था कि यदि विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में सोमनाथ-अयोध्या रथयात्रा लालकृष्ण आडवाणी गिरफ्तार किया तो भाजपा केंद्रीय सरकार का समर्थन वापस ले लेंगे। अटलजी को पार्टी का निर्देश था कि नेता सदन के नाते वे तत्काल राष्ट्रपति को इस उद्देश्य का पत्र सौंप देंगे। उस दिन दिसंबर में अटलजी कोलकाता हवाई अड्डे से गुवाहाटी जा रहे थे। तभी पश्चिम बंगाल के भाजपायी सूत्रों ने सूचित किया तो अटल जी ने कहा कि गुवाहाटी से लौटकर वे राष्ट्रपति से भेंट करेंगे। पर पार्टी जन का आग्रह था। अतः वे दिल्ली गये।

नेहरू ही नहीं अटलजी कांग्रेसी प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के भी काफी आत्मीय रहे। अटलजी के निजी सहायक रहे शक्ति सिन्हा आईएएस ने बाजपेयी : दि इयर्स दैट चेंजड इंडिया नामक किताब में लिखा कि अटलजी ने 1996 में लोकसभा चुनाव अभियान से रूसी वायुयान सुखाई योजना को मुद्दा नहीं बनाया था। पिता नेहरू ही नहीं पुत्री इंदिरा गांधी के भी अटलजी हमदर्द थे। वे 1977 में जनता पार्टी सरकार बसने के तुरंत बाद वे विदेश मंत्री के नाते इंदिराजी से मिलकर आश्वासन देकर आए थे कि आपातकाल के दौरान उनकी कुकृत्य पर जनता पार्टी द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी। (पत्रकार एनपी की पुस्तक दि अनटोल्ड बाजपेई, मंजुल पब्लिशिंग : नवभारत टाइम्स 25 दिसंबर 2020)।

यदि अटल जी का बस चलता तो नरेंद्र दामोदरदास मोदी 2002 में ही राजनीति से हटा दिए जाते। वे सत्ता से बेदखल हो जाते। तब मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

सतही राजनीति और जनाकांक्षाओं की कसौटी

यह करने के लिए सिलेंडर देवता का पूजन, पुरानी पेंशन योजना को लागू करना और अनेक स्थानीय मुद्दों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता से मतदाता को रिझाया गया। साथ ही जाति, धर्म, और क्षेत्र की सामाजिक पृष्ठभूमि के साथ लगाव भी मतदान पर हावी रहा। उल्लेखनीय है कि पुराने मंत्रिमंडल के एक दर्जन मंत्रियों को हार का मुंह देखना पड़ा। यह तथ्य उनकी कार्य-निपुणताओं को प्रश्नांकित करता है। चुनाव परिणामों द्वारा जनता ने यह संदेश भी दिया है कि उसकी सहनशीलता की भी सीमा होती है। नारे और वादों से उकता चुकी जनता को जमीनी हकीकत में बदलाव की चाहत है। आगामी चुनावों की भी यही कसौटी रहेगी। सतही राजनीति का दांव अब नहीं चलने वाला है।

गिरीश्वर मिश्र
लेखक राजनीतिक रणनीतिकार

भारत की जनता में सहते रहने की अदम्य शक्ति है और वह सबको अवसर देती है कि वे अपने वादों और दायित्वों के प्रति सजग रहें परंतु जनप्रतिनिधि होने पर भी ज्यादातर राजनेता जन-प्रतिनिधित्व के असली काम को संजीदगी से नहीं लेते हैं।

चुनावी सफलता पाने के बाद वे यथाशीघ्र और यथासंभव सत्ता भोगने के नुस्खे आजमाने लगते हैं। ऐसे में जन-सेवा का वह संकल्प और जज्बा एक ओर धरा रह जाता है जो धूमिल रूप में ही सही उनके मन कभी तैर रहा होता था। दरअसल वे एक व्यापारी की तरह सोचने और काम करने लगते हैं। बिगड़ैल काल देवता से भयभीत वे राजनीति के व्यवसाय से (अपने लिए) समयबद्ध ढंग से अधिकाधिक धन-धान्य या समृद्धि उगाहने में दत्तचित्त जुट जाते हैं। पर आगे क्या हो सकता है इसका दर्दनाक उदाहरण पश्चिम बंगाल में जेलबंद शिक्षा मंत्री और उनके सहयोगियों से मिलता है।

जिस तरह शिक्षक नियुक्ति के मामले में करोड़ों रुपयों के गम्भीर आर्थिक घोटालों का पता चल रहा है और हजारों की संख्या में नियुक्ति पा चुके शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा नौकरी से मुक्त किया जा रहा है वह स्वतंत्र भारत के राजनीतिक और शैक्षिक इतिहास में नायाब है। तेजतर्रार, लोकप्रिय और खुद को लोकसंग्रह को समर्पित कहने वाली मुख्यमंत्री की नाक तले इतना कुछ विधिवत अनियमितता के साथ कैसे होता रहा, यह घोर आश्चर्य का विषय है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि राजनीति के खिलाड़ी अहंकार में डूब कर कुछ भी करने को स्वतंत्र मान बैठते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि समाज के स्तर पर इसके कितने दूरगामी परिणाम होंगे। वे जाने-अनजाने अच्छे-बुरे विचारों, व्यवहारों और मूल्यों के बीज बोते चलते हैं। वे आचरण और सफलता के न केवल मानक स्थापित करते हैं बल्कि उसका अपने उदाहरण के साथ उसका निदर्शन भी जनता के सामने पेश करते चलते हैं।

छोटे-बड़े नेता समाज के सामने एक मॉडल के रूप में आते हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया की बेहद प्रभावी उपस्थिति से वे समाज के बड़े हिस्से को अपने असर में ले लेते हैं। वे अपनी चाल-ढाल, वेश-भूषा और बात-व्यवहार से सफलता की मंजिल तक रहे (बेहिसाब) बेरोजगार भारतीय युवा वर्ग (ब्रिगेड!) को जायज और नाजायज किसी भी तरह से काम कराने के लिए संदेश देते हैं। उपाय (साधन!) कुछ भी हो चलेगा, शर्त इतनी होती है कि उससे मनोवांछित लक्ष्य (साध्य!) की प्राप्ति (सिद्धि!) किसी भी तरह जरूर सुनिश्चित हो सके। इस क्रम में परिवार, क्षेत्र, जाति, धर्म और भाषा जैसे सरोकार भी दावेदार होते हैं। इनमें से किसका कितना जोर चलेगा यह उस समय की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। यह बड़ा ही दुखद है कि सेवा-धर्म के साथ शुरू हुई राजनीति ने जो अपना कलेवर बदलना शुरू किया तो अब उसका कोई अंत ही दृष्टि में नहीं आता। बाहु-बाल, अपराध और धन-बल के बढ़ते गठजोड के फलस्वरूप माफिया भी सांसद हो जाते हैं और सरकारें भी उन पर मेहरबान रहती हैं।

आज राजनीति में योग्यता और सेवा का प्रश्न गौण हो रहा है। इसकी जगह जन-सम्बंध, लोकप्रियता और सम्पर्क-शक्ति को तरजीह दी जाती है। इनसे भी ज्यादा पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक औकात को महत्व मिलता है। ऐसा आदमी ठीक नेता कहा जाता है जो जनता में अपना दबदबा बनाए रखे। यह याद रखना होगा कि स्वास्थ्य, कानून, प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे तकनीकी क्षेत्रों में ज्ञान तथा कौशल की विशेषज्ञता का कोई विकल्प नहीं होता है। राजनीतिक दबाव में इसकी भी बुरी तरह उपेक्षा होने लगने लगी है। कोशिश यही रहती है कि यथाशक्ति अपना, अपने भरोसे का, अपनी जाति बिरादरी का, अपनी विचारधारा का या फिर किसी तरह से (आर्थिक या अन्य) लाभ पहुंचाने वाले आदमी को मौका दिया जाए।

बिहार और पश्चिम बंगाल में सरकारी भर्तियों में ह्यकैश या काइंडह्व में लाभ ले कर नौकरी देने की सरकारी नीति के उपयोग के जो मामले उभर कर सामने आ रहे हैं वे आंख खोल देने वाले हैं। इन सब में सत्ता का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया है और आंख मूंद कर अवैध कमाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अपने आदमियों को (ही) भरने के दुराग्रह के तात्कालिक लाभ दिखते हैं और कुछ (अवांछित) लोगों को नौकरी और अन्य लाभ भी मिल जाते हैं। उन लोगों से दल विशेष को लाभ भी मिल सकता है परन्तु अंततः उस तरह का निवेश सामाजिक अन्याय का ही रूप लेगा। यदि और जगहों की खोज खबर ली जाए तो इस तरह की और गड़बड़ियां भी जरूर मिलेंगी जहां विभिन्न पदों पर धन ले कर नियुक्तियां हुई हैं।

राजनीतिक संस्कृति का अनिवार्य अंश बनता जा रहा सीमित स्वार्थ का विषाणु राजरोग की तरह जीवन के अनेक क्षेत्रों को बुरी तरह संक्रमित करता जा रहा है और कार्य संस्कृति को बाधित कर रहा है। लोगों को लग रहा है कि राजनीति की इस टेढ़ी चाल से शिक्षा की व्यवस्था और प्रशासन की प्रणाली ध्वस्त होती जा रही है। आम जनों का विशेष कर युवा वर्ग का अपनी योग्यता, क्षमता, परिश्रम और ईमानदारी पर से भरोसा उठता जा रहा है। ऐसा करते हुए नेता गण यह भूल जा रहे हैं कि पूर्वाग्रह के आधार पर भेद-भाव की नीति के साथ प्रजातंत्र की गाड़ी ज्यादा आगे नहीं जा सकती। इस तरह की असमानताओं को प्रकट और प्रच्छन्न रूप से लागू करना समाज के प्रति अक्षम्य अपराध होगा जिसका लाभ किसी को नहीं होने वाला है।

सत्ता में आने के पहले राजनेता चुनावी दंगल में एक व्यापक दृष्टि के साथ सामने आते हैं और अचानक जादू का पिटारा खुलने लगता है। एक के बाद एक वादे किए जाते हैं। मतदाता को संतुष्ट करने का कोई दांव नहीं छोड़ा जाता है। ऐसा करते हुए अक्सर सरकारी खजाने की हालत को नजरअंदाज करने से किसी को कोई गुरेज नहीं होती है। कर्नाटक के हालिया चुनाव में मतदाताओं के विभिन्न वर्गों को संतुष्ट करना सफलता पाने की मुख्य युक्ति थी।

शादी, तलाक और सुप्रीम कोर्ट

सोनम लववंशी

हिंदू रीति-रिवाजों के मुताबिक शादी सात जन्मों तक साथ निभाने का जरिया है। एक लड़की-लड़का जब शादी के सात फेरे लेते हैं, तो सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें खाते हैं, लेकिन जिस रिश्ते में प्यार और अपनापन न हो! फिर ऐसी कसमें और वादे सिर्फ बोझ बनकर रह जाते हैं। मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं के विपरीत जाकर कोई भी जीवन-यापन नहीं कर सकता है। यही वजह है कि संविधान सम्मत इस देश में नागरिकों को कई संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। ये अधिकार ही व्यक्ति की गरिमा और जीवन जीने की स्वतंत्रता को आधार प्रदान करते हैं। ऐसे में सिर्फ सात जन्मों तक साथ निभाने के वचन मात्र से कोई भी पुरुष या स्त्री अपना जीवन जीते-जी नरक नहीं बनाना चाहेगा।

शादी जितना एक स्त्री-पुरुष के जीवन में खुशनुमा पल है। तलाक उससे लाख गुना जटिल, शर्मनाक और तनावग्रस्त होता है।

तलाक की पीड़ा वही समझ सकता है, जिसने इस त्रासदी को झेला हो। हमारा समाज पुरूष प्रधान है। जहां इक्कीसवीं सदी में भी पुरूषों का वर्चस्व कायम है। एक स्त्री अपने हक के लिए आवाज उठाए तो उसे उन्मुक्तता का शिकार बताने में समाज लेशमात्र समय नहीं लगाता। पुरूष बड़ी ही आसानी से स्त्री पर लांछन लगाकर या चरित्र पर उंगली उठाकर एक महिला को तलाक दे सकता है, लेकिन स्त्री समाज के लिए तलाक लेना आसान नहीं होता। सोचिए जिस समाज में एक महिला को नौकरी के साक्षात्कार से इसलिए रिजेक्ट कर दिया जाए कि उसका तलाक का केस चल रहा है। फिर स्त्री-पुरुष के बीच समाज में व्याप्त भेद को भलीभांति समझा जा सकता है। दरअसल, आज भी हमारे समाज में तलाक को लेकर लोगों की मानसिकता नहीं बदली है और समाज अभी भी तलाक का दोष सिर्फ महिला के माथे पर मढ़ता है। जो काफी दुःखद और दर्दभरी दास्तां बयाँ करता है।

इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने तलाक को लेकर एक फैसला सुनाया है। जिसके मार्फत अब कोई भी रिश्तों के टूटने के दर्द से जल्द छुटकारा पा सकता है। जो कहीं न कहीं महिलाओं के लिए एक सुखद फैसला है। अक्सर हमने देखा है। जब एक स्त्री-पुरुष के तलाक की प्रक्रिया चल रही होती है। तब पुरुष तो दूसरी शादी तक इसी दौरान कर लेता है और बेहतर जिंदगी जीता है, लेकिन स्त्री इसी उधेड़बुन में उलझी रहती है कि उसका निकट भविष्य क्या होगा? ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह कहना कि अब तलाक के लिए 06 महीने भी रुकना जरूरी नहीं है! यह दर्द भरे रिश्तों को ढोने से आजादी दिलाने वाला एक बड़ा कदम है।

शिल्पा शैलेश बनाम वरुण श्रीनिवासन के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि न्यायालय के पास दंपति के बीच सुलह की बिल्कुल भी गुंजाइश न होने की स्थिति के आधार पर विवाह को भंग करने की शक्ति है। गौरतलब है कि भारत में एक आंकड़े के अनुसार साल 2018 में 93 प्रतिशत विवाह अरेंज मैरिज के अंतर्गत हुए, जबकि वैश्विक औसत तकरीबन 55 प्रतिशत था। वहीं भारत में एक हजार विवाह में से 13 विवाहों में तलाक की स्थिति पैदा हुई। तलाक में अक्सर महिलाओं को मजबूर होना पड़ता है और इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह भारतीय महिलाओं की श्रम-शक्ति में कम भागीदारी है। जिसके कारण उन्हें कई बार समझौतावादी दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि वैवाहिक संबंध का विघटन असमान रूप से महिलाओं को प्रभावित करता है। जिसमें घरेलू आय में अनुपातहीन नुकसान, गृह स्वामित्त्व खोने का उच्च जोखिम और एकल पालन-पोषण का भारी बोझ शामिल है।

ऐसे में अब हमारी कानून व्यवस्था ने इस त्रासद प्रक्रिया का भी हल निकाल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि यदि पति-पत्नी का रिश्ता पूरी तरह टूट चुका हो! उसमें सुलह-समझौते की कोई गुंजाइश नहीं बची हो, तो संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए तलाक को बिना इंतजार किए मंजूर किया जा सकता है। इस फैसले का सीधा सा मतलब है कि अब बिगड़े रिश्तों को कानूनी रूप से तोड़ने के लिए 6 महीने का इंतजार करना भी जरुरी नहीं होगा। अब पति-पत्नी आपसी सहमति से तुरंत तलाक ले सकते है। लेकिन, संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में तलाक तभी संभव है, जब कोर्ट पूरी तरह आश्वस्त हो कि शादी वास्तव में टूट चुकी है और पति-पत्नी अब किसी भी हालत में साथ रहना नहीं चाहते। लेकिन, यह जांचना आसान नहीं है, कि कोर्ट आखिर कैसे तय करेगा कि अब इस विवाह बंधन में कुछ नहीं बचा और अलग होना ही एकमात्र विकल्प है!

संक्षिप्त खबरें

छात्र हित में नहीं है 4 बर्षीय डिग्री कोर्स ,बढ़ेगा आर्थिक बोझ

मुजफ्फरपुर। राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा 4 वर्षीय डिग्री कोर्स के फीस व पाठ्यक्रम पर अंतिम मुहर लगने के निर्णय पर प्रेस बयान जारी करते हुए एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा है कि 4 वर्षीय डिग्री कोर्स के संबंध में राजभवन की ओर से जो पत्र जारी किया गया है, उसमें पाठ्यक्रम सीबीसीएस एवं सेमेस्टर प्रणाली के आधार पर होंगे। एक तरफ सेमेस्टर प्रणाली में 1 वर्ष में एक बार की जगह 2 बार परीक्षा एवं प्रवेश शुल्क लेने से बेतहाशा फीस वृद्धि होगी। नतीजतन कॉलेजों में जहां 7000 से लेकर अधिकतम 10000 तक 3 साल के स्नातक की पढ़ाई पूरी हो जाती थी। वहां अब 21690 लगेंगे। यह फीस वृद्धि मध्यम वर्गीय व गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा से बाहर कर देगा। वहीं दूसरी तरफ विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) व मल्टीडिसीप्लिनरी के माध्यम से पहले से परीक्षित वैज्ञानिक अंतरविषय प्रणाली को खत्म कर अवैज्ञानिक व विस्तृत और सामाग्रिक ज्ञान के लिए बाधक बहुविषयक प्रणाली लाई जा रही है। इस 4 वर्षीय डिग्री कोर्स में मल्टीपल एंट्री एवं मल्टीपल एंट्री की व्यवस्था बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों को कानूनी वैधता देगी। जिससे शिक्षा ज्ञान केंद्रित न होकर डिग्री बांटने की व्यवस्था में तब्दील हो जाएगी जहां जिनके पास पैसे होंगे मनचाहा डिग्री खरीद सकते हैं। देखा जा रहा है कि राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र काफी विलंब से चल रहें हैं। ऐसे में यह चार वर्षीय डिग्री कोर्स राज्य की उच्च शिक्षा को पुरी तरह चौपट कर देगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार एक तरफ केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष की बात करती है जबकि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई विनाशकारी नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 4 वर्षीय डिग्री कोर्स को राज्य में तेजी के साथ लागू किया जा रहा है जो राज्य सरकार के दोहरे चरित्र को दशार्ता है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब हस्तक्षेप कर इस शिक्षा व छात्र विरोधी चार वर्षीय डिग्री कोर्स पर रोक लगाने एवं राज्य भर के कॉलेज-विश्वविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता को दूर करते हुए सत्र नियमित करने की मांग की साथ ही शिक्षाप्रेमी लोगों ,खासकर छात्र समुदाय से एकजुट होने एवं विनाशकारी शिक्षा नीति के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

घर से भगाने को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज

मधुबनी जिला के खजौली थाना क्षेत्र के दतुआर गांव निवासी संजय कुमार ने अपनी बहन आशा देवी को ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर घर से भगाने को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है. उन्होंने प्राथमिकी आवेदन में आरोप लगाया है कि मेरे बहन को वर्ष 2002 में बिरौल गांव निवासी दयानंद पासवान से हिन्दू रीति रिवाज से शादी हुई थी.मेरी बहन को पाँच संताने है. मेरे बहन आशा देवी के देवर परमानंद प्रभाकर,शोभानंद सुधाकर,उनके पिता अशर्फी पासवान उनके पत्नी मलभोगिया देवी एव भकुआ पंचायत के ढोलवाजा मरार निवासी आशीष कुमार द्वारा मेरी बहन को प्रताड़ित कर मारपीट कर घर से भगा दिया है.उन्होंने प्राथमिकी आवेदन में आरोप लगाया है कि मेरे बहनोई दयानंद पासवान जहाँ जहाँ नोकरी की वहाँ पर गैर महिलाएं से नाजायज संबंध रखने को लेकर मेरी बहन से नफरत करने लगी. जिस कारण मारपीट कर घर से भगा दिया गया. प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 98/023 प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी है।

पिकअप वैन की चोरी हो जाने को लेकर बिस्फी थाने में प्राथमिकी हुआ दर्ज

मधुबनी बिस्फी थाना क्षेत्र के लालपुर गांव से एक पिकअप वैन की चोरी हो जाने को लेकर बिस्फी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । स्थानीय निवासी गाड़ी मालिक दयाराम सहनी के द्वारा थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बिगत 12 मई को अन्य दिनों की भांति रात्रि में अपने दरवाजे पर बने गैरेज में गाड़ी को लगा सोने को चले गए । सुबह तकरीबन पांच बजे सुबह उठे तो गाड़ी दरवाजे पर नही लगा देखा । इसके पश्चात गाड़ी के खोजबीन में लग गए । काफी खोजबीन के पश्चात भी गाड़ी का कंही भी अतापता नही चला । थानाध्यक्ष राजकुमार राय ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई शुरू कर दी गई है ।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

- राज्यरानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन न्यू बरौनी जंक्शन में रुकते ही यात्रियों में दिखा उत्साह
- लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज कर कर्नाटक जाना जरूरी समझे सीएम : गिरिराज सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। पूर्व मध्य रेल के न्यू बरौनी जंक्शन पर आश्रित लोगों के लिए बेहद ही सुखद दिन रहा। पहली बार जहां न्यू बरौनी जंक्शन पर ट्रेन संख्या 12567 एवं 12568 सहरसा से पटना तक जाने वाली राज्यरानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का रेलवे प्रशासन द्वारा शुक्रवार को ठहराव दिया गया है। गौरतलब है कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा से लोगों ने कई बार गुहार भी लगाई थी। परंतु दोनों ही सांसदों के प्रयास से उक्त ट्रेन का न्यू बरौनी जंक्शन पर ठहराव दिया गया। इससे स्थानीय लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। रेलवे द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर विधिवत इस ट्रेन के ठहराव के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को पटना के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के बाद एक तरफ जहां गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि 20 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम बेगूसराय जिले के प्रसिद्ध गंगा धाम सिमरिया में था। लेकिन उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज करते हुए कर्नाटक जाना अधिक जरूरी समझे। ऐसा लगता है बिहार के विकास से उनको कोई मतलब नहीं है। आज कल उनपर सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री बनने का जुनून सवार है। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि नीतीश कुमार 2024 में प्रधानमंत्री बनने के हसीन सपने देख रहे हैं, जो कि मुंगेरीलाल के सपनों के बराबर है। वहीं राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने भी ट्रेन ठहराव के बाद स्थानीय लोगों को बधाइयां दी एवं सरकार पर चोट करते हुए कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है और यहां सबों को अपनी-अपनी बात रखने का अधिकार है। आज सनातन धर्म की बात करने वाले बागेश्वर बाबा के आने के बाद विरोधियों के द्वारा लगातार सवाल खड़े किए गए। जो कहीं से भी उचित नहीं है। आज जो बागेश्वर बाबा का विरोध किए उनकी धर्मनिरपेक्षता उस वक्त कहां चली जाती है। जब-जब कहीं मजलिस होती है और उसमें वही लोग शरीक भी होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और यहां सबों को अपनी बात रखने का अधिकार है। जहां तक सनातन धर्म और हिंदू राष्ट्र की बात है तो यह बाबा की मांग नहीं है बल्कि हर एक भारतीय का नैतिक अधिकार है। मालूम हो इसको लेकर समारोहपूर्वक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोनपुर के मंडल रेल प्रबंधक नीलमणि सहित स्थानीय नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी सहित भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती देखी गई।

साठाजगत स्टेशन जाने की पहुंच पथ नहीं होने से बढ़ी राहगीरों की मुश्किलें

प्रात : किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। रेल अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बरौनी- समस्तीपुर रेलखंड स्थित प्रखंड क्षेत्र का इकलौता रेलवे स्टेशन साठा जगत मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्टेशन आने-जाने के लिये पहुंच पथ नहीं होने के कारण राहगीरों को गिरकर चोटिल होना पड़ता है। वहीं बरसात के मौसम में झील में तब्दील समपार संख्या 28 के पास का दृश्य देखने को मिलती रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार ट्रेन यातायात ठप कर विभाग को आवेदन भी दिया, लेकिन आज तक यहां यात्रियों को समुचित सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो रही है। पहुंच पथ नहीं होने के कारण यात्रियों को रेलवे ट्रैक पार कर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को विवश होना पड़ता है। वहीं इलाके के लोगों का कहना है कि यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। प्लेटफार्म संख्या एक पर बैठने के लिये बेंच तो है लेकिन शेड की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी कारण गर्मी व बरसात में यात्रियों को काफी ज्यादा फजीहत झेलनी पड़ रही है। यात्री चंद्रदेव झा, विष्णुदेव पोद्दार, नौशाद सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि स्टेशन परिसर में लाइट का अभाव है। इसके कारण रात के समय काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है। इतना ही नहीं स्टेशन से समपार संख्या 28 आने के लिये कई बार यात्री गड्ढे में गिर जाते है। मध्य रात्रि में यात्रियों को प्लेटफार्म संख्या दो पर आने में अधिक परेशानी होती है। टिकट काउंटर के आसपास बड़े-बड़े जंगल व बिजली की तार आदि लटका हुआ रहता है। वहीं शौचालय की भी घोर अभाव देखने को मिला। शौचालय नहीं रहने से महिलाओं को कठिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। शौचालय विहीन साठा जगत रेलवे स्टेशन पर आम यात्रियों की काफी ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। हालांकि कहने को तो दो-दो शौचालय है, पर दोनों पूर्ण रूप से खंडहर बने हुये है। यात्री अजीत कुमार झा बताते हैं कि स्टेशन परिसर में शौचालय नहीं होने के कारण खास करके महिलाओं को काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दर्जनभर से अधिक गांवों के लोगों का जिला मुख्यालय जाने का एक मात्र साधन ट्रेन ही है। स्टेशन का प्लेटफार्म संख्या दो पर जंगल का अंबार लगा हुआ है। रात्रि में यात्रियों को कीड़े-मकोड़े का डर लगा रहता है।

पति के लंबी उम्र और सदा सुहागन का वरदान के लिए महिलाओं ने की वट-सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शुक्रवार को स्थानीय शहर की हिंदू धर्मावलंबी विवाहित महिलाओं द्वारा वट-सावित्री पूजा पूरे ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया गया। व्रती महिलाओं का यह व्रत अपने पति के लंबी आयु के लिए किया जाता है और ईश्वर से सदा सुहागन रहने का वरदान मांगा जाता है। अहले सुबह महिलाएं स्नान आदि करने के पश्चात दुलहन की तरह सज-धज कर वट यानी की पीपल के पेड़ के पास पहुंच पूजा-अर्चना करती हैं। धागों को पीपल के चहुँ ओर लपेटती है और पंडित जी से कथा सुनती हैं। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट-सावित्री व्रत किया जाता है इस दिन सत्यवान सावित्री की यमराज सहित पूजा की जाती है। इस दिन पूरे दिन व्रत कर सायंकाल में फल का सेवन व्रतियों द्वारा की जाती है। इस व्रत को करने से स्त्री का सुहाग अचल रहता है। सावित्री ने इसी व्रत को कर अपने मृतक पति सत्यवान को धर्मराज से जीत लिया था। इस दिन उपवासक को सुवर्ण या मिट्टी से सावित्री- सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यमराज कि प्रतिमा बनाकर धूप-चन्दन, फल, रोली, केसर से पूजन करते हैं तथा सावित्री-सत्यवान कि कथा सुनते हैं।

प्रकृति ,संस्कृति और मानवीय मूल्यों के कवि थे ललन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कवि ललन कुमार सहृदय, आत्मीय और सरल हृदय के मनुष्य थे। वे खूब वैचारिक बहस करते थे, दो टूक सच का बयान करते थे मगर कभी किसी के लिए कटुता नहीं रखी। उनकी राष्ट्रीय भावना और मानवीय मूल्य हम सबके लिए प्रेरक हैं। ये बातें निराला निकेतन में आयोजित ह्यस्मरण कवि ललन कुमारह्ल में उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर बेला के संपादक साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कही। उन्होंने कहा कि बड़ों को आदर, समकालीनों को प्यार और नई पीढ़ी को स्नेह देना उनका सहज स्वभाव था। संबंध, संघर्ष, समाज, प्रकृति, राष्ट्र, संस्कृति और मानवीय मूल्य उनकी कविता के विषय हुआ करते थे। ललन जी खूब पढ़ते थे, खूब लिखते थे और अपने कार्य क्षेत्र की व्यस्तता से समय निकालकर साहित्यिक- सांस्कृतिक आयोजनों में पूरे मन से पहुंचते थे। आचार्यश्री, राजेंद्र प्रसाद सिंह, शिवदास पांडेय जैसे विद्वानों के सान्निध्य में रहकर उन्होंने अपने को संस्कारित किया। वे उदार, सहयोगी और कर्मनिष्ठ थे। ललन जी जीवंत कवि और जिंदादिल इंसान थे। कवि शुभ नारायण शुभंकर ने कहा कि उनमें बच्चों जैसी उत्सुकता थी। वे जब भी कुछ नया लिखते थे तो सुनाते थे और बार-बार पूछते थे कैसा है? डॉ पुष्पा प्रसाद ने भावुकता में डूब कर कहा कि मैंने अपना छोटा भाई खोया है। कभी भी सहयोग करने से ललन जी पीछे नहीं हटे। मधुमंगल ठाकुर ने उनके साथ बिताए हुए क्षणों का संस्मरण सुनाया और कहा कि वे खुले हृदय के व्यक्ति थे। कवि प्रवीण कुमार ने कहा कि वह मेरे बड़े भाई थे और मुझे हमेशा प्रेरित करते थे। मुझे लिखते पढ़ते देखकर उन्हें बड़ी खुशी होती थी।देवेन्द्र कुमार ने कहा कि सहजता और बालमन उनकी विशेषता थी। डॉ हरि किशोर प्रसाद सिंह ने ललन जी पर केंद्रित एक कविता का पाठ किया और कहा कि हमेशा उत्साह और ताजगी में वे रहते थे। आलोक अभिषेक ने कहा कि ललन जी राह चलते भी तपाक से मिलते थे और नई कविता सुनाते थे। शशिरंजन वर्मा ने जानकीवल्लभ शास्त्री के प्रिय गीत ह्यजिंदगी की कहानी रही अनकही, दिन गुजरते रहे सांस चलती रहीह्ल सस्वर सुना कर उन्हें भावांजलि दी। आशा कुमारी और मोहन प्रसाद ने भी भावोद्गार प्रकट किए। धन्यवाद ज्ञापन ललन जी के पुत्र सत्यप्रकाश ने किया। उपस्थित सारे लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

डीएम ने किए आपदा प्रबंधन, जिला परिवहन एवं विद्युत कार्यालय का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी, मोतिहारी सौरभ जोरवाल द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय स्थित जिला आपातकालीन संचालन केंद्र अर्थात जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय एवं विद्युत कार्यालय, मोतिहारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन कार्यालय पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा आपदा अधिनियम अंतर्गत दिए जा रहे मुआवजा के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने जिला परिवहन कार्यालय में पंहुच कर कार्यालय के क्रियाकलाप से अवगत हुए तथा वाहन लाइसेंस एवं आरसी प्रिंट के कार्यो को उन्होंने स्वयं देखा। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विद्युत कार्यालय, मोतिहारी पहुंचकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी हासिल किए। आमलोगों को दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी से उन्होंने आवश्यक जानकारी प्राप्त की। स्मार्ट मीटर के आवेदनों की स्थिति से वे अवगत हुए। लंबित आवेदनों को जल्द निराकरण हेतु उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अखण्ड सुहाग की कामना को लेकर सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को क्षेत्र में स्थित वट वृक्ष के समक्ष वट वृक्ष की विधिविधान के साथ पूजा पाठ कथा कर वट सावित्री की पूजनोत्सव सुहागिन महिलाओं के द्वारा सज धज कर व्रत रखकर पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ वट सावित्री की पूजनोत्सव को मनाया गया। पौराणिक और पुराणों के मान्यताओं के आधार पर सुहागिन महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना कर पति के बेहतर स्वास्थ्य लंबी उम्र अखण्ड सुहाग परिवार में सुख समृद्धि शुभ मंगल कामना कर दुआ और आशीर्वाद मांगा। वट सावित्री व्रत को लेकर सुबह से ही क्षेत्र के स्थित विभिन्न वट वृक्षों के समक्ष पूजा पाठ को लेकर सुहागिन महिलाओं व्रतियों की भीड़ जुटी रही । कथा और पौराणिक मान्यता के अनुसार पति वर्ता सावित्री ने अपने पति का प्राण हरने आये यमराज से जिद्द कर वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति के प्राण वापस लौटा ली थी। उसी पौराणिक कथा पर आज भी महिलाएं व्रत कर वट वृक्ष की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। कई सुहागिन महिलाओं ने घर पर ही वट वृक्ष की डाली को गमलों में रोपककर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर वट सावित्री की पूजा अर्चना कर महिलाओं के द्वारा पूजनोत्सव व्रत को मनाया गया। पूजा अर्चना के पश्चात व्रती महिलाओं के द्वारा घर घर के मंदिर में पूजा अर्चना की और अपने पति का भी पूजा कर व्रत रखा। इस पावन पर्व का वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है। वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की मूर्ति रखी जाती है। इसके बाद मूर्ति और वृक्ष पर जल अर्पित की जाती है। इसके बाद सभी पूजन सामग्री अर्पित की जाती है। लाल कलावा को वृक्ष में सात बार परिक्रमा करते हुए फेरा लगाया जाता है। इस दिन वट सावित्री कथा भी सुनने का अपना बड़ा की महत्व है। नवविवाहिता भी वटसावित्री का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु होने और पूरे परिवार के मंगलकामना को लेकर विधिविधान से वट वृक्ष की पूजा विधिविधान से की।नवविवाहिताओं ने इस अवसर पर विशेष रूप से अपने ससुराल से आए नए परिधानों में सजधज कर वट वृक्ष की पूजा की। वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही पूजा करने पहुंचने लगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुहागिन महिलाएं ब अपने पति के दीघार्यु होने और संतति प्राप्त करने की अभिलाषा को लेकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना परम्परागत तरीके से की।

श्रावणी मेला में डीजे पर प्रतिबंध, प्रत्येक सोमवार को बंद रहेंगे शहर के विद्यालय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर आज समाहरणालय सभा कक्ष में पहली बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रभारी डीएम ,वरीय पुलिस अधीक्षक समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार मेरा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसी के साथ पूरी मेला अवधि के दौरान प्रत्येक सोमवार को शहर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों को बंद रखने का भी निर्णय लिया गया। नोडेल पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार ने गत वर्ष की कार्यवाही के अनुरूप सभा में विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। पहली सोमवारी 10 जुलाई को है। 09 जुलाई को मेला का उद्घाटन किया जायेगा। निर्धारित ठहराव स्थल पर साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। तमाम ठहराव स्थलों का भौतिक रूप से भ्रमण कर कांवरियों के ठहरने की क्षमता, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की वर्तमान स्थिति का आकलन करने एवं आवश्यक व्यवस्था कराये जाने का निदेश समिति के पदाधिकारियों को दिया गया। इस हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी बैठक कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करवायेगें। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया कि कांवरियागण के सभी ठहराव स्थल पर पेयजल, शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था समय से कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति कांवरियागण के ठहरने हेतु टेंट सिटी बनाये जाने का निर्णय लिया गया। खबरा स्थित बिजली बोर्ड की जमीन, राम दयालु सिंह कॉलेज एवं जिला स्कूल में टेंट सिटी बनाये जाने का सुझाव दिया गया। मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर स्थित नियंत्रण कक्ष, रामदयालु स्थित नियंत्रण कक्ष एवं कांवरियों के ठहराव के सभी मुख्य स्थलों पर सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर आवश्यक दवाओं के साथ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करेंगे और एम्बुलेंस भी तैयार रखेंगे, ताकि किसी भी आकस्मिता की स्थिति में उसका उपयोग किया जा सके। सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया कि फकुली से रामदयालु तक के काँवरिया पथ के प्रत्येक तीन-तीन किलोमीटर पर स्वास्थ्य शिविर का अधिष्ठापन करेंगे। नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया कि काँवरियों की सुविध हेतु आवश्यक संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था करेंगे। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्थलों पर डिस्प्ले स्क्रीन एवं सीसीटीवी एवं पब्लिक एड्रैल सिस्टम का अधिष्ठापन नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर करायेंगे। पर्याप्त एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया। बाबा गरीबनाथ मंदिर के इर्द-गिर्द एवं काँवरियाँ पथों में विद्युत पोलों एवं तारों की जाँच करा कर यह सुनिश्चित कर लें कि पोलों में विद्युत प्रवाह न हो एवं जर्जर तारों के टूटने की कोई स्थिति न हो। इसके अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष, बैरिकेडिंग/ड्रॉप गेट की व्यवस्था करने की निदेश दिया गया।

अनुसूचित जाति /जनजाति अत्याचार निवारण एवं जिला स्तरीय सतर्कता व अनुश्रवण समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा के कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता राजेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय निशीत प्रिया, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार मधुकर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी भुवन कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार पासवान, गरीब दास सहित विशेष लोक अभियोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति थानाध्यक्ष आदि मौजूद थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न एजेंडों की बिंदुवार समीक्षा के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को सख्ती से लागू करने तथा प्रावधान रूप पीड़ितों को ससमय समुचित लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत माह मार्च 2023 में दर्ज कुल 15 विभिन्न मामलों के अनुसंधान स्थिति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक अनुसंधान यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए पीड़ित पक्ष को मुआवजा प्रस्ताव एवं पीड़ित व्यक्ति को प्रतिकार प्रदान करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान इस अधिनियम अंतर्गत जिले में दर्ज कुल 66 मामलों में से वर्तमान में लंबित 36 मामलों के निष्पादन में भी प्रगति लाने का निर्देश देने के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत कुल 43 मामलों में मुआवजा, अनुदान स्वरूप भुगतेय कुल 39 लाख रुपये के प्रस्ताव की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी क्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत कुल 0 मृतक के आश्रितों को नवीन पेंशन की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण 1989 के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार पासवान, गरीब दास ने अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित विभिन्न मामलों पर अधिकारीद्वय का ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आश्वस्त किया।

बियर एवं शराब के साथ तीन युवकों को रेल परिक्षेत्र से आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं जवानों द्वारा शराब तस्करी की रोकथाम हेतु अभियान के तहत रेलवे के पूर्वी फाटक से रेलवे स्टेशन आने के क्रम में रक्सौल यार्ड में तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में आते देखा गया, शक होने उन व्यक्तियों को रोककर पूछा गया तो उन्होंने अपना परिचय चकिया थाना निवासी वीरेंद्र चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार, विनोद चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र राजा बाबू एवं राजकुमार महतो के 18 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार बताया। उसके बाद कुछ और शक होने पर उनकी तलाशी ली गई तो प्रत्येक के पास से 04-04 बोतल बियर बरामद हुआ, इसके अतिरिक्त विवेक के पास से एक बोतल ब्लैक ओके शराब भी बरामद हुआ। चुकीं बिहार में शराब प्रतिबंधित है, इसलिए उनका जुर्म बताते हुए गिरफ्तार किया गया और ऊनपर अग्रतर कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी पोस्ट कमांडर सह आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने दी।

भाजपा के मंडल संगठन का हुआ विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आज भाजपा मनियारी मंडल के अध्यक्ष अभिषेक कुमार प्रिंस ने संगठन का विस्तार किया। मौडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार प्रिंस ने संगठन में रंजीत गिरी एवं ज्वाला सिंह को महामंत्री,जितेंद्र झा, गौरव झा,गोपाल सिंह, राहुल कुमार, मंनोज यादव एवं संतोष निषाद को उपाध्यक्ष,प्रिंश गुप्ता,कमलेश पासवान, सकिन्द्र राम, निभा देवी, ललन सिंह,विकाश सिंह को मंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपी। इसके अतिरिक्त सोनू श्रीवास्तव को युवा मोर्चा अध्यक्ष, रीना ठाकुर को महिला मोर्चा अध्यक्ष, मंजय ठाकुर को किसान मोर्चा अध्यक्ष, बिलाल अहमद को अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष, गुड्डू राम को अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष , राज कुमार सहनी को अति पिछड़ा मओर्चाअध्यज्ञ मनोनीत किया है। इसके साथ ही संजय पंडित को पंचायती राज प्रकोष्ठ, शशि भूषण सिंह को सहकारिता प्रकोष्ठ,आमोद राम को महादलित प्रकोष्ट,अजय सहनी को मत्स्यजीवी प्रकोष्ट का संयोजक बनाया गया है ।विधायक केदार गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद दास ने सभी को बधाई दी है।

संक्षिप्त खबरें

सदर अस्पताल में खराब एक्सरे मशीन हुई ठीक

मुंगेर। सदर अस्पताल में करीब 2 सप्ताह से खराब पड़े पीपीई मोड पर संचालित एक्सरे मशीन की खराबी को इससे संबंधित एजेंसी द्वारा ठीक करा लिया गया है। जिसके बाद गुरुवार दिन से ही आए हुए दर्जनभर रोगियों को एक्सरे जांच किया गया वही गुरुवार दिन को एक्सरे जांच आरंभ होने के साथ ही रोगियों की काफी भीड़ लगी रही जिसमें पहले दिन दोपहर 3:00 बजे तक करीब 5 दर्जन से अधिक लोगों का एक्सरे जांच किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक रमन कुमार के अनुसार सदर अस्पताल में एजेंसी द्वारा पीपीई मोड में डिजिटल एक्सरे जांच पर संचालित किया जा रहा है। मालूम हो कि 4 मई को ही एक्सरे मशीन का राउटर कार्ड एवं पावर कार्ड जल जाने के उपकरण में खराबी आ गई थी जिसके कारण तब से यहां एक्सरे जांच नहीं हो पा रहा था।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अन्नप्राशन दिवस

हवेली खड़गपुर। अन्नप्राशन दिवस के अवसर पर सेविका कुमारी पुष्पा एवं सहायिका रूणा देवी के संयुक्त संयोजन में हर्ष उल्लास के साथ अन्नप्राशन दिवस आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 171 अंबेडकरनगर में इसे मनाया गया। इस मौके पर लाभुक नौनिहाल लक्ष्मी कुमारी माता सावित्री देवी पिता नंदलाल पश्चिम अजीमगंज हवेली खड़कपुर को अन्नप्राशन के तौर पर खीर खिलाकर मौजूद थी का रस्म पूरा किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 171 में अनुशासन दिवस कार्यक्रम पर रूबी देवी जूली देवी गुंजा देवी आशा देवी रेखा देवी भारती देवी काजल कुमारी अर्चना कुमारी रुक्मिणी कुमारी सहित करीब दो दर्जन किशोरी व महिलाएं मौजूद थी।

विद्यालय न आयोजित किए मात्री गोष्टी

मुंगेर। सफियाबाद सरस्वती शिशु मंदिर में गत गुरुवार को मासी गोष्ठी का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन प्राचार्य अमरेश प्रसाद सिंह एवं अभिभावक सुधा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने इस मौके पर कहा कि यह गोष्ठी छात्र-छात्राओं के सवार्गीण विकास के लिए मस्ती आवश्यक है क्योंकि छात्र-छात्राएं अधिकांश समय अपने माता पिता के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि संस्कार युक्त वातावरण का निर्माण करने में माताओं की अहम भूमिका और सहयोग की अपेक्षा है इस गोष्ठी में रजनी कुमारी सहित करीब एक दर्जन अभिभावक माताएं शामिल हुई।

जागरूकता शिविर का आयोजन

मुंगेर। जमालपुर के पाटम क्षेत्र में सामुदायिक भवन इंग्लिश पाटम में गत गुरुवार के दिन विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नालसा के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता सुनील कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर पीएलभी मुकेश कुमार की सक्रिय भूमिका रहा।

मारपीट के मामले में पति-पत्नी गए जेल

मुंगेर। जमालपुर थाना कार्यवाही करते हुए मारपीट के एक मामले में पति पत्नी को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सर्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दांपति रामचंद्रपुर निवासी निवासी विनोद कुमार शाह और उसकी धर्मपत्नी रंजू देवी है जिसके खिलाफ 9 दिसंबर 2020 हो जमालपुर थाना में कांड संख्या 139/2020 दर्ज किया गया था।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा

पूर्णिया/ केनगर। कृत्यानंद नगर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नवीन शिवलिंग एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इसके साथ ही तीन दिवसीय धार्मिक उत्सव का समापन भी गया। झारखंड के मंदार हिल से पहुंचे पंडितों ने पुजारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह के माता- पिता को वेद मंत्र उच्चारित करा शिवलिंग के साथ गणेश, माता पार्वती, कार्तिक एवं नंदी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। इसके उपरांत मंदिर परिसर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही शिवलिंग एवं प्रतिमाओं पर जलाभिषेक कर आरती की गयी। इस मौके पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह भी शामिल हुई तथा पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का मुख्य आयोजक सत्येंद्र सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार एवं स्थानीय सहयोगी सक्रिय कार्यकर्त्ता संजय कुमार साह, शिक्षक संजय कुमार, सन्नी कुमार, पंकज पासवान, संतोष भगत, रविंद्र कुमार यादव, राजा कुमार, प्रीतम पांडेय, महेश कुमार, कौशल कुमार, चुन्नू कुमार साह आदि के सहयोग से धर्मोत्सव व्यवस्थित ढंग से संपन्न

अस्पताल की ज्वलंत समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री एवं अधीक्षक ने की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

अस्पताल में जलापूर्ति केंद्र में कनेक्शन का हुआ उद्घाटन

गया।अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल परिसर में भीषण गर्मी के मद्देनजर मरीजों एवं तीमारदारों को शुद्ध गंगाजल उपलब्ध कराने के लिए गंगा जल आपूर्ति योजना के तहत जलापूर्ति केंद्र में कनेक्शन का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार एवं अस्पताल के अधीक्षक डॉ (प्रो) प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि हर घर गंगा जल योजना के तहत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को प्यास बुझाने के लिए गंगा जल की आपूर्ति चालू कराया गया है, जिससे अस्पताल में व्याप्त पेयजल संकट दूर होगी और मरीजों को शुद्ध गंगाजल मिल सकेगा। वही अस्पताल के अधीक्षक प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रेम कुमार के सदप्रयासों से आज गंगा जलापूर्ति योजना की शुरूआत की गई है। गंगा जल की आपूर्ति शुरू होने से कुछ हद तक पेयजल की समस्या दूर हो गई है, जिसका लाभ अस्पताल में मरीजों चिकित्सकों और छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा।उन्होंने इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए साधुवाद दिया है। इस दौरान अधीक्षक कार्यालय में अस्पताल की ज्वलंत समस्याओं को लेकर अधीक्षक के साथ एक बैठक की गई है। इस बैठक में विधायक ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी पर चिंता व्यक्त की है।अस्पताल के अधीक्षक डॉ प्रकाश सिंह ने विधायक जी को कई बिंदुओं पर बताया कि चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, पारा मेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मी,अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे मशीन के ऑपरेटर की कमी है,जिसके कारण मरीजों को पर्याप्त सुविधाएं देने में अक्षम साबित हो रहे हैं। शौचालय का घोर अभाव, जर्जर एवं पुराने भवन का जीर्णोद्धार करने, बिजली की वायरिंग करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई है।

विधायक जी ने उक्त सभी समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिहार राज्य स्वास्थ्य आधारभूत संरचना लिमिटेड के अभियंता से दूरभाष पर बात की साथ ही अभिलंब प्राक्कलन तैयार कर जल्दी ही निर्माण कार्यों को पूरा करने के डीपीआर राज्य सरकार को भेजा जाए ताकि मरीजों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो अर्जुन चौधरी, डॉ देव कुमार चौधरी, भाजपा के जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, गोपाल यादव, मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाहा एवं अस्पताल के चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे।

जिला के शतरंज समिति के पुनः अध्यक्ष बने डॉ. अजय सिंह

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला शतरंज के खिलाड़ियों तथा शतरंज प्रेमियों की बैठक डॉ. अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इस क्रम में उपस्थित सदस्यों व खिलाड़ियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से डॉ. अजय कुमार सिंह को भागलपुर जिला शतरंज संघ अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। वही अजय कुमार मिश्रा को सचिव व कुणाल कुमार राय को कोषाध्यक्ष पद के लिये मनोनीत किया गया। वही बैठक के दौरान संघ की कमिटी गठित करते हुए पल्लवी, विश्व बंधु अध्याय, डॉ. शुभम कुमार, मिथुन चक्रवर्ती को उपाध्यक्ष, अंकित कुमार मिश्रा, शुभम कुमार, आनन्द शेखर, सुमन सौरभ को संयुक्त सचिव, मो. ज्याउद्दीन अहमद को मुख्य संरक्षक, डॉ. फारूक अली, को संरक्षक के रूप में चयनित किया गया। पुनः निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि शतरंज के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायगा। इसी क्रम में संघ के सचिव अजय कुमार मिश्रा ने भविष्य की कार्य योजना बताई। सर्वसम्मति से प्रतियोगिता सतरंज के आयोजन की सहमति बनी। वही इस प्रतियोगिता को लेकर जिले के स्कूलों में जिज्ञासु छात्र छात्राओं को शतरंज खेल प्रतियोगिता से जोड़ने पर बढ़ावा देने के लिए भी कार्य योजना पर सहमति जताई है। इस दौरान उपस्थित सभी संघ सदस्यों ने शतरंज के विकास के लिए पूर्ण सहयोग देने का वादा किया। वही धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष विश्व बंधु अध्याय ने किया।

राजद कार्यकर्ताओं की बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। युवा राजद जिला भागलपुर के द्वारा युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार आगामी 05 जून को सम्पूर्ण क्रांति के अवसर पर केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया जाएगा। वही इसी क्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भागलपुर के स्थानीय होटल के सभागार में युवा राजद के जिलाध्यक्ष मो.बसारूल हक की अध्यक्षता में बैठक की।बैठक में राजद के सभी कार्यकताओं ने अपना सहभागिता दिखाई। बैठक में जिला बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि हिमांशु, युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरूण कुमार यादव, भागलपुर के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. आनंद आजाद, राजद के प्रदेश सचिव डॉ. तिरूपति नाथ यादव, युवा राजद प्रदेश महासचिव मेराज अख्तर, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष दिवाकर कुशवाहा, राजद भागलपुर के प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा, भागलपुर राजद के नगर अध्यक्ष, मो.शहाबुद्दीन, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष केदारनाथ यादव, महानगर युवा राजद के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, युवा राजद के ज़िला प्रवक्ता कृष्ण बिहारी गर्ग और युवा राजद जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी व सभी युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष, प्रधान महासचिव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

जलजमाव को लेकर आम लोगों को झेलनी पड़ती हैं फजीहत

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर सजौर जोड़ने वाली मुख्य सड़क मार्ग स्थित रामानंदी अनाथालय के समीप रेलवे अंडर पास सड़क रहने से दक्षिण इलाके के रहने वाले लोगों के लिए जंजाल बन गया है। अंडर पास सड़क मार्ग पर इलाके के बहने वाले गंदा पानी के बहाव के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने के साथ एक तालाब का रूप धारण कर लेती है, जिससे आसपास के इलाके में रहनेवाले लोगों को परिचालन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।आपको बता दें की इस रोड से होकर करीब सैकड़ो की संख्या में आसपास के पंचायत में रहनेवाले ग्रामीण इलाके के लोगों की आवाजाही प्रतिदिन रहती हैं। वहीं लोगों को नाथनगर से भागलपुर आने के लिए उक्त सड़क मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं आसपास के स्कूली छात्र छात्राओं को भी आवाजाही करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक तो किसी तरह से निकल जा रहे है, लेकिन साइकिल और पैदल आने जाने वाले लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड़ती है। मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस ओर कोई ठोस पहल नहीं किये जाने से आमलोगों के बीच आक्रोश का माहौल भी देखा जा सकता है। रामपुर, कंझिया, भतोडिया, भीमकित्ता, बेलखोरिया, दरियापुर समेत कई अन्य गांव के लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों की माने तो स्मार्ट सिटी के कड़ी का एक हिस्सा यह भी है, एक तरफ भोलानाथ पुल है दूसरा नाथनगर का अनाथालय रॉड जिसे लेकर आए दिन राजनीतिक गलियारों में कोलाहल का माहौल बना रहता है।

निमार्णाधीन कार्य को लेकर सरगर्मी हुई तेज

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। क्राइस्ट चर्च कैंपस में बन रहे दुकानों मॉल व भवनों के चल रहे निमार्णाधीन कार्य को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है, एक तरफ जहां चर्च ऑफ इंडिया पाकिस्तान वर्मा शिलांग के विशफ मोस्ट लब्रां चार्ज अगस्ट जो लखनऊ और फादर जैकब जॉनसन दास जो पूर्णिया द्वारा चर्च की जमीन पर बन रहे शॉपिंग मॉल व अपार्टमेंट निर्माण कार्य को अवैध बताया है। वही भागलपुर के विशफ हासदा ने इसे झूठा करार साबित देते हुए कहा है कि यह जमीन पटना डायोसिस की है, कहीं से इन लोगों की बात सही नहीं है। इसे लेकर जिलाधिकारी को आवेदन दिया गया था, उस आवेदन पर एसडीएम ने हो रहे अवैध निमार्णाधीन कार्य को तत्काल बंद कराने के आदेश दिया था, वही आरोप लगाने से चर्च ऑफ नार्थ इंडिया अंतर्गत बड़ी संख्या में अनुयाई आहत हैं, सारे आरोप व बातें बेबुनियाद बता रहे हैं, उक्त बातें पटना डायसिस के बिशप फ्रांसिस हसदा ने बुधवार को क्राइस्ट चर्च परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा है। वही उक्त मामले को लेकर पटना डायसिस के सचिव प्रदीप हादसा ने कहा कि जॉनसन दास और अगस्टिं ने एक ग्रुप ऑपरेट करके अपने फायदे के लिए लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, पूरे देश में कई मामले उनके विरुद्ध दर्ज हैं, उन्होंने यह तक कह दिया कि अगर यह कार्य 3 साल से चल रहा था तो अभी ही इस पर पाबंदी क्यों लगाई गई, उसी समय क्यों नहीं लगाया गया। इस पर प्रशासन स्तर पर जांच की जा रही है, उम्मीद है जल्द नतीजा सामने आएगा। इस मौके पर अधिवक्ता पंकज आनंद झा, पटना डायसिस के कोनो किसकु, क्राइस्टचर्च के सचिव प्रवीण सिंह दानीयल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौके पर हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकानी रेलवे स्टेशन के योगीवीर जख बाबा स्थान के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट आने से मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान योगीवीर गांव के जीतन महतो के 22 वर्षीय राजीव कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि भागलपुर की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से स्थानीय इलाके के ग्रामीण युवक राजीव की मौत हो गई। वही घटना की खबर सुनते ही परिजन व स्वजनों की भीड़ घटना स्थल पर पहुंच गई, और मृतक युवक की पहचान राजीव के रूप में की। वही इस घटना से भागलपुर से गोड्डा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को घंटो बाधित होना पड़ा और घंटो जगदीशपुर और टेकानी रेल लाइन के बीच रोकना पड़ा, जिससे यात्री को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, कई यात्री अपने गंतव्य स्थान पर पैदल ही जाने को मजबूर हो गए। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीड़ित परिजनों व स्वजनों को समझा बुझा कर ट्रेन पटरी से हटाया गया। वही परिजन ने घटना को लेकर बताया कि युवक मासिक रूप से चार वर्षो बीमार चल रहा था, जिसका इलाज भी करा रहे थे। वही उक्त घटना से आहत हुए परिजन स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों द्वारा बताए गए तथ्यों के तहत फर्द बयान दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के साथ मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेजाया गया।

वायु प्रदूषण में हर साल 70 लाख से ज्यादा लोग समा रहे काल के गाल

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। वायु प्रदूषण जनित रोगों से पीड़ित होकर हर साल 70 लाख से ज्यादा लोग समय से पहले काल के गाल में समा जाते हैं। खतरा बड़ा है, लेकिन उपाय कम किए जा रहे हैं। कमोवेश उसी तरह के वायु प्रदूषण में धूल की चादर भागलपुर में कहलगांव एनटीपीसी से निकले राख के ढेर से उड़ रहा है। पिछले दिनों कोलकाता की जांच टीम इलाकाई सर्वे पर आई जांच की एक रिपोर्ट में बतायी गई थी। वातावरण धूमिल हो प्रति वर्ष रोग का चादर ओढ़े आती है, और आती रहेगी, लेकिन उड़ने वाले धूलमिल हुई मौत की चादर की समस्या का समाधान अबतक जिला प्रशासन व राज्य सरकार के द्वारा अबतक कोई ठोस पहल नहीं सुझा पायी है। एनटीपीसी कहलगांव के प्रबंधन भी अपने राख के ढेर से धूल भरी आंधी को लेकर चिंतित हैं, लेकिन पिछले 25 वर्षो से बन रहे राख के ढेर का इस्तेमाल मुकम्मल तौर पर नहीं हो पाई है। जिससे समय समय पर आयी आकस्मिक चक्रबर्ती आफत से जिला ही नही आसपास के सैकड़ों गांवों के अलावा झारखंड को भी अछूता नहीं छोड़ा है।

गहरे पानी में डूबने से युवक की हुई मौत

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के अजगैविनाथ गंगा घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत होने की सूचना सामने आई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गंगा स्नान करने के क्रम में एक युवक गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई हैं। मृतक युवक की पहचान पुर्णिया जिला के भट्टा बाजार निवासी 40 वर्षीय युवक रंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाबत बताया जा रहा है उक्त युवक अपने रिश्तेदार शाहकुंड थाना क्षेत्र के अंबा पंचायत के नियामतपुर गांव में एक शराद के कर्म में शामिल होने पहुंचे हुए थे, जहां से मृतक रंजन कुमार अपनी पत्नी जुली देवी और परिजनों के साथ गंगा स्नान करने अजगैबीनाथ गंगा तट पहुंचा,इसी क्रम में रंजन कुमार गहरे पानी में चले जाने पर डूब गया।

अगर भूमिहीनों को नहीं दी गई जमीन तो करेंगे आत्मदाह : अध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी संघर्ष समिति के बैनर तले झुग्गी झोपड़ी समिति के अध्यक्ष शंकर गुप्ता के द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता के क्रम में शंकर गुप्ता ने कहा कि भूमिहीन परिवार के लोगों को जमीन मुहैया कराने को लेकर डीएम के आदेश के बाद भी भूमिहीनों को जमीन मुहैया नहीं कराया जा रहा है। मामले को लेकर भाजपा झुग्गी झोपड़ी संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि वैरान वे लोगों को जमीन उपलब्ध कराने के साथ उक्त परिवार को बसाने का आदेश जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के द्वारा दे दी थी, लेकिन अभी तक उस पर अमल नहीं किया गया है, और ना ही चिन्हित लोगों को जगह दी गई है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे हैं, जल्द से जल्द उन्हें जगह देकर बसाया जाय, नहीं तो हम लोग सड़क से सदन तक चर्मबद्ध आंदोलन करेंगे। वही आक्रोशित मुद्रा में श्री गुप्ता ने यह भी कह डाला कि हम लोग 14 दिनों का भूख हड़ताल किए थे, तो यह निर्णय लिया गया था कि हम लोगों को जगह देकर बताया जाएगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम सभी आत्मदाह कर लेंगे, और इसके जिम्मेवार हैं सिर्फ और सिर्फ भागलपुर जिला प्रशासन होंगे।

सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु के लिए किया वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। शुक्रवार को वट सावित्री पूजा अर्चना को लेकर नव विवाहिता एवं सुहागिन महिलाओं में काफी हर्षोल्लास देखने को मिल रही है। इस पूजा अर्चना को लेकर सुहागिन महिलाओं खासकर नवविवाहिता पूजा की तैयारियों में तनमन से जुट गई है। इस महापर्व को लेकर बाजार में खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ देखी गई। वहीं नव विवाहिता ऋचा झा ने विशेष रूप से जानकारी देते हुए बताई की यह व्रत ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। वट सावित्री का व्रत कथा में वर्णित सत्यवान और सावित्री को समर्पित है। सुहागिन महिलाओं अपने पति की दीघार्यु के लिए खासकर रखती है। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष में रक्षा सूत्र को लपेट कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। बुजुर्गो का कहना है कि इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा के लिए सप्तलोक होते हुए यमराज के पास पहुंच कर अपने पति की प्राण को वापस ले आई थी।उसी दिन से वट सावित्री पूजा की जाती है।

नव विवाहिता करती है सोलह श्रृंगारः इस दिन नवविवाहिता सोलह श्रृंगार करती है। सोलह श्रृंगार में नाक पर से माथे तक सिंदूर लगाती है क्योंकि इसे पति की लंबी उम्र होती है। मंगल सूत्र, मांगटीका, बिंदी, काजल, नयनी, कर्णफूल, मेहंदी, लाही चूड़ी, कंगन, बिछिया, पायल, कमरबंद, अंगूठी, गजरा, बाजूबंद, अलता, चुनरी, आदि सज संवर कर वट वृक्ष के नीचे पहुंच कर काफी श्रद्धा पूर्वक कथा सुनती है।

कथा समाप्त होने के बाद पति के पैर छूकर लेती है आशीर्वादः नवविवाहित पूजा सम्पन्न होने के बाद अपने पति परमेश्वर की चरण धोकर और चरण छूकर सदा सौभाग्यवती का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इससे पहले खासकर नव विवाहिता वट वृक्ष के नीचे मिट्टी से बने हाथी, नाग नागिन, को वट वृक्ष के नीचे स्थापित कर पूजा अर्चना करती है। पूजा के लिए ससुराल एवं मायके पक्ष से जल रौली, मौली, कच्चे धागे, अंकुर चना, मिठाई, बास के बिनि छितनी, मिट्टी के सर्वा दिया धूप अगरबत्ती, आम खीरा लीची अनिवार्य रूप से आती है। जिसको लेकर नव विवाहित पूजा अर्चना करती है।

सुहाग की रक्षा के लिए धूमधाम से महिलाओं ने किया बट सावित्री की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। शुक्रवार को क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने पूरी तरह से सज धज कर पूरे नेम निष्ठा के साथ बट सावित्री की पूजा अर्चना किया। गौरतलब है कि जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन सुबह से ही तेज गर्मी एवं तपती धूप में दोपहर तक सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ बरगद पेड़ के समीप अपने पति की लंबी उम्र एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर बरगद के पेड़ में नीचे पूजा अर्चना कर सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया। हिंदू पुराण में बरगद पेड़ में ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास होने की मान्यता है। मान्यता यह है कि सुहागिन महिलाओं द्वारा बरगद पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा करने पर उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। बट सावित्री पूजा के मौके पर सत्यवान कथा सुनने से सुहागिन महिलाओं की मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सुहागिन महिलाओं ने बट सावित्री पूजा के मौके पर बरगद पेड़ पर जल, हल्दी, रोली, अक्षत ,फल, मिठाई, धूप, दीप ,के साथ कच्चे सूत को बरगद पेड़ में लपेटते हुए परिक्रमा कर धूमधाम से पूजा अर्चना किया। बट सावित्री पूजा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं की भीड़ के दौरान पूजा को लेकर उनकी आस्था को देखकर मौके पर मौजूद कई सुहागिन महिलाएं के पति भी अपनी पत्नी के प्रति श्रद्धा भाव और विश्वास दिलाते दिखे।

फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के आधार पर चयनित सेविका सेवामुक्त

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। प्रखंड अंतर्गत निपनिया पंचायत के वार्ड संख्या 9 के आंगनबाड़ी सेविका चांदनी कुमारी को फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर चयनित होने का दोषी पाते हुए सेवामुक्त करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निदेर्शानुसार महिला पर्यवेक्षिका निर्मला द्वारा बड़हरा कोठी थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया गया है। बताते चले कि निपनिया पंचायत के वार्ड संख्या 9 के आंगनबाड़ी सेविका चांदनी कुमारी के आंगनबाड़ी सेविका पद पर चयन तथा आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में अनियमितता की स्थानीय लोगो द्वारा शिकायत के बाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा किये गए जांच में चयनित सेविका चांदनी कुमारी द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाण पत्र के फर्जी पाए जाने के बाद सीडीपीओ द्वारा सेविका को चयन मुक्त करते हुए महिला पर्यवेक्षिका को चयनमुक्त सेविका चांदनी कुमारी पति चंदन कुमार मंडल ग्राम नवटोलिया बघवा के विरुद्ध प्राथिमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। सीडीपीओ द्वारा जारी निर्देश के आलोक में महिला पर्यवेक्षिका द्वारा बड़हरा कोठी थाना में आवेदन देकर कांड संख्या 194/23 दर्ज करवाया गया है। इस संबंध में बड़हरा थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि महिला पर्यवेक्षिका द्वारा दिये आवेदन के आलोक में युक्तिसंगत धाराओं के तहत प्राथिमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

टीबी मुक्त अभियान : जनवरी से अप्रैल तक 1718 मरीजों की हुई पहचानः डॉ मिहिरकान्त झा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। टीबी मुक्त अभियान में निक्षय मित्र की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि इसके लिए स्थानीय स्तर से लेकर राज्य एवं देश स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित एएनएम स्कूल के सभागार में किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान टीबी मरीजों के उपचार, इलाज और मिलने वाली अन्य सुविधाओं से संबंधित चर्चा की गयी।

वहीं टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली राशि को त्वरित भुगतान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। टीबी रोगियों को नियमित रूप से दवाओं का सेवन करना चाहिए, सेहत में सुधार के लक्षण दिखते ही इलाज बंद नहीं करना चाहिए, बल्कि पूरा इलाज करवाना चाहिए। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा, राज्य तकनीकी सहायता इकाई (एसटीएसयू) पटना के हारुण रशीद, सीधे तौर पर मिलने वाली राशि (डीबीटी) सह सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) विशेषज्ञ दीपक कुमार एवं प्रभात पाण्डेय, जिला डेटा ऑपरेटर अमित कुमार टीबीएचवी प्रशांत कुमार एवं परामर्शी श्वेता कुमारी, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी सहित जिले के सभी वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक (एसटीएस) उपस्थित थे। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा ने बताया कि जनवरी 2023 से अप्रैल तक 1718 टीबी मरीजों की पहचान हुई है। इन सभी मरीजों को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा निःशुल्क दवा दी जा रही है। जिला टीबी सेंटर में टीबी के मरीजों की कार्ट्रिज आधारित न्यूक्लिक एसिड प्रवर्धन परीक्षण एवं त्रुनेट के द्वारा जांच की जाती है।

संक्षिप्त खबरें

वरिष्ठ पत्रकार विमलेन्दु चैतन्य ने किया वार्ड पार्षद के लिए नामांकन

गया । नगर निगम के उप चुनाव में वार्ड नंबर 15 से प्रत्याशी वरिष्ठपत्रकार विमलेन्दु चैतन्य ने अपना डीआरडीए कार्यालय में नामांकन पर्चा दाखिल किया डीआरडीए कार्यालय निकलते ही वार्ड संख्या 15 के समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और उनको जिताने का नारा बुलंद किया गौरतलब है कि विमलेन्दु चैतन्य गया शहर के जाने-माने पत्रकार माने जाते हैं उन्होंने कहा कि जहां-जहां विकास का काम अधूरा है उसे मैं जीतने के बाद पूरा करेंगे जनता से मैं अपील करता हूं वार्ड 15 का मैं निवासी हूं और हमें फुल समर्थन दीजिए मैं आपके वादे पर खरा उतरूंगा।

मसौढ़ी में महिलाओं ने श्रद्धाभाव से मनाया वट सावित्री पर्व

मसौढ़ी। वट सावित्री पर्व शुक्रवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह घरों में पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही बाग व बगीचों में जाकर वट वृक्ष की पूजा महिलाओं ने की। इस पर्व को लेकर देहात क्षेत्र में भी वट वृक्षों की पूजा करने को महिलाओं की भीड़ वटवृक्ष के नीचे लगी रही ।सनातन संस्कृति में सारे पर्व प्रकृति पूजा पर आधारित हैं। यहां वृक्षों को उनके गुणों के आधार पर भगवान मानकर पूजा जाता है। शुक्रवार को वट सावित्री पर्व मनाया गया। धमार्चार्य बताते हैं कि वटवृक्ष की पूजा करने से घरों में सुख व समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व अखंड सौभाग्य, पति व बच्चों की लंबी आयु के लिए मनाया जाता है। पर्व पर वट की पूजा के लिए सुबह से ही घरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। पूजा करने के बाद महिलाएं पूजा की सामग्री लेकर नजदीकी स्थलों पर लगे वट वृक्षों के पास पहुंचीं। यहां पर वृक्ष के तने में कच्चा सूत बांधते हुए वट की पूजा की गई।

नशेड़ियों से परेशान छात्रों ने पुलिस से लगाई गुहार, कहा- नशा कर स्कूल में कर रहे चोरी

मसौढ़ी के अभ्यास मध्य विद्यालय प्रबंधन ने नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस से कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. थाने से महज कुछ ही दूरी पर अभ्यास मध्य विद्यालय में इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बन गया है. नशेड़ी ब्राउन शुगर, चरस, स्मैक और गांजा का नशा कर रहे हैं. नशेड़ियों से मुक्ति के लिए सभी छात्र-छात्राओं ने पुलिस से गुहार लगाई है।

लूट कांड के फरार वारंटी को रहिका पुलिस ने किया गिरफ्तार

मधुबनी। रहिका थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी बलाट गांव निवासी मोहम्मद सलीम के पुत्र मो0 इलियास थाना रहीका जिला मधुबनी को विधिवत समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। रहिका थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि वारंटी लूट कांड में न्यायालय से फरार चल रहा था इनके विरुद्ध निर्गत अधिपत्र के आधार पर बलाट गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

गैस रिसाव हो जाने से दंपति झुलसे

आरा। भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के खोपिरा गांव में गुरुवार की शाम गैस रिसाव हो जाने से दंपत्ति झुलस गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार झुलसे लोगों में पवना थाना क्षेत्र के खोपिरा गांव निवासी 35 वर्षीय संजय गुप्ता एवं एक 31 वर्षीया उनकी पत्नी शोभा देवी शामिल हैं। इधर संजय गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की शाम उनकी पत्नी गैस चूल्हा पर खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस रिसाव हो जाने के कारण उनकी पत्नी आग की चपेट में आ गई और झुलसने लगी। अपनी पत्नी को झुलसता देख जब वह उसे बचाने गए तो बचाने के दौरान वह भी बुरी तरह झुलस गए। जिसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

सीनेट की बैठक में राज्यपाल के समक्ष विधायक ने शैक्षणिक समस्याओं को उठाया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय स्थित डॉ राधाकृष्ण सभागार में सीनेट की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने की। बैठक में पूर्व मंत्री, नगर विधायक सह सीनेट सदस्य डॉ प्रेम कुमार ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ कर भव्य स्वागत किया है। इस बैठक में मगध विश्वविद्यालय एवं इसके अधीनस्थ कॉलेजों में चरमराई शैक्षणिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर विधायक सह सीनेट सदस्य डॉ प्रेम कुमार ने छात्र हित के मद्देनजर शैक्षणिक समस्याओं को क्रमबद्ध तरीके से उठाया है। उन्होंने राज्यपाल सह कुलाधिपति का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बीते 1 वर्षों से मगध विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कॉलेजों में सभी वोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्स को अविलंब चालू कराया जाए। ताकि विद्यार्थियों का पलायन रुक सके। कोर्स चालू नहीं होने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

सभी महाविद्यालय में खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। जिससे विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। एक जिम की व्यवस्था प्रत्येक महाविद्यालय ने किया जाए। विश्वविद्यालय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए स्टूडेंट इनफॉरमेशन सेंटर खोलना चाहिए और उसे सुचारू रुप से क्रियाशील रहे ।सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से तय समय पर विद्यार्थियों की समस्या का समाधान हो सकें।

विश्वविद्यालय तथा सभी कॉलेजों में समुचित पेयजल शौचालय की व्यवस्था हो। विश्वविद्यालय सहित सभी महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही एक्टिव मोड में रहने की बात कही है। सभी लंबित परीक्षाएं ससमय और उसका परीक्षा फल का प्रकाशन भी समय पर हो। प्रवेश परीक्षा और परिणाम ससमय होना विश्वविद्यालय के गुणवत्ता परक शिक्षा को दशार्ता है ।विश्वविद्यालय सहित प्रत्येक महाविद्यालय में ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस के तहत पर्यावरण संतुलन के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने की मांग की ।विद्यार्थियों को स्वस्थ मनोरंजन सेवा देने के लिए सांस्कृतिक मंच बनाने की आवश्यकता है। शिक्षक व शिक्षकेतरकर्मचारी के एरियर सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों के ससमय पेंशन के लिए विश्वविद्यालय परिसर में सेल को क्रियाशील करना होगा, जिससे ससमय कार्यान्वित हो सके।

पूर्व में हुए झगड़े के विवाद को लेकर ऑटो से खींचकर दुकानदार की हुई पिटाई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव में शुक्रवार की सुबह पूर्व में हुए झगड़े के विवाद को लेकर ऑटो से खींचकर एक किराना दुकानदार की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजनों द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव निवासी स्व.गोपीचंद के 46 वर्षीय पुत्र विनोद सिंह हैं। वह पेशे से दुकानदार हैं एवं गड़हनी बाजार स्थित अपना किराना दुकान चलाते हैं। इधर विनोद सिंह ने बताया कि दो माह पूर्व गांव के ही व्यक्तियों से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर उन लोगों से विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार की सुबह वह प्रतिदिन की भांति ऑटो पर सवार होकर अपना किराना दुकान खोलने गड़हनी बाजार जा रहे थे। वही उक्त लोग छह की संख्या में पहले से घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही वह ऑटो से मेन रोड पर पहुंचे। तभी उन्होंने उन्हें ऑटो से खींचकर बाहर निकाला और लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गये। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी दुकानदार विनोद सिंह ने गांव के ही हरिद्वार एवं बबन सहित अन्य लोगों पर पूर्व में हुए झगड़े कर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बहु की विदाई करने गये ससुर ने किया विषपान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां समधियाने में बहू की विदाई कराने गये ससुर ने गुस्से में आकर विषपान कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी बिगड़ गई। उनकी हालत को बिगड़ता देख परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी स्व.मो.बरकात के 50 वर्षीय पुत्र मो.जुबेर हैं। इधर मो. जुबैर ने बताया कि उनकी बहू 10 दिन पूर्व अपने मायके उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गई थी। शुक्रवार की सुबह सुबह उसकी विदाई कराने को लेकर वह अपने समधियाने जैतपुर गए थे। इसके बाद उन्होंने अपने समधी से बहू की विदाई करने को कहा लेकिन बहु के मायके वालों द्वारा विदाई करने से मना कर दिया गया। जिसको लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने समधियाने में ही विषपान कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी बिगड़ गई ।जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

गैस रिसाव हो जाने से बाप-बेटी व बेटे समेत पांच झुलसे

आरा। शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव में शुक्रवार की दोपहर गैस रिसाव होने से बाप-बेटी व बेटे समेत पांच लोग बुरी तरह झुलस गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव निवासी सुदामा पासवान,उनकी पुत्री लक्ष्मी कुमारी,पुत्र अतीश कुमार,भतीजी सोनझरी कुमारी एवं भतीजा दीपक कुमार शामिल है। इधर झुलसे लोगों के परिजन मदन पासवान ने बताया कि झुलसी युवती सोनझरी कुमारी की शादी होने वाली है। उसका इसी माह की 21 तारीख को तिलक और 29 को बारात आने वाली है। शुक्रवार की दोपहर वह घर में गैस चुला पर खाना बना रही थी। तभी खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फट गया और आग भभक उठा। उसी दौरान वह झुलसने लगी। उसे झुलसता देख जब चारो लोग उसे बचाने गए। उसी दरमियान वे लोग भी झुलस गए। जिसके बाद सभी झुलसे लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

अज्ञात वाहन ने खेत पटाने जा रहे युवक को रौंदा,मौत

आरा। आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने खेत पटाने जा रहे एक युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव निवासी चितनंदन सिंह के 30 वर्षीय पुत्र बाल्मीकि सिंह एवं वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के बेटे निगम कुमार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह अपने घर से खेत पटाने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान ननउर गांव मेन रोड पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने फोन कर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाइयों में बड़े थे। मृतक के परिवार में पत्नी रानी देवी व एक पुत्र निगम कुमार एवं एक पुत्री शालू कुमारी है।

ट्रेन हादसे में मृत वृद्ध महिला की दूसरे दिन हुई पहचान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर में ट्रेन हादसे में मृत वृद्ध महिला की दूसरे दिन पहचान हो पाई है। मृतका की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के रकटु टोला गांव निवासी स्व. दूधनाथ सिंह की 72 वर्षीया पति फुलझारी देवी के रूप में हुई है। इधर मृतका के बेटे विनोद सिंह ने बताया कि वह गुरुवार को दवा लेने के लिए ट्रेन से अकेले आरा आई थी। दवा लेने के बाद वह उसके स्व.मामा कमला राय के घर आरा रेल स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पर चढ़कर बिहिया जा रही थी। उसी दरमियान कारीसाथ एवं बिहिया स्टेशन के बीच वह ट्रेन से गिर पड़ी। जिससे उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को जब परिजनों ने अपने मामा के लड़कों के पास फोन कर पूछा कि मां पहुंची है कि नहीं तो उन्होंने कहा कि वह नहीं पहुंची। जिसके बाद उन्होंने खोजबीन शुरू की। खोजबीन दौरान उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम गृह में जाकर शव को देख उनकी पहचान की। इसके बाद परिजन उनके शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्री पुष्पा देवी,ममता देवी,अनिता देवी व दो पुत्र विनोद सिंह एवं मनोज सिंह है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आगामी कार्यक्रमों की तैयारी हेतु भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के अध्यक्षता मे जिला पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष आवास मीरगंज मे की गई।

बैठक मे आगामी कार्यक्रमों के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई। 22 मई को जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय मे होगा, जो नई कमीटी का प्रथम कार्यसमिति होगा ।उसे भव्य और सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई ।उक्त प्रथम कार्यसमिति मे माननीय केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह,प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया जी,विधायकगण,पूर्व विधायकगण,विधानपार्षद, प्रदेश स्तरीय नेतागण सहित जिले भर के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी, सक्रिय सदस्यगण भाग लेंगे। वही राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रम विशेष जनसंपर्क अभियान जो 30 मई से 30 जून तक एक महिना के कार्यक्रम के लिए विशेष चर्चा की गई ।यह कार्यक्रम मोदी सरकार की 9 वर्षो के उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के विभिन्न तबको तक पार्टी की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अभियान चलाया जाएगा।

बैठक मे संगठनात्मक संरचना को मजबूती प्रदान करने पर विचार किया गया। साथ ही मंडल मे संगठन विस्तारिकरण और मंडल कार्यसमिति के गठन पर जोर दिया गया।

बैठक मे जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह,कौशल यादव,सतीश भट्ट,अखिलानंद ओझा,उदय प्रताप सिंह,महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, राकेश सिंह,पुनम कुशवाहा, जिला मंत्री मधु मिश्रा, विनय बेलाउर, संतोष चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री रमेश कुमार कर्ण,प्रवक्ता नवीन प्रकाश,राजेश सिंह,अजीत गुप्ता, धीरज सिंह,संतोष तिवारी, निलेश जैन,निशांत सिंह सेंगर,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार,महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष विद्यासागर पांडेय,अति पिछडा. मोर्चा अध्यक्ष रितुराज,अनु.जाति मोर्चा अध्यक्ष विजय पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शेख कलामुद्दीन।

डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को जल स्त्रोत पर अतिक्रमण मुक्त कराने का दिया निर्देश

गया जिला पदाधिकारी का जनता दरबार पिछले कुछ शुक्रवार से स्थगित रहने के कारण आज आयोजित जनता दरबार मे अधिक भीड़ को देखी गयी। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने अत्यधिक गर्मी को देखते हुए दूर दराज से जनता दरबार मे आये अपीलार्थी को गर्मी से निजात हेतु समाहरणालय परिसर में शुद्ध शीतल की व्यवस्था रखी गयी साथ ही लोगो को बैठने की पूरी व्यवस्था रखी गयी पर्याप्त संख्या में कुर्शिया लगाई गई, ताकि आम जन आराम से अपने पारी का इंतेजार करते हुए डीएम के पास अपनी समस्या को रख सके। इन सबो के अलावा जनता दरवार में आये आम जनों को गर्मी के कारण स्वास्थ्य खराब न हो इसे देखते हुए एम्बुलेंस सहित चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति रखी गयी है। कुल 150 लोगो से ज्यादा को स्वास्थ्य उपचार भी किया गया है। पर्याप्त संख्या में रखे ओआरएस भी लोगों को दी गई है। उपस्थित आवेदकों ने गर्मी को देखते हुए ओआरएस का लाभ लिया। इस व्यवस्था को लोगो ने खूब सराहा है। शुक्रवार के जनता दरबार में आये हुए लगभग 800 से ऊपर की संख्या में आये व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास,मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं वही जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है।

पति के लम्बी आयु के लिए महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत पुजा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।गया के विभिन्न इलाकों में वट सावित्री को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ महिलाओं ने मनाया गया सुबह सूर्योदय के पहले से ही महिला महिला लोग अपने घरों से निकलकर व्हाट के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना की गई इसके साथ ही बाग बगीचा मंदिरों में जाकर वट वृक्ष की पूजा महिलाओं ने की इस पर्व को लेकर वट महिलाओं की पटरी के नीचे लगी रही यह माना जाता है कि वर्ष की पूजा करने से घरों में सुख-समृद्धि बनी रहती है पर अखंड सौभाग्यवती एवं बच्चों की लंबी आयु के लिए मनाया जाता है इस दिन सोलह सिंगार का वृक्ष की पूजा करती है शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सभी जगह मनाया जाता है या के विभिन्न इलाकों में इस पर पूजा के लिए सुबह से ही घरों में तैयारी शुरू हो गई थी पूजा करने के बाद महिला पूजा की सामग्री लेकर नजदीकी लगे उसके पास पहुंची वहां पर मिटने में कच्चा सूट भागते हुए इसकी पूजा की और पति की लंबी आयु की कामना की उसके साथ ही अपने घर में पंखे से अपने पति को हाथी और उनका आशीर्वाद लिया में वट सावित्री पूजा धूमधाम से मनाई गई।

धर्म संस्कृति संगम का 'महाकुंभ'

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारत के सनातन एवं पुरातन विचार "धर्म संस्कृति संगम" के उद्घोषक सह संस्थापक इंद्रश कुमार के द्वारा मोक्ष एंव ज्ञान भूमि से जो आठ वर्ष पूर्व जो संकल्प लिया गया था वह आज वट वृक्ष के संपूर्ण आकार की और बढ चला है। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आलेंकर की गरिमामई उपस्थिति रही है। धर्म का जब हम पालन करते है तो संस्कृति विकसित होती है और जब संस्कृति विकसित होती है तो कई अन्य विधाओं में वह सजती और संवरती है और उन संस्कृतियों का समागम हीं संगम है। मानव न धर्म से परे हो सकता है न हीं विभिन्न धाराओं के संस्कृति से परे हो सकता है क्योंकि मानव जीवन का कर्म हीं धर्म का पालन करना और संस्कृति को अपनाकर अनुसरण कर परिवार समाज राष्ट्र और विश्व का कल्याण करना है।

धर्म संस्कृति संगम जैसे पावन विचार के उद्घोषक इंद्रेश के द्वारा जब भगवान बुद्ध को चीवरदान करने का पावन अनुष्ठान लिया गया था तो कुछ लोगों के साथ यह यात्रा प्रारंभ हुई है। धर्म संस्कृति संगम के विचार गोष्ठी में बौद्ध लामा एंव सनातन परंपरा के वाहक पूज्य संतों के साथ चर्चा कर जनमानस तक आपने, अपने विचारों से यह प्ररेणा देने का अद्भुत काम किया है जिसमें हम विभिन्न संस्कृतियों के प्रवाह में भी पावन रह सकते है बिना किसी राग द्वेष और क्लेश के जो इस वर्ष अपने यौवन काल में दिख रहा है। मानव अपने कृत्यों से मूक पशु पक्षी के साथ जब प्रेम की भावना को स्थापित कर सकता है तो हम सभी अपने मतभेदों को त्याग कर जो मिली-जुली या एक जेसी संस्कृति के साथ क्यों न प्रेम पूर्वक और एक दूजे का सम्मान करते जीवन क्यों नहीं व्यतीत कर सकते है इस भाव को जिस रुप में सहेज कर जो आम जनमानस के बीच प्रस्तुत किया है वह अतुलनीय है। धर्म संस्कृति संगम के परिवार सभी सदस्यों ने जिस रुप से इसे संकल्पित किया है वह समाज राष्ट्र और विश्व के लिए प्ररेणा का स्रोत बनेगा और भारत की अनादिकाल से चली आ रही सनतान परंपरा को विकसित एंव फलीभूत करेंगा।

मसौढ़ी एसडीएम की अपील कोल्ड ड्रिंक के बजाय नीरा का सेवन करें

प्रात : किरण संवाददाता

मसौढ़ी नगर मुख्यालय में नीरा विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया है। मसौढ़ी एसडीएम प्रीति कुमारी ने नीरा विक्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा है नीरा सेहतमंद ड्रिंक है। कोल्ड ड्रिंक के बजाय नीरा पीजिए, नीरा शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के अलावा कई बीमारियों के लिए रामबाण है। खासकर गर्मी में लू से बचाव के लिए फायदेमंद है।

अब तक पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में नीरा विक्रय केंद्र का 70 से अधिक लोगों को लाइसेंस दिया जा चुका है। यह शरीर में कई तरह के रोग निरोधी क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ एनर्जी देने का काम करता है।

नीरा विक्रय केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर मसौढ़ी के तमाम प्रबुद्धजन, जीविका दीदी एवं जीविका समूह से जुड़े हुए सभी एरिया कोऑर्डिनेटर नोडल पदाधिकारी के अलावा जीविका संरक्षण तारामीरा उत्पादन जीविका समूह से जुड़ी महिलाएं प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मौजूद रहे। जीविका समूह के माध्यम से नीरा विक्रय केंद्रों का संचालन की शुरूआत कर दी गई है।

अमरेंद्र सिंह हुए सम्मानित

छपरा। गोदरेज कंपनी के वार्षिक कॉन्फ्रेंस यूरोप के पराग में सम्पन्न हुआ जिसमें कम्पनी ने ईस्ट जोन के नंबर वन (प्रथम स्थान)डीलर और ज्वेलरी सेगमेंट में इंडिया टॉप डीलर का अवार्ड दे कर छपरा के डीलर अमरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए अमरेंद्र सिंह ने ग्राहक सेवाओं का काफी ध्यान रखा और बेहतर सेवा देकर कंपनी में अपनी एक अलग छवि बनाई जिसके कारण उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। विदेश में सम्मान मिलने पर छपरा के लोगों ने भी खुशी जाहिर की है। यह सम्मान कंट्री बिजनेस हेड पुष्कर गोखले और डिवीजन बिजिनेस हेड पर्शि मास्टर ने प्रदान किया। अमरेंद्र सिंह को यह अवार्ड मिलने पर बधाई देने वालों में इंडिया ईस्ट जोनल हेड रौतेला ने कहा कि अमरेंद्र सिंह के अथक मेहनत का नतीजा ही ये अवार्ड है लगातार दो साल से टॉप हो रहे है,बिहार झारखंड हेड विजय ठाकुर ने कहा कि रॉयल इंटरप्राइजेज के सभी मेंम्बर ने पूरे साल काफी मेहनत करके ये मुकाम हासिल किया है,मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं,बिहार प्रबंधक अमित कुमार ने शुभकामनाएं दिया,सहायक प्रबंधक- गणेश अग्रवाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अगले साल भी मेहनत रखेंगे है। अमरेंद्र सिंह का मनोबल बढ़ाने के लिए कार्यक्रम में मनीष कुमार,मुजफ्फरपुर ,प्रह्लाद -मधुबनी, कुणाल जैसवाल- बक्सर, अमित कुमार - पटना, सूर्या- रांची सहित पूरे इंडिया के गोदरेज सिक्योरिटी डिवीजन के 180 डीलर मौजूद रहे।

भारत नवीकरणीय ऊर्जा के लिए सबसे आकर्षक बाजार के रूप में उभरा है: आरके सिंह

टाटा पावर और न्यूज18 ने आयोजित किया एसआईए फेस्ट, इसका लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को अग्रणी भूमिका के लिए तैयार करना और बिजली के क्षेत्र में हरित ऊर्जा के लिए रोडमैप बनाना है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर और विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं से रूबरू होने वाली कंपनी न्यूज18 ने एक साथ मिलकर सस्टेनेबल इज एटेनेबल फेस्ट (एसआईए फेस्ट) की शुरुआत की है, ताकि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक पटल पर भारत के पक्ष को मजबूती मिल सके। इसका उद्देश्य लोगों को हरित ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और एक व्यावहारिक परिवर्तन लाना है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत में एसआईए फेस्ट से सामूहिक जागृति प्रबल होगी। इससे भारत हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नया मानक स्थापित कर सके।

टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ प्रवीर सिन्हा ने कहा कि सस्टेनेबल इज एटेनेबल अभियान का उद्देश्य स्थिरता और हरित क्षेत्र में बेहतर समझ को सक्षम करना है। भारत सरकार की पहल की सराहना करते हुए डॉ. सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सौर ऊर्जा के कृषि में उपयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण, और व्यावसायिक तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों को रूफटॉप समाधान अपनाने में सक्षम बनाता है। साथ ही यह बदलाव देश को हरित भविष्य की ओर ले जा रहा है।

इस मौके पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता और पथप्रदर्शक के रूप में अपने को स्थापित कर चुका है। हमारा प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक स्तर का एक तिहाई है। 2015 के पेरिस शिखर सम्मेलन में हमने प्रतिज्ञा की थी कि 2030 तक हम अपनी कुल ऊर्जा का 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन से प्राप्त करेंगे। हम समय सीमा से सात साल पहले ही 42.8 प्रतिशत पर हैं। हम नवीकरणीय ऊर्जा के लिए सबसे आकर्षक बाजार के रूप में भी उभरे हैं।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने एसआईए फेस्ट के रूप में की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य सामुदायिक कार्रवाई को प्रेरित करते हैं। एक पृथ्वी, एक भविष्य विकास के लिए सही दृष्टिकोण है। जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए पूरी सरकार और पूरे समाज के दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। सस्टेनेबल इज एटेनेबल को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के सभी अंग साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

एक दिवसीय एसआईए फेस्ट स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के प्रति जनजागृति का एक बड़ा अभियान है, जिसे भारत के दो प्रमुख कॉरपोरेट समूहों द्वारा शुरू किया गया है। यह स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य की दिशा में भारत के लिए एक अहम पहल है। एसआईए फेस्ट स्वच्छ ऊर्जा के मिशन के तहत एक अनूठा उत्सव है, जो बताता है कि हमारे देश में सतत विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। देश में स्थायी बदलाव लाने के लिए हितधारकों के विविध समूहों को सबके प्रयास से महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। सभी की सक्रिय भागीदारी भारत की ऊर्जा की यात्रा को सुनिश्चित करेगी। भारत दुनिया को यह दिखाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है कि कैसे एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था ऊर्जा के क्षेत्र में परिवर्तन कर स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में अग्रसर है। इस एसआईए फेस्ट में भारत में कॉरपोरेट नेताओं, राजदूतों और विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। भारत और यूरोपीय संघ दोनों एक हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ मिलकर वैश्विक एजेंडे को आकार देने में मदद कर सकते हैं और वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई हमारी रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के पास अनुभव है, जिससे वैश्विक समाधान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भूटान में यूरोपीय संघ के राजदूत उगो अस्तुतो ने कहा कि हम सब कुछ सरकार के हवाले नहीं कर सकते, हमें खुद आगे आना होगा। भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वान ने स्थिरता के लिए सामूहिक सामुदायिक कार्रवाई की आवश्यकता को दोहराते हुए कहा कि भारत का भविष्य वर्तमान के हाथों में मजबूती से निहित है और यह महत्वपूर्ण है कि सभी एक साथ मिलकर एक जीवंत, स्वच्छ, हरित और टिकाऊ कल बनाने का प्रयास करें।

भारत में पहली बार मिलेगा बेस प्राइस पर हाई परफॉरमेंस फ्यूल

सतना। जियो - बीपी ने नई टेक्नोलॉजी वाले डीजल को लॉन्च करने की घोषणा की, जो उपभोक्ताओं के लिए डीजल मानकों को बेहतर कर देगा। यह नया लॉन्च किया गया एडिटिवाईज़्ड डीजल, कंपनी के नेटवर्क पर मिलेगा। यह ट्रक चालकों को प्रति वाहन 1.1 लाख रुपये तक की वार्षिक बचत देगा, जो 4.3 प्रतिशत बेहतर ईंधन बचत के कारण हो रही है। यह नया हाई परफॉर्मेंस डीजल सभी जियो-बीपी आउटलेट्स पर मिलेगा। यह भारतीय बाजार में पहली बार बिना किसी अतिरिक्त लागत के मार्केटिंग प्राइस पर मिलेगा। लाइव टेक्नोलॉजी के साथ जियो - बीपी आउटलेट्स पर मिलने वाला यह डीजल गंदगी होने के कारण फालतू के रखरखाव के झंझट को कम करेगा और महत्वपूर्ण इंजन के भागों में मौजूद गंदगी को हटा कर उसे बेहतर तरीके से लंबे समय तक चलने में मदद करेगा। यह विभिन्न तरह के कमर्शियल वाहनों में काम करने के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। लगातार उपयोग के साथ यह वाहन के मालिकों और ड्राइवरों को कई तरह के फ़ायदे देगा। यह इंजन की शक्ति को और बढ़ाकर उसे बरकरार रखता है। इतना ही नहीं, यह अनपेक्षित रूप से उत्पन्न होने वाली रखरखाव की जरूरत को भी कम करता है। जियो-बीपी के सीईओ हरीश सी मेहता ने कहा, ''वैसे तो हर एक ग्राहक महत्वपूर्ण है, लेकिन ट्रकर्स का जियो बीपी के लिए हमेशा से एक विशेष महत्व रहा है। हम जानते हैं कि ट्रकर्स के व्यवसायिक प्रदर्शन में ईंधन कितना महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो उनकी आधी संचालन की लागत के बराबर होता है। ईंधन के प्रदर्शन और इंजन के रखरखाव की उनकी चिंता को दूर करने के लिए जियो बीपी ने सालों तक सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजिस्ट्स के साथ काम करके एक कस्टमाईज़्ड एडिटिव का विकास किया। यह एडिटिव युक्त हाई परफॉर्मेंस डीज़ल खास भारतीय वाहनों के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो भारतीय सड़कों और भारत में ड्राईविंग की परिस्थितियों के अनुरूप है। उपभोक्ता की समस्याः वाहन के इंजनों में धूल जम जाती है। यह इंजन के महत्वपूर्ण पुर्जों, खासकर फ्यूल इंजेक्टर पर समय के साथ बढ़ती जाती है, और इन पर इस धूल का काफी असर पड़ता है। उन्नत फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम के साथ आधुनिक ट्रकों में इंजेक्टर का छेद और ज्यादा छोटा कर दिया गया है, जिसके कारण उन पर धूल और गंदगी का असर और ज्यादा होने की संभावना है। स्टैंडर्ड डीज़ल में समय के साथ गंदगी जमकर छेद को बंद कर सकती है, जिसके कारण पिक-अप कम हो सकता है, ईंधन ज्यादा खर्च हो सकता है, और रखरखाव की लागत भी बढ़ सकती है।

अमेजन बिजनेस इंदौर शहर में एमएसएमई को निरंतर बना रहा है सशक्त

इंदौर, एजेंसी। प्लेटफॉर्म पर करीब 6.5 लाख विक्रेताओं और 16 करोड़ से ज्यादा जीएसटी सक्षम उत्पादों के साथ, अमेजन बिजनेस लुधियाना में निरंतर बिजनेस उपभोक्ताओं के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में कार्य कर रहा है। 2017 में शुरुआत के साथ, अमेजन बिजनेस इंदौर सहित टयिर-2 शहरों में ग्राहक पंजीकरण में सलाना आधार पर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एमएसएमई को सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ, अमेजन बिजनेस खरीद प्रक्रिया को निरंतर आसान बना रहा है और एमएसएमई को अपने बजट के अनुरूप विक्रेता से सबसे उपयुक्त उत्पादों की खरीदारी करने में मदद करता है। अमेजन बिजनेस के पास वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा जीएसटी सक्षम चयन है और अपने ग्राहक हितैषी दृष्टिकोण के माध्यम से अपने मौजूदा और संभावित उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और कारोबार करने के तरीके को आसान बनाकर इस गति को बनाए रखने की योजना है। इन प्रयासों के तहत, अमेजन बिजनेस ने ग्राहक खातों की संख्या में 41 प्रतिशत का उछाल देखा है और हासिल किए गए ऑर्डर में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इस बात का प्रमाण है कि ग्राहकों का हमारी सेवाओं पर भरोसा बढ़ रहा है। अपनी शुरुआत के बाद से, अमेजन बिजनेस अपने ग्राहकों के लिए डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उनके लिए खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, इसने बिल टू शिप टू सहित कई इन्नोवेशन किए हैं और फीचर्स को जोड़ा है, जो ग्राहकों को अपने अखिल भारतीय शिपमेंट के लिए अपने बिलिंग पते पर ही जीएसटी क्रेडिट का दावा करने की अनुमति देता है। 2022 की शुरुआत में, इसने एंड्रॉयड और आईओएस अनुकूलित मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है, जिसे विशेषरूप से चलते-फरिते व्यावसायिक ग्राहकों के खरीद अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। विक्रेता

भागीदारों के लिए, अमेजन बिजनेस उन्हें अमेजनडाटइन पर एक अतिरिक्त अवसर भी प्रदान करता है, जिससे वे लाखों व्यावसायिक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करके अपने बी2बी व्यवसाय को बढ़ा सकते हैं और ज्यादा कमाई कर सकते हैं। रिक्वेस्ट फॉर क्वांटिटी डिस्काउंट और थोक खरीद पर डिस्काउंट जैसे फीचर विक्रेताओं को देशभर के व्यवसायों के लाखों ऑर्डर को पूरा करने में मदद करते हैं।

सुचित सुभाष, डायरेक्टर, अमेजन बिजनेस, ने कहा, ÷एमएसएमई ने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल समाधानों को अपनाना शुरू कर दिया है। चाहें उत्पादों की बिक्री हो या व्यावसायिक आपूर्ति की खरीद, आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है डिजिटलीकरण। पूरे साले बिजनेस ग्राहकों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हम अभिभूत हैं।

हमारी वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि एमएसएमई क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देने के हमारे प्रयास सही दिशा में हैं।

अनमोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 23 और चौथी तिमाही के लिए आय दर्ज की

लुधियाना , एजेंसी। अनमोल इंडिया लिमिटेड , आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन उद्योग, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोयला आयात में अग्रणी कंपनियों में से एक, ने 17 मई, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में कंपनी की चौथी तिमाही और 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। अनमोल इंडिया लिमिटेड के परिचालन से राजस्व 18.70 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 311.80 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बढ़कर 370.13 करोड़ रुपये हुआ। यह मुख्य रूप से पोर्टफोलियो में कोकिंग कोल, मेट कोक, रसायन और लोहा और इस्पात जैसे नए उत्पादों को शामिल करने और मात्रा में वृद्धि से जुड़ा है। एबिटा 31.83 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 7.32 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 9.65 करोड़ रुपये हुआ। एबिटा का मार्जिन वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 2.34 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 25 बीपीएस द्वारा 2.59 प्रतिशत हो गया। पैट 40.18 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 3.16 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 4.43 करोड़ रुपये बढ़ा।

गैजप्रोम की पूर्व इकाई ने भारत को एलएनजी की आपूर्ति बहाल की

नयी दिल्ली, एजेंसी। रूस की प्रमुख ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम की पूर्व इकाई ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति फिर शुरू कर दी है। यह आपूर्ति रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पिछले साल जून में बंद कर दी गई थी। गैस आपूर्ति की बहाली ने देश में इसकी उपलब्धता को बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अमेरिका की छह कंपनियों ने गेल को अपनी एलएनजी निर्यात इकाई में हिस्सेदारी का प्रस्ताव दिया है। गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि पूर्व में गैजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली सेफे मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड (एसएमटीएस) ने मार्च और अप्रैल में एक-एक कर एलएनजी की दो खेप भेजी हैं और मई व जून में चार-चार खेप और भेजने का वादा किया है। देश में बढ़ती मांग की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गेल ने इसी वर्ष फरवरी में अमेरिका की एक एलएनजी निर्यात कंपनी में हिस्सेदारी की इच्छा जताई थी। इस संबंध में गुप्ता ने कहा कि आधा दर्जन कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है। गेल ने 28.5 लाख टन एलएनजी प्रतिवर्ष खरीदने के लिए 2012 में गैजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएमटीएस) के साथ 20 साल का करार किया था। इसकी आपूर्ति 2018 में शुरू हुई और पूरी मात्रा 2023 में पहुंचने वाली थी।

अडानी ग्रुप के शेयरों पर फिर संकट, हफ्ते भर में डूबे 10 बिलियन डॉलर

नयी दिल्ली, एजेंसी। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में गिरावट का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वो अब तक जारी है। इस बार अडानी समूह के शेयरों को एमएससीआई (मोर्गन स्टैनली कैपिटल इंटरनेशनल) के फैसले की वजह से नुकसान हो रहा है। दरअसल, अडानी टोटल गैस और अडानी ट्रांसमिशन को 31 मई से एमएससीआई इंडिया सूचकांक से बाहर करने का फैसला लिया गया है।

इस ऐलान के बाद इस सप्ताह अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है और .10 बिलियन का नुकसान हो चुका है। अडानी ग्रुप की कंपनियों के फंड जुटाने की योजना पर भी ग्रहण लगने की आशंका है। इस वजह से भी निवेशक सहमे हुए हैं। एमएससीआई इंडिया सूचकांक से बाहर किए गए दो शेयर-अडानी टोटल गैस लिमिटेड और अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के लिए फरवरी के बाद यह सबसे खराब सप्ताह साबित हुआ है। इस सप्ताह बीएसई पर अडानी ट्रांसमिशन का शेयर करीब 20 प्रतिशत तक टूटा है। वहीं, इसका भाव 750 रुपये से नीचे आ गया है। वहीं, अडानी टोटल गैस में करीब 23 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। यह शेयर शुक्रवार को 5 प्रतिशत गिरकर 632 रुपये के स्तर पर था।

बता दें कि जनवरी के अंत में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा धोखाधड़ी के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप के मार्केट कैप में .150 बिलियन से अधिक की गिरावट

आई। हालांकि, इसके बाद शेयर रिकवरी की कोशिश कर रहे हैं। मार्च की शुरुआत में जीक्यूजी पार्टनर्स द्वारा निवेश किए जान के बाद रिकवरी देखने को मिली। इसके अलावा समूह की ओर से कर्ज कम किए जाने या निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए रोड शो के आयोजन का भी फायदा मिला है। इसके बावजूद मार्केट-कैप का नुकसान वर्तमान में करीब 128 अरब डॉलर है।

भारत में क्लाउड सेवाओं पर 2030 तक एक लाख करोड़ से अधिक का होगा निवेश, जानें कितने लोगों को मिलेगी नौकरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने 18 मई को देश में क्लाउड सेवाओं के लिए बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने के अपने प्रयासों में 2030 तक भारत के क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक यानी लगभग 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की बात कही है।

अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने एक बयान में कहा कि भारत में डेटा सेंटर के बुनियादी ढांचे में नियोजित निवेश से हर साल भारतीय व्यवसायों में अनुमानित रूप से औसतन 1,31,700 पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) नौकरियों का सृजन होगा।

निर्माण, सुविधा रखरखाव, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और अन्य नौकरियों सहित ये पद भारत में डेटा सेंटर आपूर्ति श्रृंखला के हिस्सा हैं। एडब्ल्यूएस ने कहा कि देश में उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता 2030 तक 1,36,500 करोड़ रुपये (लगभग 16.4 अरब डॉलर) के निवेश तक पहुंच जाएगी।

यह 2016 से 2022 के बीच एडब्ल्यूएस की ओर से किए गए 30,900 करोड़ रुपये (3.7 बिलियन अमरीकी डालर) के निवेश के अतिरिक्त होगा। 2030 तक भारत में कंपनी का निवेश 1,36,500 करोड़ यानी 16.4 अरब डॉलर हो जाएगा।

फेसबुक, गूगल और अमेजन के बाद अब ओरेकल ने तीन हजार लोगों को निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी। फेसबुक, गूगल, अमेजन और अन्य टेक कंपनियों ने पिछले कुछ महीनों में हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। वोडाफोन और ट्विटर जैसी कंपनियों ने भी बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती की है। लेकिन, छंटनी का दौर अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि हर हफ्ते किसी ना किसी कंपनी से छंटनी की खबर आती रहती है। बिजनेस इनसाइडर की ओर से साझा किए गए विवरण के अनुसार, ओरेकल ने भी 3,000 से अधिक कर्मचारियों को

निकाल दिया है। सूत्र ने यह भी बताया कि ओरेकल ने जारी वेतन वृद्धि या पदोन्नति पर भी रोक लगा दी है। इसके अलावा, कंपनी ने अपने कर्मचारियों को यह भी सूचित किया है कि उन्हें पूरे साल समान शर्तों में कुछ भी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। फर्म ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह कठिन समय से गुजर रही है इसलिए लागत में कटौती के कई उपाय कर रही है। कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार सूत्रों ने दावा किया है कि विपणन, इंजीनियरिंग, लेखा, कानूनी और उत्पाद सहित कई टीमों में छंटनी की गई है। अब तक, ओरेकल ने अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है कि उसने छंटनी की है या नहीं, लेकिन सूत्रों का दावा है कि इस मामले से अवगत कर्मचारियों ने छंटनी की बात स्वीकारी है। फिलहाल, इस बात की जानकारी नहीं है कि नौकरी के नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावित कर्मचारियों को कितना भुगतान किया जा रहा है।

टाटा ग्रुप की कंपनी ने भर दी निवेशकों की झोली, इस हफ्ते आ चुका है पांच परसेंट उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की कंपनी इंडिया होटल्स कंपनी लिमिटेड के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में दो फीसदी से अधिक तेजी आई। इसने ब्रॉडर मार्केट से बेहतर प्रदर्शन किया है। तिमाही परिणाम के कारण इसमें निवेशकों की जबर्दस्त दिलचस्पी देखने को मिल रही है। इस हफ्ते इसमें करीब पांच फीसदी तेजी आई है। तेजी के साथ-साथ इसमें भारी वॉल्यूम भी दिख रहा है। यह 30 लाख से अधिक है और 30 दिन के एवरेज वॉल्यूम से अधिक है। फाइनेंशियल ईयर 2023 की चौथी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 343 परसेंट की तेजी के साथ 328.27 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल समान तिमाही में कंपनी को 74.20 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की कुल इनकम 1625 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले करीब 86 फीसदी अधिक है। 2022 की मार्च तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम 872 करोड़ रुपये रही थी। दिलचस्प बात है कि कंपनी के मैनेजमेंट को अगले फाइनेंशियल ईयर में रेवेन्यू पर एवलेबल रूम दोहरे अंकों में बढ़ने की उम्मीद है। महामारी के बाद ग्लोबल इकॉनमिक ग्रोथ में रिकवरी के संकेत दिख रहे हैं। कंपनी का कहना है कि आने वाले दिनों में ट्रेवलिंग बढ़ेगी और यह उसकी उम्मीद की वजह है। टेक्निकली इस स्टॉक ने अपने फॉलिंग ट्रेंडलाइन से ब्रेक आउट दिया है और इसमें तेजी के संकेत दिख रहे हैं। आज के ट्रेड में यह शेयर 374.90 रुपये के उच्चतम स्तर तक गया। ट्रेडर्स के साथ-साथ मूमेंटम इनवेस्टर्स को आने वाले दिनों में इस शेयर पर करीबी नजर रखनी चाहिए।

ओपनएआई में मस्क के निवेश पर अनिश्चितता कायम

नयी दिल्ली, एजेंसी। ओपनएआई के बोर्ड से 2018 में बाहर निकलने के बाद टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क समय-समय पर इसकी आलोचना करते रहे हैं। हाल ही में मस्क ने एक खुले पत्र में अपनी चिंता जाहिर करते हुए ओपन एआई का संचालन करने वाली कंपनी से और अधिक शक्तिशाली एआई सिस्टम पर काम रोकने की मांग की थी। टेस्ला के शेयरधारकों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मस्क ने ओपनएआई के एक गैर-लाभकारी ओपन सोर्स इकाई से एक लाभकारी, क्लोज्ड-सोर्स संगठन में तब्दील होने की आलोचना की।

समय-समय पर मस्क ने की है ओपनएआई की आलोचना: मस्क ने कहा कि ओपन एआई को लाभकारी संगठन बनाना ऐसा ही है जैसे मान लें कि आपने अमेजन वर्षावन को बचाने के लिए एक संगठन को पैसे दिए और इसके बजाय वह संगठन लकड़ी बेचने वाली कंपनी बन जाए और जंगल को काट कर पैसे के लिए बेचने लगे। हालांकि यहां एक बात गौर करने वाली है कि मस्क ने ओपनएआई में कितना निवेश किया है इस पर अब तक अनिश्चितता बनी हुई है। मस्क ने खुद भी ओपन एआई

में अपने निवेश के बारे में कभी कुछ खुलकर नहीं कहा है।

मस्क ने मार्च में ओपनएआई को 100 मिलियन डॉलर का दान देने की बात कही थी : मार्च के मध्य में मस्क ने ट्वीट किया, ÷मैं अब भी उलझन में हूं कि एक गैर-लाभकारी संगठन जिसे मैंने 100 मिलियन डॉलर का दान दिया था, लाभ कमाने के लिए 30 बिलियन डॉलर के मार्केट कैप वाली कंपनी बन गई। अगर यह कानूनी है, तो हर कोई ऐसा क्यों नहीं करता हालांकि, अमेरिकी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने दावे को संशोधित कर दिया। इस बातचीत में उन्होंने कहा कि वे ओपनएआई में अपनी फंडिंग की सटीक राशि के बारे में अनिश्चत हैं लेकिन यह राशि लगभग 50 मिलियन डॉलर की हो सकती है।

मस्क के 100 मिलियन डॉलर के दान के दावे की नहीं हो सकी है पुष्टि: हालांकि एक टेक वेबसाइट की ओर से ओपनएआई में मस्क के निवेश की जांच करने पर पता चला कि मस्क की ओर से 100 मिलियन डॉलर के दान की पुष्टि नहीं होती है। मस्क से सीधे जुड़े दान में केवल लगभग 15 मिलियन डॉलर का ही पता चला है। जांच में ओपनएआई की मदद करने वाले अन्य दानकर्ताओं का भी पता चला। इसके अनुसार ओपन एआई में रीड हॉफमैन की भी भागीदारी थी। साथ ही शुरुआती ओपनएआई इंजीनियरों को मुफ्त टेस्ला भी दिए गए थे। इसके अलावे माइक्रोसॉफ्ट ने भी ओपन एआई में एक अरब डॉलर का निवेश किया था। ओपनएआई का वित्तीय पक्ष अपनी स्थापना के बाद से हमेशा अपारदर्शी रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ओपन एआई को करीब 133.2 मिलियन डॉलर की राशि दान की गई है।

मस्क की आलोचना से एआई टूल की पारदर्शिता और जवाबदेही पर खड़े होते हैं सवाल: हालांकि इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं है कि ओपन एआई ने मस्क ने कितनी राशि का योगदान दिया है, पर जानकार मानते हैं कि उनकी ओर से कीई गई फंडिंग 57.4 मिलियन डॉलर की हो सकती है। मस्क की समग्र वित्तीय स्थिति को देखते हुए उनके मूल दावे और वास्तविक राशि के का अंतर अपेक्षाकृत महत्वहीन है। जबकि ओपनएआई में मस्क के योगदान की सटीक सीमा अनिश्चित बनी हुई है, जांच से पता चलता है कि उनके दान .57.4 मिलियन की सीमा में होने की संभावना थी। मस्क की समग्र वित्तीय स्थिति को देखते हुए उनके मूल दावे और वास्तविक राशि के बीच विसंगति अपेक्षाकृत महत्वहीन है।ओपनएआई के वित्त पोषण और एक लाभकारी संगठन में परिवर्तन के बारे में मस्क की आलोचनाएं और सवाल एआई अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं।

झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए... विराट कोहली का छठा आईपीएल शतक

हैदराबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2023 में 18 मई की रात विराट कोहली के नाम रही। वर्ल्ड क्रिकेट के इस लिविंग लीजेंड के बल्ले से चार साल बाद आईपीएल शतक निकला। इसके साथ वह टूर्नामेंट में क्रिस गेल के सर्वाधिक छह शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर गए। 63 गेंद में 12 चौके और चार शानदार छक्के के बूते 100 रन बनाने वाले कोहली पूरी लय में नजर आए। विराट ने इस विस्फोटक पारी से हर किसी को एकबार फिर अपना मुरीद बना लिया। स्टेडियम में बैठे फैंस के साथ-साथ खुद आरसीबी के प्लेयर्स गदगद नजर आए। मोहम्मद सिराज की अगुवाई में कई युवा प्लेयर्स टीम के पूर्व कप्तान और अपने सबसे सीनियर बल्लेबाज के सजदे में सिर झुका रहे थे।

विराट के 500 रन पूरे

विराट ने चौके के साथ 35 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की, इसके बाद उन्होंने ज्यादा स्ट्राइक लेना शुरू किया और फाफ डुप्लेसिस के मुकाबले ज्यादा आक्रामक हो गए। इस दौरान उन्होंने इस सीजन अपने 500 रन भी पूरे कर लिए। यह कुल छठी बार है जब विराट ने आईपीएल एक सीजन में 500 प्लस रन बनाए हैं। इस सीजन 500 रन के मार्क को छूने वाले वह कुल चौथे और फाफ के बाद आरसीबी के दूसरे बल्लेबाज बने। 18वें ओवर में भुवनेश्वर की गेंद पर सिक्स जड़कर विराट ने 62 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। अगली ही गेंद पर विराट बाउंड्री पर कैच आउट हो गए। 172 रन पर टीम का पहला विकेट गिरा, तब तक नतीजा तय हो चुका था।

नतमस्तक हुई बाउंड्री पर खड़ी पूरी टीम

शानदार लय में विराट

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर किसी भी तरह जीत हासिल करने का दबाव पहले से था। इस पर हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन (104) ने आईपीएल करियर की पहली शतकीय पारी खेलकर सामने 187 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखकर इस दबाव को दोगुना कर दिया, लेकिन आरसीबी के दो सबसे अनुभवी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली ने इसका जवाब चारगुने ताकत के साथ दिया। विराट ने 63 गेंद पर 100 जड़ डाला वहीं फाफ ने 47 गेंद पर 71 रन ठोके। विराट ने अपनी पारी में 12 फोर और 4 सिक्स उड़ाएं तो वहीं फाफ ने 7 चौके और 2 सिक्स लगाए। इन दोनों की पारी ने टीम की चार गेंद रहते आठ विकेट से जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में वह चौथे स्थान पर पहुंच गया और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें प्रबल हो गईं।

आईपीएल में पहली बार हुआ यह करिश्मा

कोहली और क्लासेन के शतक ने रचा इतिहास

हैदराबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2023 का 65वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच बीते गुरुवार को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में

मेहमान टीम बैंगलोर ने हैदराबाद पर 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब आरसीबी प्लेऑफ के एक कदम और करीब आ गई है। वहीं इस मुकाबले में एक नहीं बल्कि दो खिलाड़ियों ने शतक जड़े। एक तो सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने लगाया जबकि दूसरा रन मशीन विराट कोहली ने जड़ा। दोनों प्लेयर्स के एक ही मैच में शतक लगाने के बाद एक खास रिकॉर्ड बना। इससे पहले यह आईपीएल में कभी देखने को नहीं मिला।

क्लासेन और कोहली के शतक ने बनाया खास रिकॉर्ड – आपको बता दें कि सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक मध्य क्रम के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने 51 गेंद पर नाबाद 104 रन की जबरदस्त शतकीय पारी खेली। उनकी इस आतिशी पारी में 8 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के भी शामिल थे। इसके अलावा विराट कोहली ने 62 गेंद में अपने आईपीएल करियर का छठा शतक पूरा किया। कोहली के बल्ले से इस लाजवाब इनिंग्स में 12 चौके और 4 छक्के देखने को मिले। इन दोनों खिलाड़ियों के शतक जड़ने से एक खास रिकॉर्ड भी बना। दरअसल, आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब किसी एक मैच में दोनों टीमों से खिलाड़ियों ने एक-एक शतक जड़ा हो। इसी के साथ ऐसा आईपीएल में तीसरी बार देखने को मिला जब एक मैच में दो खिलाड़ियों ने शतक लगाया हो। इससे पहले यह कारनामा विराट कोहली-एबी डीविलियर्स, डेविड वॉर्नर-जॉनी बेयरस्टो ने किया है।

शतक ठोकते ही कोहली ने अनुष्का को किया वीडियो कॉल

पति की पारी पर वाइफ का था ऐसा रिएक्शन



हैदराबाद (एजेंसी)। गुरुवार को आईपीएल 2023 के 65वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला ताबड़तोड़ तरीके से बोला। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 187 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने 63 गेंदों में 12 चौके और 4 छक्कों की मदद से 100 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। वहीं कोहली ने इस मैच के बाद टीम की जीत और अपने शतक की खुशी वीडियो कॉल के जरिए अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ साझा की।

हैदराबाद के शतक लगाने के बाद कोहली अनुष्का को वीडियो कॉल करते हुए दिखाई दिए। वैसे तो अनुष्का ज्यादातर मैच देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहती हैं, लेकिन इस मैच में वह स्टेडियम में मौजूद नहीं थी। वहीं कोहली ने इस मैच का रोमांच अनुष्का के साथ इस अंदाज में साझा किया।अनुष्का ने भी पति विराट कोहली की शतक की खुशी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा की। अनुष्का कोहली की फोटो साझा करते हुए लिखा, क्या शानदार पारी थी।

टेस्ट क्रिकेट के विकास के लिये भुगतान में अंतर मिटाना जरूरी : पोंटिंग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि छोटे टेस्ट देशों के खिलाड़ियों को भी टेस्ट खेलने के लिये अच्छा भुगतान किया जाये । पोंटिंग ने वेस्टइंडीज के

क्रिकेटरों का उदाहरण दिया जो वित्तीय कारणों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देते हैं । सात जून से भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ओवल पर होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले आईसीसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पोंटिंग से पूछा गया था कि क्या टी20 लीग के दौर में युवा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे । आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा ,'' अलग अलग देशों में इस सवाल के अलग अलग जवाब है । वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले युवाओं को तराशना काफी मुश्किल होता जा रहा है ।''

उन्होंने कहा ,'' फ्रेंचाइजी लीग की तुलना में उन्हें उतना पैसा नहीं मिलता । श्रीलंका और बांग्लादेश का भी यही हाल है । भारत , इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया में ऐसा नहीं है जहां टेस्ट क्रिकेट खेलने पर अच्छा पैसा मिलता है और अधिकांश क्रिकेटर टेस्ट खेलना चाहते हैं । आईसीसी को यहां अहम भूमिका निभानी होगी ।''

उन्होंने कहा ,'' अंतरराष्ट्रीय टेस्ट देशों में टेस्ट खेलने पर भुगतान लगभग समान होना चाहिये । आईसीसी में उच्च स्तर पर इस पर बात की गई है । भारत में मेरा मानना है कि अधिकांश युवा 'बैगी ब्लू कैप' पहनना चाहते हैं और आस्ट्रेलिया में 'बैगी ग्रीन' ।''

केकेआर-एलएसजी

आज कोलकाता पर जीत से लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगा लखनऊ

कोलकाता (एजेंसी)। फुटबॉल की स्थानीय दिग्गज टीम मोहन बागान के रंग की जर्सी पहनकर ईडन गार्डन्स पर उतरने के लिए तैयार लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत दर्ज करके लगातार दूसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाना चाहेगी। केकेआर के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसकी टीम विजयी संयोजन तैयार करने में नाकाम रही है। इसका परिणाम यह रहा कि उसे अभी तक 13 मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा और इनमें से चार मैच उसने अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर गंवाए।

केकेआर के बल्लेबाज अब भी लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं जबकि उसके तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभव की कमी साफ नजर आती है। इसके अलावा उसका क्षेत्ररक्षण भी दोयम दर्जे का रहा है। रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन से

केकेआर की टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना अभी समाप्त नहीं हुई है। जिस तरह के समीकरण बन रहे हैं उसमें चार टीम 14 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन कर सकती हैं और ऐसे में बेहतर नेट रन रेट वाली टीम प्लेऑफ में पहुंचेगी।

केकेआर के अभी 12 अंक हैं और उसे न सिर्फ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी बल्कि पंजाब किंग्स (बनाम राजस्थान रॉयल्स), गुजरात टाइटन्स (बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और सनराइजर्स हैदराबाद (बनाम मुंबई इंडियंस) की जीत के लिए भी प्रार्थना करनी होगी। लखनऊ की टीम हालांकि इस तरह के समीकरण में नहीं फंसी हुई है और वह जीत दर्ज करने पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी।

लखनऊ की टीम अच्छी लय में दिख रही है। केएल राहुल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से क्रुणाल पंड्या ने कप्तानी की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई है विशेषकर मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने 177 रन के स्कोर का बचाव करते हुए अपने कप्तानी कौशल का अच्छा नमूना पेश किया था। मुंबई के खिलाफ मार्कस स्टोइनिस ने अपने आक्रामक तेवरों का अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गेंदबाजी में मोहसिन खान और रवि बिश्नोई प्रभावी साबित हुए। लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इस मैच में मोहन बागान के रंग की जर्सी पहनेगी। इन दोनों टीमों का मालिक आरपी संजीव गोयनका ग्रुप है।

टीम इस प्रकार हैं

कोलकाता नाइट राइडर्स– नीतीश राणा (कप्तान), जेसन रॉय, रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लोकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और आर्या देसाई।

लखनऊ सुपरजाइंट्स– क्रुणाल पंड्या (कप्तान), आयुष बडोनी, करण शर्मा, मनन वोहरा, क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस, कृष्णप्पा गौतम, दीपक हुड्डा, काइल मेयर्स, अवेश खान, मोहसिन खान, मार्क वुड, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, निकोलस पूरन, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, डेनियल सैम्स, अमित मिश्रा, प्रेरक मांकड़, स्वप्निल सिंह, नवीन उल हक, युद्धवीर चरक और करुण नायर।

पहलवानों की जायज मांगें पूरी हों, निष्पक्ष जांच हो: सचिन पायलट

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि प्रदर्शनकारी पहलवानों की 'जायज मांग' जल्द से जल्द पूरी करके देश के कानून के दायरे में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में पायलट सुबह जंतर मंतर पहुंचे थे।

प्रदर्शनकारी पहलवान एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पायलट ने कहा,'' जो भी मेरी बात सुन रहे हैं उन से मेरा अनुरोध है कि खिलाड़ियों की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और देश के कानून और संविधान के तहत कार्रवाई की जाए। (संविधान में) इसका स्पष्ट उल्लेख है कैसे कार्रवाई की जानी चाहिए।'' पहलवानों ने बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए 21 मई की समय सीमा तय की है। ऐसा न करने पर वे खापों और गांवों के वरिष्ठ जनों से मिलकर आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए रूपरेखा तय करेंगे।पायलट ने कहा,'' पिछले 26-27 दिनों से हमारे चोटी के खिलाड़ी पीड़ा झेल रहे हैं। वे अपने साथ हुए गलत काम के लिए कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। वे इतने दिनों से गुहार लगा रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें उचित सम्मान मिले। हम चाहते हैं कि उनकी आवाज सुनी जाए और उन्हें न्याय मिले।'' उन्होंने कहा,'' पहलवान जो मांग कर रहे हैं हम उसकी निष्पक्ष जांच चाहते हैं। उन्होंने हमारा गौरव बढ़ाया है। कानून के दायरे में उनकी बात सुनी जानी चाहिए। अगर उन्हें न्याय देने में देरी हो रही है, तो हमें आत्मचिंतन करना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है और किसके दबाव में हो रहा है।

यौन उत्पीड़न रोकथाम संबंधी नीति को एसजीएम में मंजूरी देगा बीसीसीआई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड अहमदाबाद में 27 मई को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक (एसजीएम) में यौन उत्पीड़न रोकथान (पीओएसएच) संबंधी नयी नीति को मंजूरी देगा । इसके साथ ही अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों की देखरेख के लिये कार्यसमूह का गठन भी किया जायेगा ।

एसजीएम के पांच सूत्रीय एजेंडे में बुनियादी ढांचा विकास और सब्सिडी उपसमिति का गठन, प्रदेश टीमों में फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर की नियुक्ति संबंधी दिशा निर्देश, आईसीसी विश्व कप 2023 के लिये कार्यसमूह का गठन, महिला प्रीमियर लीग की समिति का गठन और यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति को स्वीकृति देना शामिल है । बीसीसीआई के पूर्व सीईओ राहुल जोहरी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद बीसीसीआई ने चार सदस्यीय आंतरिक शिकायत समिति बनाई थी लेकिन संशोधित नीति में नयी समिति में और सदस्यों को जोड़ा जायेगा । विश्व कप कार्यसमूह में बीसीसीआई अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष , कार्यवाहक सीईओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी होंगे । बोर्ड ने विश्व कप के मैचों की मेजबानी कर रहे सभी स्टेडियमों का बुनियादी ढांचा बेहतर करने के लिये कोष आवंटित कर दिये हैं । महिला प्रीमियर लीग समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि टूर्नामेंट के लिये विंडो जल्दी से तय कर लिया जाये । एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने पीटीआई को बताया ,'' इस साल आस्ट्रेलियाई महिला टीम फरवरी के तीसरे सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी लिहाजा उसके बाद ही महिला प्रीमियर लीग हो सकती है । दीवाली के समय पुरूषों का विश्व कप होना है ।'

शारजाह मास्टर्स शतरंज

गुकेश समेत प्रमुख खिलाड़ियों की जीत से शुरुआत

शारजाह (एजेंसी)। वर्ष 2023 के सबसे मजबूत इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर ओपन शतरंज टूर्नामेंट में पहले राउंड में भारत के लगभग सभी प्रमुख खिलाड़ियों नें अच्छे परिणाम हासिल किए । बड़ी बात यह की इस टूर्नामेंट में 31 देशो के 78 खिलड़ी खेल रहे है जो सभी के सभी ग्रांड मास्टर है और टूर्नामेंट की औसत रेटिंग 2618 है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है । पहले बोर्ड पर शीर्ष वरीय ईरान के परहम मघसूदलू नें यूएसए के यू क्रिस्टोफर को अपनी शानदार ओपनिंग की तैयारी से काले मोहोरो से मात देकर अच्छी शुरुआत की तो पहले राउंड में भारत के शीर्ष खिलाड़ी और दूसरे वरीय डी गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से ब्राज़ील के वेसकोवी गिओवनी को पराजित कर अपना खाता खोला तो तीसरे वरीय भारत के विदित गुजराती को रूस के युवा ग्रांड मास्टर मुरजिन वोलोदर नें ड्रॉ पर रोक लिया । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आठवे बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी नें पोलैंड के पीओरून कैस्पर को ,नौवे बोर्ड पर प्रज्ञानन्दा नें टर्की के सनल वाहप को तो निहाल सरीन नें 16वें बोर्ड पर ग्रीस के निकोलस थेओड़ोरौ को पराजित कर शानदार शुरुआत की तो 44वे वरीय लियॉन मेन्दोंसा नें पांचवें वरीय रूस के सनन सुग्रीओव से ड्रॉ खेला ।

आज चेन्नई की निगाह प्लेऑफ में जगह बनाने की होगी

जीत के साथ सत्र का समापन करने उतरेगी दिल्ली

नयी दिल्ली (एजेंसी)। करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को यहां होने वाले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। दिल्ली की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है और वह जीत के साथ इस सत्र का समापन करके चेन्नई के समीकरण बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। चेन्नई की टीम अभी 13 मैचों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन दिल्ली के खिलाफ हार से उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ जाएगी। इस मैच में जीत से चेन्नई का प्लेऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहेगी या नहीं इसका निर्धारण लखनऊ सुपरजाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच से तय होगा। लखनऊ के भी 15 अंक हैं लेकिन चेन्नई का नेट रन रेट उससे बेहतर है। फिरोज शाह कोटला का विकेट धीमा है जो कि चेन्नई की रणनीति के अनुकूल है। राष्ट्रीय राजधानी में संभवतः अपना आखिरी मैच खेल रहे धोनी परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। बल्लेबाजी चेन्नई का मजबूत पक्ष है। शीर्ष क्रम में डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड और अजिंक्य रहाणे टीम को अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। अंबाती रायडू, रविंद्र जडेजा और मोईन अली को हालांकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे का अच्छा साथ देने की जरूरत है। धोनी ने अंतिम ओवरों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा नमूना पेश किया है और टीम को कप्तान से फिर से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में तुषार देशपांडे महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट

हासिल किए हैं जबकि श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्ष्णा ने भी अच्छा प्रभाव छोड़ा है। जहां तक दिल्ली का सवाल है तो उसने पहले चरण में लगातार पांच मैच गंवाए लेकिन इसके बाद उसने कुछ लय हासिल की और अगले आठ में से पांच मैचों में जीत दर्ज की।

टीम इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स– डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिच नार्जे, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, यश ढुल, प्रियम गर्ग।

चेन्नई सुपर किंग्स– एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दूबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, बेन स्टोक्स, महेश तीक्ष्णा।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

संक्षिप्त समाचार

शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने मॉडल को गोली मारी, फिर खुद ही अस्पताल में भर्ती करा हुआ फरार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में एक मॉडल को गोली मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी युवती का दोस्त है। उसने शादी का दबाव बनाने पर अपनी प्रेमिका को गोली मार दी। उसके बाद खुद ही युवती को गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गया। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज कर 30 वर्षीय आरोपी धीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। धीरज के पास से अवैध पिस्तौल, एक लग्जरी कार और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि पीड़िता अपने परिवार के साथ कापसहेड़ा इलाके में रहती है। 14 मई की रात अस्पताल ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने युवती की पहचान कर उसके परिजनों को वारदात की जानकारी दी। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी धीरज ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि युवती उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी, जबकि वह ऐसा नहीं चाहता था। गोली युवती के पेट में लगी है। वह डॉक्टरों को अपना और दोस्त का नाम बताकर बेसुध हो गई थी। मॉडल गुरुग्राम में सेक्टर-43 में रहती है। वह अपने बॉयफ्रेंड धीरज के पास गई थी जो कापसहेड़ा में रहता है। युवक जिस फॉर्च्यूनर गाड़ी में लेकर उसे अस्पताल पहुंचा था, वह शाइना की ही बताई जा रही है। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, मॉडल अस्पताल पहुंचने के बाद कुछ देर तक बातचीत करती रही। उसने अपना नाम-पता भी बताया। साथ ही अपने बॉयफ्रेंड का नाम धीरज बताया था। इसके बाद वह बेसुध हो गई।

सिक्किम में हादसे का शिकार हुई छात्रों से भरी स्कूल बस; कुल 26 लोग घायल, 12 की हालत गंभीर

गंगटोक, एजेंसी। सिक्किम में एक स्कूल बस के दर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद करीब 26 लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे को लेकर पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक यह दर्घटना ईस्ट सिक्किम जिले में हुई है। कुल घायलों में करीब 23 छात्र हैं और तीन अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा राज्य की राजधानी गंगटोक से लगभग 40 किलोमीटर दूर ईस्ट सिक्किम जिले के माखा के बाहरी इलाके सिंगबेल में हुआ है। हादसे में घायल 26 लोगों में 23 छात्र, एक ड्राइवर और दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

हीरा कारोबारी जनक बाबारिया ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दी चुनौती

सूरत , एजेंसी। बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार चर्चा में बने हुए हैं। कभी अपने बयान को लेकर तो कभी उनकी सभा में जुटने वाली भीड़ की वजह से। बिहार के बाद अब वह गुजरात में दरबार लगाने वाले हैं। इस बीच सूरत के एक व्यापारी ने उन्हें डायमंड चैलेंज दिया है। उनका कहना है कि यदि धीरेंद्र शास्त्री ने चैलेंज को जीत लिया तो करोड़ों के हीरे उनके कदमों में समर्पित कर देंगे। अभी बागेश्वर धाम की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। सूरत के हीरा कारोबारी जनक बाबारिया ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए धीरेंद्र शास्त्री को चैलेंज दिया है। उन्होंने कहा कि 26-27 मई को सूरत में लगने जा रहे दरबार में वह मंच पर चमत्कार दिखाने की चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, मैं 500 से 700 कैरेट के पॉलिश्ड डायमंड एक पैकेट में बंद करके ले जाना चाहता हूं। यदि बाबा कह देंगे कि इसमें हीरों की संख्या कितनी है तो मैं उनके चमत्कारिक शक्ति को स्वीकार कर लूंगा और वह पैकेट बाबा के चरणों में समर्पित कर दूंगा। खुद को अंधविश्वास के खिलाफ काम करने वाला बताते हुए बाबरिया ने कहा कि वह दरबार में चमत्कार और अंधविश्वास जैसी चीजों का विरोध करेंगे।

नवीन पटनायक को है भरोसा, 2024 में मोदी ही बनेंगे पीएम

भुवनेश्वर, एजेंसी।
कर्नाटक में भगवा किले को ध्वस्त करते हुए कांग्रेस ने दक्षिण में बीजेपी के द्वार जरूर बंद कर दिए लेकिन, ओडिशा के मुख्यममत्री नवीन पटनायक को लगता है कि 2024 में नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और बीजेपी एक बार फिर बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रहेगी। बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक की यह भविष्यवाणी इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल के दिनों में नीतीश कुमार और ममता बनर्जी ने उनसे मुलाकात कर विपक्षी एकजुटता दिखाने की कोशिश की थी। पटनायक ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान गैर बीजेपी दलों की संभावित एकता को एक तरफा बताते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी तीसरे मोर्चे का हिस्सा नहीं होंगे और उनकी पार्टी बीजेडी 2024 के आम चुनाव में अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों की भविष्यवाणी की। अन्य गैर-बीजेपी दलों को जोरदार झटका देते हुए पटनायक ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि पीएम मोदी अगले तीन से चार साल में पुरी में हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। उनकी बातों से स्पष्ट है कि वह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में फिर बीजेपी सरकार को लेकर आश्वस्त हैं।

पटनायक का विपक्षी एकता को झटका: नवीन ने एक कार्यक्रम में कहा, मुझे उम्मीद है कि आपके सहयोग और समर्थन से, तीन से चार साल के भीतर, यह हवाईअड्डा तैयार हो जाएगा और माननीय प्रधानमंत्री पुरी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करने के लिए श्रीक्षेत्र आएंगे। पटनायक का यह बयान गैर-प्रमुख बीजेपी दलों की विपक्षी एकता के खिलाफ आया है। विशेष रूप से ऐसे वक्त में जब कांग्रेस ने कर्नाटक में भगवा पार्टी के किले ध्वस्त करते हुए दक्षिण में बीजेपी के लिए द्वार बंद कर दिए। साथ ही बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उस पहल को भी झटका दिया, जब हाल ही में उन्होंने ओडिशा पहुंचकर नवीन पटनायक से मुलाकात कर विपक्षी एकता दिखाने की कोशिश की थी। 11 मई को नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद, हवाईअड्डा परियोजना पर चर्चा करने के लिए नवीन ने घोषणा की कि वह किसी तीसरे मोर्चे का हिस्सा नहीं होंगे और उनकी पार्टी बीजेडी 2024 के आम चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी। वंदे भारत के उद्घाटन के मौके पर नवीन ने पीएम के साथ प्रस्तावित हवाईअड्डे पर विस्तृत चर्चा का जिक्र किया। नवीन ने वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत को भारत में बुलेट ट्रेन लाने के सपने को पूरा करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बताया।

गिफ्ट लाया था साथ, गले मिलकर रोया भी ; ग्रेटर नोएडा की यूनिवर्सिटी में कत्ल और खुदकुशी की पूरी कहानी

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।
ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली क्षेत्र के चिटहरा गांव के पास स्थित शिव नादर विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को एक छात्र ने अपने साथ पढ़ने वाली छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी हॉस्टल के कमरे में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दोनों ही 21 साल के थे और बीए थर्ड ईयर सोशलॉजी के विद्यार्थी थे और हॉस्टल में रहकर ही पढ़ाई कर रहे थे।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा एसएम खान ने कहा, गुरुवार दोपहर 1ः30 बजे, शिव नादर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस को फोन कर बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में डाइनिंग हॉल के बाहर एक छात्रा की उसके साथ पढ़ने वाले लड़के ने गोली मारकर हत्या कर दी है। कानपुर की रहने वाली घायल छात्रा स्नेहा चौरसिया को तुरंत ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

आरोपी छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि दोनों छात्र लंबे समय से रिलेशन में थे, लेकिन हाल ही में उनके संबंधों में खटास आ गई थी। जांचकर्ता ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, हॉल बंद था, लेकिन उसके दरवाजे शीशे के थे। दोपहर करीब एक बजे दोनों छात्र-छात्रा उसके बाहर मिले। सीसीटीवी फुटेज में दोनों गले मिलते और आपस में कहासुनी करते देखा जा सकता है। लड़का छात्रा को देने के लिए संभवतः एक गिफ्ट जैसा कुछ साथ लाया था। छात्रा को पार्सल लेने से इनकार करते देखा जा सकता है, जिसके बाद छात्र ने उसके पेट में गोली मार दी। गोली लगने पर उसने छात्र से लड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने उसे फिर से गोली मार दी और वह गिर पड़ी। इसके बाद आरोपी छात्र को बॉयज हॉस्टल की ओर भागते देखा गया। जांच अधिकारी ने कहा कि यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हालांकि, गोली मारने का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था क्योंकि विश्वविद्यालय में 17 मई से ग्रीष्मावकाश हो चुका है। शिव नादर विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा, आज विश्वविद्यालय के दो छात्रों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत से हमें गहरा दुख और पीड़ा हुई है।

गिरफ्तार युवकों को प्रताड़ित करने पर दो पुलिसकर्मी निलंबित; भाजपा के खिलाफ दिखाए थे बैनर

मंगलुरु, एजेंसी।
पुत्तूर में पार्टी की चुनावी हार के बाद भाजपा नेताओं नलिन कुमार कतील और डी वी सदानंद गौड़ा के खिलाफ अपमानजनक बैनर लगाने के आरोप में दो युवकों पर पुलिस अत्याचार के मामले में पुत्तूर ग्रामीण सब इंस्पेक्टर श्रीनाथ रेड्डी सहित दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

पुत्तूर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की हार के लिए कतील और गौड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चप्पल की माला के साथ का बैनर पुत्तूर में लगाया गया था। मामले में पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। उनमें से दो को हिरासत में प्रताड़ित किया गया, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

निलंबन आदेश जारी करने वाले दक्षिण कन्नड़ जिले के पुलिस अधीक्षक विक्रम अमाथे ने भी कहा कि हिरासत में यातना के संबंध में पुत्तूर के पुलिस उपाधीक्षक वीरय्या हिरेमुत्त के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। अभि उर्फ अविनाश (26) और गुरुप्रसाद (24) पर गिरफ्तारी के बाद अत्याचार का शिकार हुए थे, उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अविनाश के पिता ने अपनी शिकायत में पुत्तूर के पुलिस उपाधीक्षक, ग्रामीण सब इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी हर्षित को युवकों को प्रताड़ित करने वालों में नामजद किया था। इस बीच, मेंगलुरु सिटी कमिश्नर कुलदीप कुमार आर जैन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद सोशल मीडिया पर नफरत से भरे भड़काऊ पोस्ट करने के खिलाफ लोगों को आगाह किया है। आयुक्त ने कहा कि ऐसी पोस्ट करने वाले व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा और जनता से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा।

पूर्व क्रिकेटर नोएडा में चला रहा था फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज, ऐसे लगाते थे सरकार को चूना; एसटीएफ ने 3 को दबोचा

नोएडा , एजेंसी।
नोएडा एसटीएफ ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये लोग भारत सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे। गिरोह का सरगना हरियाणा के गुरुग्राम का आशुतोष बोरा है जो झारखंड की टीम से रणजी ट्रॉफी के लिए मैच खेल चुका है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोग सेक्टर-132 में फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन कर रहे हैं। एसटीएफ टीम ने दूरसंचार विभाग और टाटा टेली सर्विसेस के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को साथ लेते हुए एक्सचेंज को आपरेट करने वाले लोगों से पूछताछ की तो फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा हुआ। यहां काम करने वाले

तीनों लोगों को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि यहां से खाड़ी के देशों के अलावा पाकिस्तान और मालदीव की कॉल को नोएडा में लैंड कराया जाता था। आरोपियों की पहचान गुरुग्राम के आशुतोष बोरा, अभिषेक श्रीवास्तव और कानपुर के मूलगंज के मोहम्मद शोएब के रूप में हुई है।

आरोपियों की निशानदेही पर पांच सीपीयू, चार मोबाइल, छह वाईफाई राउटर, 45 डेबिट और क्रेडिट कार्ड बरामद हुए हैं। बीते सात माह से नोएडा में ठगी का खेल चल रहा था।

जेल में धोखाधड़ी करनी सीखी ः जेल में रहने के दौरान आशुतोष की मुलाकात दिल्ली के सोनू कुमार से हुई। सोनू से उसका संपर्क दुबई में बैठे मोहम्मद अली से हुआ। सोनू से ही आशुतोष ने एक्सचेंज संचालित करना सीखा। अली का इसी प्रकार से सर्वर दुबई में काम कर रहा था,जिसको बोरा ने अपने एक्सचेंज से जोड़ रखा था। इसका इस्तेमाल विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में भी किया जा रहा था।

हवाला से आती थी रकम ः पूछताछ में सामने आया है कि एक्सचेंज का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में भी किया जाता था। इसका इस्तेमाल फिरौती और हवाला में भी होता था। इसी प्रकार की एक रैंसम कॉल जिसमें दो बच्चे गायब थे उसके घरवालों को इसी सर्वर से कॉल की गई थी। मोहम्मद अली दुबई से हवाला के जरिये 25 पैसे प्रति मिनट के हिसाब से पैसा आशुतोष के पास भेजता था। गिरोह का सरगना 35 वर्षीय आशुतोष बीए पास है। झारखंड रणजी और अंडर-19 में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने पर आशुतोष ठगी और धोखाधड़ी के काम में संलिप्त हो गया। नए खिलाड़ियों को रणजी और इंडियन प्रीमियर लीग के मैच खिलाने का प्रलोभन देकर ठगी कर रहा था।

शिव नादर यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्रा की हत्या कर साथी छात्र ने दी जान, मर्डर की वजह बनी रहस्य

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली क्षेत्र के चिटहरा गांव के पास स्थित शिव नादर विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को एक छात्र ने अपने साथ पढ़ने वाली छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद छात्र ने हॉस्टल के कमरे में जाकर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दोनों बीए थर्ड ईयर सोशलॉजी की पढ़ाई कर रहे थे। अभी हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस दोनों के बीच प्रेम प्रसंग के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज, पुलिस और वहां पढ़ने वाले छात्रों के अनुसार, वारदात से पहले अनुज स्नेहा का कैंटीन के गेट पर इंतजार कर रहा था। स्नेहा पहुंची तो अनुज ने उसे गले लगा लिया। दोनों रोए, फिर उनमें कुछ विवाद हुआ और इसी बीच अनुज ने स्नेहा को हल्का धक्का मार दिया, जिससे वह नीचे गिर गई। इसके बाद पिस्टल से उस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की प्राथमिक जांच में स्नेहा को दो गोली लगने की बात सामने आई है। छात्र द्वारा छात्रा को गोली मारने की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दोनों की उम्र करीब 22 साल थी। मूलरूप से कानपुर की रहने वाली स्नेहा चौरसिया और अमरोहा का अनुज विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहते थे। छात्रों के अनुसार, अनुज और स्नेहा में अच्छी दोस्ती थी। दोनों के परिवार खेती-किसानी से संबंध रखते हैं। दोनों की बीए की परीक्षाएं 12 मई को समाप्त हुईं। परीक्षा के बाद अधिकांश छात्र घर चले गए। हॉस्टल में रुके हुए करीब 20 फीसदी छात्र 26 मई को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटे थे। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे अनुज और स्नेहा कैंटीन के गेट पर मिले और बातचीत के बाद युवक ने छात्रा पर दो गोलियां दाग दीं। सीसीटीवी फुटेज में घटना से पहले दोनों झगड़ते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

प्लेन क्रैश के 17 दिन बाद भी जिंदा हैं 4 मासूम बच्चे, जंगलों में फल खाकर कर रहे गुजारा

बोगोटा, एजेंसी।
प्लेन क्रैश के 17 दिन बाद चार मासूम बच्चे जीवित हो सकते हैं। यह चौंकाने वाला मामला लैटिन अमेरिकी देश कोलंबिया का है। कोलंबिया में एक विमान दुर्घटना के 17 दिन बाद चार बच्चे जंगल में भटक रहे हैं। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के बयान के अनुसार इन चार बच्चों में एक महज 11 महीने का है। हालांकि, अभी तक बच्चों के बचाए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का कहना है कि इस बात की कोई पुष्टि नहीं है कि प्लेन क्रैश के बाद लापता हुए चार बच्चों को बचा लिया गया है या नहीं। खोज दलों को जंगल में बच्चों के सामान के साथ-साथ एक अस्थायी रहने का ठिकाना मिला है। वहां से कैंची मिली हैं। इससे सेना

को यकीन हो रहा है कि दुर्घटना के बाद से बच्चे घने अमेजन के जंगलों में अकेले भटक रहे हैं।

राष्ट्रपति पेट्रो ने कहा कि बच्चों के बचाव के बारे में जानकारी सत्यापित नहीं की जा सकी। चार बच्चों में सबसे बड़े बच्चे की उम्र 13 साल है। 1 मई को जब प्लेन क्रैश हुआ था तब चार बच्चों के अलावा, उनकी मां एक पायलट और एक सह-पायलट छोटे विमान में सवार थे। हादसे में बाकी तीनों की मौत हो गई है। लेकिन बचाव दल को वहां बच्चे नहीं मिले। जिसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया।

कोलंबिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि विमान दुर्घटना के बाद मदद पाने के लिए बच्चे जंगल में काफी दूर चले गए हैं। बचाव दल और उसमें शामिल खोजी कुत्तों को बच्चों के खाए गए फल मिले हैं। बच्चे जंगल में इन्ही फलों को खाकर जीवन गुजार रहे थे। खबरों के मुताबिक, सेना को जंगली पेड़ पौधों की घनी छांव से बना आशियाना भी मिला है।

इससे पहले बच्चों के कथित बचाव के बारे में खबर खुद राष्ट्रपति ने बुधवार दोपहर को दी थी। उन्होंने ट्वीट किया कि कठिन खोज प्रयासों के बाद बच्चे बचा लिए गए हैं। लेकिन 24 घंटे से भी कम समय के बाद, उन्होंने अपना ट्वीट डिलीट कर लिया।

बाद में उन्होंने लिखा, मैंने ट्वीट को हटाने का फैसला किया है क्योंकि कोलंबिया की बाल कल्याण एजेंसी द्वारा प्रदान की गई जानकारी की पुष्टि नहीं की जा सकी। जो हुआ उसके लिए मुझे खेद है। हमारी सेना और

दुनिया की सबसे खराब मानवीय आपदा से जूझ रहा अफगानिस्तानः एचआरडब्ल्यू रिपोर्ट

काबुल, एजेंसी।
ह्यूमन राइट्स वॉच ने एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अफगानिस्तान दुनिया की सबसे खराब मानवीय आपदाओं में से एक बना हुआ है और एनजीओ के लिए काम करने वाली महिलाओं पर प्रतिबंध के बाद यह संकट और गहरा गया है। टोलोन्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान की दो-तिहाई आबादी खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 875,000 बच्चे गंभीर कुपोषण का सामना कर रहे हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने कहा, अफगानिस्तान मीडिया से काफी हद तक गायब हो गया है, लेकिन यह दुनिया की सबसे खराब मानवीय आपदाओं में से एक से जूझ रहा है। देश की दो-तिहाई आबादी खाद्य असुरक्षित है, जिसमें 875,000 बच्चे गंभीर कुपोषण का सामना कर रहे हैं। महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, मेरे पास जो अतिरिक्त जानकारी है, वह यह है कि अफगानिस्तान में मानवीय स्थिति गंभीर बनी हुई है और हमारे संसाधन कम हैं। इससे पहले, विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अफगानिस्तान उन सात देशों में से एक है, जो खाद्य संकट के भयावह स्तर का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सात खाद्य संकटग्रस्त देशों में अफगानिस्तान, बुर्किना फासो, हैती, नाइजीरिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और यमन शामिल हैं। इन देशों में खाद्य संकट का सामना करने वाले लोगों की संख्या 2017 में ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस के आंकड़ों की रिपोर्टिंग शुरू करने के बाद से सबसे अधिक है।

सिंगापुर में बुजुर्ग भारतीय की हत्या के मामले में घरेलू नौकरानी दोषी

सिंगापुर, एजेंसी।
2018 में अपने नियोक्ता की हत्या के मामले में म्यांमार निवासी घरेलू नौकर को दोषी ठहराया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने गुरुवार को बताया कि जनवरी 2018 में सिंगापुर में काम करने आई 22 वर्षीय जिन मार नवे ने दुर्व्यवहार और म्यांमार वापस भेजने की धमकी के बाद 70 वर्षीय महिला की हत्या कर दी।

25 जून, 2018 को दोनों महिलाएं फ्लैट में अकेली थीं, जब ज़िन ने रसोई से चाकू निकाला और बुजुर्ग पर कई बार वार किया। इसके बाद वह कुछ नकदी लेकर चली गई और पासपोर्ट मांगने के लिए अपनी एजेंसी गई, जहां कुछ घंटों के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद नौकरानी ने पूछताछ के दौरान वारदात में अपना हाथ होने की बात स्वीकार कर ली। जिन ने कहा कि उसकी नियोक्ता ने उसका शारीरिक शोषण और दुर्व्यवहार किया था। उसने बताया कि वह 26 मई, 2018 को अपने नियोक्ता के परिवार के यहां काम करने के लिए आई थी। जब वह नहीं समझ पाती थी कि बुजुर्ग उससे क्या करवाना चाहती है, तो वह उसके साथ दुर्व्यवहार करती थी। जिन ने कहा कि एक अवसर पर, जब वह अपने मालकिन की मालिश कर रही थी, तो उसने उसे थप्पड़ मार दिया, क्योंकि मालिश से उसे दर्द होने लगा था। हद तब हो गई,जब मालकिन ने कहा कि उसे अगले दिन एजेंट के पास वापस भेज दिया जाएगा, जिसका अर्थ होगा कर्ज में अपने मूल देश वापस जाना।

रूस ने दागीं ताबड़तोड़ मिसाइलें, यूक्रेन बोला- 29 को मार गिराया

कीव, एजेंसी।
रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और ओडेसा क्षेत्र पर गुरुवार को तड़के 30 क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनमें से 29 को यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने मार गिराने का दावा किया है। ओडेसा के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता सरहेई ब्रैतचक ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि एक रूसी मिसाइल, क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक औद्योगिक प्रतिष्ठान से जा टकराई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

ब्रैतचक ने कहा, वायु रक्षा बलों ने दुश्मन की ज्यादातर मिसाइलों को समुद्र के ऊपर मार गिराया। मिसाइल की चपेट में आ गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वहीं, कीव में अधिकारियों ने बताया कि रूस ने इस महीने नौवीं बार यूक्रेनी राजधानी को निशाना बनाया। कैस्पियन क्षेत्र के रणनीतिक बमवर्षकों ने संभवतः क्रूज मिसाइलों से इन हमलों को अंजाम दिया। हमलों के बाद रूस के टोही विमानों ने यूक्रेनी राजधानी के ऊपर उड़ान भी भरी। कीव के सैन्य प्राधिकरण के प्रवक्ता सरहेई पोपको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि कीव में धमाकों की तेज आवाज सुनाई दी और विस्फोट के बाद गिरे मलबे से एक गैराज परिसर में आग लग गई। हालांकि, हमले में हताहत लोगों की संख्या के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने रूस की क्रूज मिसाइलों के अलावा उसके दो बमवर्षक ड्रोन और दो टोही ड्रोन को भी मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी देशों द्वारा उपलब्ध कराए गए अत्याधुनिक हथियारों से और मजबूत हुई यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इस हफ्ते की शुरुआत में रूस की ओर से कीव पर बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमलों को नाकाम करते हुए उसकी ज्यादातर मिसाइलों को मार गिराया था। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी

इनहात ने कहा कि रूस ने इस हफ्ते की शुरुआत में किए गए हमलों के लिए छह किंझल एयरो-बैलिस्टिक हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को किए गए हमलों के लिए मॉस्को ने संभवतः सोवियत काल में निर्मित एक्स-101 और एक्स-55 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। यूक्रेन के कमांडर-इन-चीफ जनरल वैलेरी जालुजिह्नी ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि रूस ने बुधवार रात नौ बजे से बृहस्पतिवार तड़के साढ़े पांच बजे के बीच यूक्रेन में समुद्र, हवा और जमीन से कई मिलाइलें दागीं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129